WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, शनिवार, 15 नवंबर 2025 | शुक्ल पक्ष- दशमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 | अंक- 269 | पृष्ठ-12 | मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित



बिहार की हार का जिम्मेदार चुनाव आयोग और एसआईआर जिम्मेदार

■ ज्ञानेश कुमार बिहार की जनता पर बढ़त बनाते हुए दिख रहे हैं

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 अपने अंतिम चरण में है। मतगणना के शुरुआती रुझान में महागठबंधन बुरी तरह से पिछड़ता हुआ नजर आ रहा है, जबकि एनडीए के बार फिर से सत्ता पर अपनी पकड़ को मजबूत बनाता हुआ दिख रहा है। कांग्रेस पार्टी ने अपनी इस हालत के लिए चुनाव आयोग और एसआईआर को जिम्मेदार बताया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा की चुनाव की मतगणना के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह चुनाव उनके और बिहार की जनता के बीच सीधी लड़ाई बन गया है।

एएनआई से बात करते हुए खेड़ा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि इस मुकाबले में उनकी बढ़त बिहार की जनता पर भारी पड़ रही है। शुरुआती रुझान साफ्तौर पर बता रहे हैं कि ज्ञानेश कुमार बिहार की जनता पर बढ़त बनाते हुए दिख रहे हैं। मैं बिहार की जनता को कम नहीं मानता। उन्होंने एसआईआर और वोट चोरी के बावजूद मुकाबला किया। यह मुकाबला सीधे तौर पर बिहार की जनता और भारत के चुनाव आयोग के बीच है, अब देखते हैं कौन जीतता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक किताब है 'प्रेम से सेवा करना'। ज्ञानेश कुमार अब प्रधानमंत्री मोदी के लिए भी यही किताब लिख रहे हैं। पवन खेड़ा के अलावा कांग्रेस के दूसरे नेता उदित राज ने बिहार चुनाव में कांग्रेस और महागठबंधन की हार के लिए चुनाव आयोग और एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ÷यह भाजपा या एनडीए की नहीं, बल्कि एसआईआर की जीत है; यह एकतरफ़ा प्रतीत होता है। हमने एसआईआर का लगातार विरोध किया है और जवाब माँगा है, लेकिन चुनाव आयोग ने निर्देशानुसार जवाब दिया। चुनाव आयोग अब भी दावा कर रहा है कि उसे कोई आपत्ति नहीं मिली।÷

आपको बता दें कांग्रेस नेता की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब बिहार चुनाव की मतगणना में कांग्रेस पार्टी और उनका गठबंधन बुरी तरह से पिछड़ रहा है। वहीं, दूसरी और भाजपा और उनका गठबंधन एक बार फिर से सत्ता की तरफ बढ़ता दिख रहा है।

बिहार के नेताओं को नतीजों से चौंकने की जरूरत नहीं यह पूरा 'महाराष्ट्र मॉडल'

मुंबई। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे लगभग साफ हो गए हैं। भाजपा और जेडीयू के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भारी बहुमत के साथ सत्ता में आता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसे में विपक्षी नेताओं ने एक बार फिर से निर्वाचन आयोग और वोट चोरी के मुद्दे को उठाना शुरू कर दिया है। शिवसेना नेता संजय राउत ने बिहार विधानसभा चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी तुलना महाराष्ट्र चुनाव से की। उन्होंने कहा कि बिहार के नेताओं को नतीजों से चौंकने की जरूरत नहीं है। सोशल मीडिया

साइट एक्स पर शिवसेना यूबीटी नेता ने बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर चुनाव आयोग पर तंज कसा। उन्होंने भाजपा और निर्वाचन आयोग पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग सत्ता में आने वाले होते हैं, वह इनकी मिलीभगत की वजह से 50 सीटों के भीतर ही सिमट जाते हैं। उन्होंने लिखा, "बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों से चौंकने की जरूरत नहीं है। चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर राष्ट्रीय एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं, ऐसे में इससे अलग नतीजा आना नामुमकिन था!"

बिहार चुनाव को 'पूरी तरह महाराष्ट्र जैसा पैटर्न' बताते हुए राउत ने आगे कहा, "जिनका सत्ता में आना तय था, वे 50 के अंदर ही खत्म हो गए!"

शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने पिछले साल महाराष्ट्र चुनाव के दौरान वोट चोरी का आरोप लगाया था।

दिल्ली ब्लास्ट केस में बड़ा एक्शन उमर का घर किया ध्वस्त

दिल्ली में बम धमाका करने वाले आतंकी डॉ. उमर के साथ जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद (जीयूएच) से जुड़े तीन आतंकी 2022 में तुर्किये गए थे। वहां अंकारा में उनकी मुलाकात हैंडलर उकासा से हुई। टेलीग्राम एप पर शुरू हुई बातचीत बाद में सिग्नल और सेशन पर स्थानांतरित हो गई। इसी दौरान साजिश रची, जिनमें गाड़ियों में आईईडी से धमाके शामिल थे।

नई दिल्ली। दिल्ली धमाके में विस्फोटक से लदी कार चलाने वाले मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी के पुलवामा जिले स्थित मकान को सुरक्षा बलों ने बम से उड़ा दिया है। यह कार्रवाई देर रात की गई। आपको बता दें कि सोमवार रात लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। डॉ. उमर नबी उस हुंडई i20 कार को चला रहा था, जिसमें विस्फोटक लदे थे। विस्फोट स्थल से एकत्र किए गए डीएनए नमूने डॉ. उमर की मां के नमूनों से मेल खाने के बाद उसकी पहचान की पुष्टि हुई थी।

उमर नबी पर आरोप है कि वह पिछले दो वर्षों में कट्टरपंथी बन गया था। जांचकर्ताओं ने बताया कि वह सोशल मीडिया पर कई कट्टरपंथी मैसेजिंग ग्रुप में शामिल हो गया था।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अंतर-राज्यीय 'व्हाइट कॉलर' आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में काजीगुंड स्थित डॉ. मुजफ्फर के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए इंटरपोल से संपर्क किया है। गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में तीन डॉक्टर शामिल हैं। उनमें से एक डॉ. अदील का भाई है। आपको यह भी बता दें कि केंद्र सरकार ने दिल्ली विस्फोट के बाद अल फ्लाह यूनिवर्सिटी के सभी रिकॉर्ड का फोरेंसिक ऑडिट कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय और अन्य वित्तीय जांच एजेंसियों को इस हरियाणा-स्थित संस्थान के मनी ट्रेल की जांच करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्णय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद लिया गया, जिसमें 10 नवंबर को लाल किला के पास हुए विस्फोट की प्रगति की समीक्षा की गई। इस विस्फोट में 13 लोगों की जान चली गई थी।

भारतीय विश्वविद्यालय संघ ने अल फ्लाह यूनिवर्सिटी की सदस्यता निलंबित कर दी है। AIU की महासचिव पंकज मित्तल ने कहा, यह सूचित किया जाता है कि AIU के उपनियमों के अनुसार, सभी विश्वविद्यालय तब तक सदस्य माने जाएंगे जब तक वे अच्छी स्थिति में रहते हैं।

गिरफ्तार किए गए आठ में से सात कश्मीर से

जांचकर्ताओं ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आठ में से सात कश्मीर से हैं। मुजफ्फर भी उन डॉक्टरों की टीम का हिस्सा था जिसने 2021 में मुजम्मिल गनई और उमर नबी के साथ तुर्की का दौरा किया था। पुलिस के मुजफ्फर का पता लगाने की कोशिश करने पर पता चला कि वह अगस्त में भारत छोड़कर दुबई चला गया था और माना जाता है कि वह वर्तमान में अफगानिस्तान में है।

बिहार की जनता ने न्याय, शांति और विकास के लिए वोट दिया : गिरीराज

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा के नतीजों के रुझानों को देखकर हृष्ठ गदगद है। जैसे जैसे रुझानों में भाजपा और जेडीयू को बढ़त मिलती दिख रही है, एनडीए नेताओं के मन में उत्साह बढ़ता जा रहा है। इस बीच बिहार के नतीजे आने से पहले ही भाजपा अगले चुनाव की तैयारी में जुट गई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि बिहार में पार्टी की जीत कर बाद अगली बारी बंगाल की है। गिरिराज सिंह ने एएनआई से बातचीत के दौरान कहा, "मैं पहले दिन से ही कह रहा था कि बिहार में हमारी लैंडस्लाइड विक्ट्री होगी, 2010 की तरह होगी। मेरे सारे बयानों को देख लीजिए। जिस ढंग से वोटिंग हुई है, जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिला है, ये जीत निश्चित थी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट पक्षकार का नाम श्रीमती सरस्वती शर्मा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202511100400187/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सरस्वती शर्मा आ./पति गोविंददेव शर्मा निवासी पंचशील नगर दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बघेरा प.ह.न. 18 तह. व जिला दुर्ग	342/488	0.002 हें वर्गफीट 226.56	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202510103800011/अ-20(4)/वर्ष 25-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

दुर्ग प.ह.न. 00019 हे.

पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- प्रतिभा दानी/ अनावेदक पक्षकार :

ईश्तहार

आवेदिका प्रतिभा दानी पति वीर अभिमन्यु दानी निवासी केलाबाड़ी दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क्र. 45 डी, भूखण्ड क्र. 82/6, क्षेत्रफल 88.10 वर्गमीटर धारक जयंत कुमार आ. बिसनजी भाई नि. पचरीपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 दुर्ग के द्वारा पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 27.10.79 के परिप्रेक्ष्य में प्रश्नाधीन भूखण्ड का भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.12.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवष्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप। आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

यह ईमतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.11.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202510101000159 /ब-121/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202510101000159/ब-121/वर्ष 2025-26 में आवेदक विजय सिंह पिता स्व. केदारनाथ सिंह नवासी कैलाश नगर कुरूद मिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1586/10 रकबा 0.02 है. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। का आवासीय प्रयोजनार्थ पुननिर्धरण आदेश पारित किया गया है, जो वर्तमान में कृषि भूमि दर्ज है। जिसे ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कृषि भूमि से परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने में आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.12.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कसारीडीह, तहसील व जिला-दुर्ग

-: सीमांकन सूचनाः-

प्रति,

1. आशीष कुमार दुबे, 2. मंजू तिवारी, 3. प्रवीण कुमार बघेल, 4. आजाद चाण्डक।

न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार/तहसीलदार महोद्य के आदेश क्रमांक 1719 आदेश दिनांक 29.09.2025 के अनुसार आपको सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार गुप्ता आ. भरतप्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम पोटिया के द्वारा सीमांकन हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में सीमांकन ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 रा.नि.मं. कसारीडीह तह. दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 89/46 रकबा 0.036 हे. भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा किया जाना है। अतः सर्वसम्बंधित दिनांक 05.12.2025 को सीमांकन स्थल पर समय बजे दस्तावेज सहित उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, कसारीडीह

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202511101000056 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202511101000056/अ-06/वर्ष 2025-26 में आवेदक राजेश कुमार पिता स्व. श्याम बिहारी निवासी शांति नगर सुपेला मिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 7275/2 रकबा 0.01 हे. है। जो भूमित्याभी सीताबती प.प. स्व. श्याम बिहारी के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी सीताबती ध.प. स्व. श्याम बिहारी एथ आवेदक के पिता श्याम बिहारी की मृत्यु दिनांक 18.01.2012, 03.02.2011 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 05.12.2025 तक था उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती दामिनी साहू पति कमलेश साहू निवासी वार्ड नं. 14, ग्राम निकुम तहसील जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड नं. 5197 0393 8265 मेरा नाम दामिनी साहू (DAMINI SAHU) पति कमलेश साहू (KAMLESH SAHU) अंकित है इसी प्रकार मेरे नाम से जारी प्राथमिकता राशन कार्ड नं. 223780302146 में मेरा नाम दामिनी साहू पति कमलेश साहू अंकित है। इसी प्रकार मेरे जॉब कार्ड में मेरा नाम दामिनी साहू पति कमलेश साहू अंकित है। यह कि मेरे दाखिला पंजी में मेरा नाम शकुन बाई पिता चैतराम अंकित है। यह कि मेरा सही व वास्तविक नाम दामिनी साहू (DAMINI SAHU) पति कमलेश साहू (KAMLESH SAHU) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे दाखिला पंजी एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है। राजस्व अभिलेखा मैं दामिनी आत्मजा चैतराम गजट में कराना चाहती है। अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
दामिनी साहू पति कमलेश साहू
निवासी वार्ड नं. 14, ग्राम निकुम
तहसील जिला दुर्ग छ.ग.

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

राजस्व मामले में नोटिस

रा.प्र.क्र. /अ-06/वर्ष 2025-26

प्रति,

भिलाई गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. द्वारा अध्यक्ष जी.एस. पाण्डेय आ. एस.के. पाण्डेय मैत्रीनगर रिसाली भिलाई जिला दुर्ग।

आवेदक रोहिता नागपाल आ. स्व. आर. सी. नागपाल साकिन नेहरु नगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 2630/3 का टु. रकबा 30 वर्गमीटर हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक.. को आपसे क्रय किया था, जिसका नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त प्रकरण में आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 18.11.2025 नियत किया गया है। उपरोक्त तिथि को उपस्थित नही होन पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

जारी दिनांक 12.11.2025

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202511101000045 /ब-121/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202511101000045/ब-121/वर्ष 2025-26 में आवेदक सूर्यप्रकाश देवांगन पिता स्व. सीताराम देवांगन निवासी आनंद विहार सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि. मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 293/6 रकबा 3000 वर्गफीट भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। का आवासीय प्रयोजनार्थ पुननिर्धरण आदेश पारित किया गया है, जो वर्तमान में कृषि भूमि दर्ज है। जिसे ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कृषि भूमि से परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने में आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26.11.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202510101000063 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. डेलूराम साहू निवासी ग्राम खेदामारा द्वारा ग्राम खेदामारा प.ह.नं.11 स्थित भूमि खसरा नं. 38,529,536/1,1009,536/2 रकबा 0.520, 0.380, 0.500, 1.140, 0.020 हे. आवेदक के माता के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कृषि भूमि से परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने में आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21.11.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक : 682/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2025-26

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक शिव अहिरवार पिता बंसीलाल अहिरवार निवासी मकान नं 122 शिवाजी नगर वार्ड नं 21 सेक्टर 11 खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490011 आवेदिका नूरशमा नाज पिता असगर अली निवासी मकान नं 81 शिवाजी नगर अटल आवास वार्ड नं 28, सेक्टर 11, खुर्सीपार भिलाई दुर्ग जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490011 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 09/12/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202511104000005 /अ-06/वर्ष 2025-26

ग्राम खपरी प.ह.नं. 010

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मुन्ना लाल बंजारे पिता स्व. आनंद सिंह बंजारे, जाति सतनामी, निवासी ग्राम वार्ड नं. 09, सतनामी पारा, डॉ. कुर्रे जी क्लिनिक के पास गुढियारी तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के तहत द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम खपरी, प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. व तहसील अहिवारा स्थित भूमि खसरा नंबर 612/1, 613/1 रकबा क्रमशः 0.45, 0.22 हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.67 हे. वर्तमान अभिलेख में बुधो पति सुखीराम के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। भूमिस्वामी बुधो पति सुखीराम की मृत्यु दिनांक 05.09.2025 को हो गया है। भूधारक बुधो पति सुखीराम निः संतान थे। उक्त भूमि पर आवेदक को भूधारक बुधो पति सुखीराम अपने गोदपुत्र के रूप में अपना विधिक वारिस नियुक्त किया गया है। उक्त भूमि पर आवेदक के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियाँ / दावा रखने वाला जिस . व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 24.11.2025 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट पक्षकार का नाम श्रीमती सावित्री बंजारे ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202511100400183/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सावित्री बंजारे पति त्रिलोकनाथ निवासी क्वा.नं. 4 वार्ड 42 जोन-1 सेक्टर-11 खुर्सीपार भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	774/3	0.0116 हें वर्गफीट 1250	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202510103300027 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जमुनाबाई पिता/पति रामसताप निषाद वगै. निवासी ग्राम पीपरछेड़ी तह. व जिला दुर्ग मौजा ग्राम पीपरछेड़ी प.ह.न 22 रा.नि.मं. अंजोरा ख तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 67/2, 351/1, 359 रकबा कुल 0.9700 हे. के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 08.02.2025 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.11.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

भारत निर्वाचन आयोग

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण

[अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026]

गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने की अवधि
[दिनांक: 04.11.2025 से 04.12.2025 तक]

छत्तीसगढ़ के सभी मतदाताओं से अपील है कि "मतदाता सूची" में दर्ज अपने नाम को सत्यापन कराने हेतु

- ECINET मोबाइल एप या voters.eci.gov.in के माध्यम से आज ही ऑनलाइन तरीके से अपना गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरें।

कृपया QR Code स्कैन करें
voters.eci.gov.in

- आप अपने मतदान केंद्र के "बूथ लेवल अधिकारी" के पास भी ऑफलाइन माध्यम से अपना गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भर कर जमा कर सकते हैं।
- विगत एस.आई.आर. 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट voters.eci.gov.in एवं election.cg.gov.in/deoportal पर उपलब्ध है।

महत्वपूर्ण तिथियां

क्र.	कार्यक्रम का विवरण	दिनांक
1.	गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने की अवधि	04.11.2025 से 04.12.2025 तक
2.	मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन	09.12.2025
3.	दावा आपत्ति करने की अवधि	09.12.2025 से 08.01.2026 तक
4.	नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) की अवधि	09.12.2025 से 31.01.2026 तक
5.	मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन	07.02.2026

S-45927

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर अद्यतन, स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण में अपना सहयोग दें।

यदि आपको (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई आती है तो हमारे टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करें अथवा अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क करें।

Follow Us On
CEOChhattisgarh | CEOChhattisgarh | ceochhattisgarh
CEOChhattisgarh | ceochhattisgarh

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़

WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 4 | अभिव्यक्ति 5 | राजधानी 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश
रायपुर, शनिवार, 15 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- दशमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 269 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बिहार में एनडीए की आंधी में बुझी लालटेन!

बिहार की जनता ने गर्दा उड़ा दिया...कांग्रेस अब मुस्लिम लीगी माओवादी पार्टी: मोदी

एनडीए को जनादेश, भाजपा मुख्यालय से बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)।भाजपा ने बिहार में एनडीए की जीत का शुक्रवार को दिल्ली हेडक्वार्टर में जश्न मनाया। इस मौके पर पीएम ने 42 मिनट के भाषण में कहा, बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया। अब कट्टा सरकार कभी वापस नहीं आएगी। उन्होंने छठी मईया के जयकारे भी लगाए। उन्होंने कहा कि जो छठ पूजा को ड्रामा कह सकते हैं, वे बिहार की क्या इज्जत करेंगे। इस दौरान कांग्रेस, आरजेडी, पश्चिम बंगाल, केरल तमिलनाडु चुनाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भी भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब मुस्लिम लीगी माओवादी पार्टी बन गई है। पीएम शाम 6 बजकर 51 मिनट पर मुख्यालय पहुंचे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन किया। सारे कार्यकर्ताओं ने भी गमछा लहराकर इसका जवाब दिया। पीएम एंट्री गेट से मंच के पास तक गमछा लहराते रहे।

बिहार में आज एनडीए की सरकार बनी है। गठबंधन को 243 में 202 सीटों पर जीत हासिल हुई, जो रिकॉर्ड है। महागठबंधन के खाते सिर्फ 35 सीटें ही आईं। बिहार में सरकार बनाने के लिए 122 सीटों की जरूरत होती है। एनडीए में भाजपा और जेडीयू ने 101-101 सीटों पर ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

203 सीटों के परिणाम घोषित, राजग ने 170 सीटें जीती

पटना (वार्ता) बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 170 सीटों पर जीत हासिल कर ली है जबकि महागबंधन के हिस्से में अबतक 28 सीटें आयी है। चुनाव आयोग की ओर से सभी 243 बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम/रुझान के जारी आंकड़े के अनुसार राजग के घटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 80 सीटो पर जीत हासिल की ली है जबकि 09 सीटों पर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के 67 उम्मीदवार जीत दर्ज कर चुके हैं जबकि 17 सीटों पर उनकी पार्टी के प्रत्याशी बढ़त बनाये हुये हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 16 सीटें जीती है जबकि तीन सीटों पर उनके उम्मीदवार अपने निकटतम प्रतिद्धंदी से आगे चल रहे है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) ने चार सीटों पर जीत दर्ज की है और एक पर उसे बढ़त हासिल है।राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) 03 सीटें जीत चुका है और एक सीट पर उसकी बढ़त कायम है। दूसरी तरफ महागठबंधन में शामिल राजद के 20 उम्मीदवार चुनाव जीत चुके है और पांच प्रत्याशी बढ़त के साथ मैदान में डटे हुये हैं। कांग्रेस के छह प्रत्याशी जीत दर्ज कर चुके हैं। भारत की कम्युनिस्ट ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार ने साफ किया बंगाल का रास्ता

एनडीए की ऐतिहासिक बढ़त के बाद भाजपा मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी ने बिहार के बाद अब बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के जनादेश ने अब बंगाल में भाजपा की जीत का रास्ता खोला है और पार्टी वहां भी जंगल राज खत्म करेगी।

बिहार में एनडीए को मिले ऐतिहासिक जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने मंच पर आते ही छठी मैया की जय के नारों के साथ अपना संबोधन शुरू किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को जीत की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भी भाजपा के रोडमैप का जिक्र किया। सात ही सीएम ममता बनर्जी पर निशान साधा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ममता बनर्जी को बड़ा संदेश देते हुए कहा कि बिहार की जनता ने बता दिया कि बिहार के बाद अब बंगाल की बारी है। उन्होंने कहा कि गंगा जी बिहार से बहकर बंगाल तक पहुंचती है, बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बना दिया है। भाजपा पश्चिम बंगाल से भी जंगल राज उखाड़ फेंकेगी। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर और ओडिशा उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत पर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

मोदी और नीतीश के नेतृत्व में विश्वास जताया !

नई दिल्ली (वार्ता)। बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों में एनडीए बंपर जीत की तरफ बढ़ रहा है। राजद के नेतृत्व में महागठबंधन का बुरा हाल है। साफ है कि बिहार की जनता ने पीएम मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर विश्वास जताया है।

मैंने कहा था 80 से ज्यादा सीट मिलेगी- केसी त्यागी: जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा, मैंने कहा था कि जदयू 80 से ज्यादा सीट जीतेगी। पिछली बार आपसी तालमेल के अभाव में हम नहीं कर पाए थे। मुझे प्रसन्नता है कि जदयू ने दोबारा नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपनी उसी संख्या को प्राप्त किया है... हमारे बीच एक लंबा और पुराना ऐतिहासिक रिश्ता है। माओवाद प्रभावित इलाकों में तीन बजे तक होता था मतदानः पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह वही बिहार है जहां कभी माओवादी आतंक हुआ करता था, जहां नक्सल प्रभावित इलाकों में दोपहर तीन बजे मतदान समाप्त हो जाता था, लेकिन इस बार लोगों ने बिना किसी डर के पूरे जोश और उत्साह के साथ मतदान किया है। आप जानते हैं कि जंगलराज के दौरान बिहार में क्या होता था। मतपेटियों को खुलेआम लूटा जाता था। आज उसी बिहार में रिकॉर्ड मतदान हो रहा है। भाजपा मुख्यालय पर अपने संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, बिहार वो धरती है, ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

हर बिहारवासी की जीतः शाह

बिहार के नतीजों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'यह विकसित बिहार में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले किसी भी भेष में आएं, उन्हें लूटने का मौका नहीं मिलेगा। जनता अब सिर्फ और सिर्फ प्रदर्शन की राजनीति के आधार पर जनादेश देती है। नरेंद्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी व एनडीए के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं।

सही समय पर लिया गया सही फैसला: चिराग

केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा, मैं बिहार की जनता को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। यह सही समय पर लिया गया सही फैसला है। हमारी डबल इंजन की सरकार एक ईमानदार प्रयास के साथ बिहार में आगे बढ़

रही है। जनता के बीच एक विश्वास बना कि जहां एक तरफ हमारा गठबंधन विकास की बात करता है तो वहीं दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है जो अहंकार में डूबा हुआ है।

लोकतंत्र में भरोसा रखने वालों की जीत : मोदी- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज सिर्फ एनडीए की जीत नहीं हुई है, यह लोकतंत्र में, भारत के लोकतंत्र में विश्वास रखने वालों की जीत है। इस चुनाव ने चुनाव आयोग में जनता के विश्वास को और मजबूत किया है। पिछले कुछ वर्षों में उच्च मतदान प्रतिशत चुनाव ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

महागठबंधन का बुरा हश्र

साढ़े तीन बजे तक की मतगणना के मुताबिक एनडीए 209 सीटों पर आगे है। महागठबंधन के बुरे हश्र का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसमें शामिल सभी दलों को केवल 29 सीटों पर बढ़त मिली है। एआईएमआईएम जैसे क्षेत्रीय दल भी अपना विस्तार कर रहे हैं। ओवैसी के दल से ताल ठोकने वाले प्रत्याशी छह सीटों पर आगे हैं।

आज बेबाक

जिसका डर था बेदर्दी वही बात हो गई। ऐसा तीर चला लालटेन पर कि लालू के लाल के लिए दिन में ही रात हो गई। एग्जिट पोल के पूर्वानुमान सही साबित हुए और बिहार में एनडीए की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया। बिहार के मतदाताओं ने अपने नीर क्षीर निर्णय से यह साबित कर दिया कि उन्हें प्रलोभन परोसकर महाठगबंधन वालों ने खुद को डेढ़ होशियार समझने का जो मुगालता पाला था वह उनकी मूर्खता थी। बहरहाल अब देखना दिलचस्प होगा कि हारे हुए बुड़बक अब क्या करेंगे? हवन तो हरगिज नहीं करेंगे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन जीते चुनाव

51,936 वोटों से रेखा कुमारी को दी पटखनी

पटना(वार्ता)। बिहार के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में 28 राउंड तक चली मतगणना के बाद परिणाम साफ़ हो चुका है. भाजपा उम्मीदवार और छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने 51,936 वोटों से राजद उम्मीदवार रेखा कुमारी को पटखनी दी है. नितिन नबीन को कुल 98,299 वोट मिले हैं।

2020 में भी नितिन नबीन ने लहराया था परचम : बांकीपुर सीट पर 2020 के विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा के नितिन नबीन ने जीत हासिल की थी. बांकीपुर सीट पर हार जीत का अंतर 39036 वोट का रहा था. पिछले चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार लव सिन्हा को हराया था। बांकीपुर में 2020 के चुनाव में 35.91%. मतदान ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

जाको राखे साईंया मार सके न कोए, जहां गईं 13 जान वहां खड़े दो पुलिसवालों को खरोंच न आई

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये दोनों पुलिसकर्मी ब्लाइंड स्पॉट की वजह से बचे हैं। उन्होंने बताया कि जब बम धमाका होता है तो उससे विस्फोटक अन्य वस्तुएं चारों तरफ निकलती है। इन खतरनाक घातुओं से बम धमाके चारों तरफ खड़े लोगों को जान-माल का नुकसान होता है।

कहते हैं कि जाको राखे साईंया, मार सके न कोए.. जी हां लाल किले बम धमाके के दौरान दिल्ली पुलिस के दो हवलदार के साथ ऐसा ही हुआ है। लालकिले चौकी में तैनात हवलदार अजय चहल व एक अन्य हवलदार बाल-बाल बच गए। दिल्ली पुलिसकर्मियों में चर्चा है कि भगवान की विशेष कृपया से ही दोनों बचे हैं। ये दोनों पुलिसकर्मी धमाके वाली जगह से मात्र 30 से 50 फुट की दूरी पर खड़े हुए थे और इन्हें खरोंच तक नहीं आई।

समर्थन मूल्य पर आज से शुरू होगी धान खरीदी

सीएम साय ने अफसरों के लिए जारी किए ये निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर सभी खरीदी केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। जिलों में कलेक्टरों के मार्गदर्शन में सहकारिता, मार्कफेड एवं खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। राज्य के सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए बारदानों की व्यवस्था, फड़, चबूतरा, पीने का पानी, किसानों के बैठने की छायादार व्यवस्था की ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

चेन्नई के पास क्रैश हुआ वायुसेना का ट्रेनर विमान

चेन्नई (वार्ता)। भारतीय वायुसेना का एक पीसी-7 पिलाटस बेसिक ट्रेनर विमान शुक्रवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान तम्बरम, चेन्नई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खुशकिस्मती से पायलट समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आया, इसलिए किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

हादसे की जांच के लिए कमेटी गठित : वायुसेना ने बताया कि उड़ान सामान्य प्रशिक्षण मिशन का हिस्सा थी। हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी (जांच कमेटी) गठित कर दी गई है, जो घटना की विस्तृत जांच करेगी। घटना स्थल पर राहत और सुरक्षा टीमों को तुरंत भेजा गया। स्थानीय प्रशासन ने भी वायुसेना की मदद की है। इस हादसे के बाद वायुसेना ने कहा कि उड़ानों की सुरक्षा उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और जांच रिपोर्ट आने के बाद जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

गरमा-गरम

साय कैबिनेट का बड़ा फैसला | लीज पर दिया जाएगा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम

धान खरीदी के लिए विपणन संघ को देंगे 11,200 करोड़ अतिरिक्त

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । मंत्रिपरिषद द्वारा खरीफ एवं रबी विपणन मौसम में दलहन-तिलहन फसल के उपार्जन हेतु पूर्व वर्ष की भांति ''प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान'' प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत उपार्जन किए जाने का निर्णय लिया गया।

उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होने की संभावना : यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी मौसम में दलहन-तिलहन फसल जैसे चना, सरसों, मसूर का उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया जाता है। दलहन-तिलहन का समर्थन मूल्य पर उपार्जन की व्यवस्था प्रदेश की मंडियों में होने से बाजार में प्रतिस्पर्धा बनी रहती है, जिसके कारण कृषकों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होने की संभावना होती है।

वाणिज्य और उद्योग विभाग में और बीस सूत्रीय का संविलियन : मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ शासन कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन करते हुए सार्वजनिक उपक्रम विभाग को वाणिज्य और उद्योग विभाग में और बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग का संविलियन योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में करने का महत्वपूर्ण ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू

मंत्रिपरिषद ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं हेतु स्वीकृत 15 हजार करोड़ रूपए की शासकीय प्रत्याभूति को खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए पुनर्वैधीकरण करने के साथ ही विपणन संघ को अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि रूपये 11,200 करोड़ प्रदाय किए जाने का निर्णय लिया।

क्रिकेट संघ को अनुबंध के अनुसार लीज

शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर अटल नगर को दीर्घ कालीन पूर्णतः संचालन और विकास कार्यों हेतु छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को अनुबंध के अनुसार लीज पर देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस निर्णय से राज्य के उदीयमान क्रिकेट खिलाड़ियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण और तकनीकी सुविधाएं प्राप्त होगी। इस निर्णय से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के और अधिक क्रिकेट मैच का आयोजन सुनिश्चित होगा।

अनुदान की पात्रता निर्धारित आय वर्ग को

ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय हेतु 03 बार विज्ञापन होने के पश्चात अविक्रित भवनों को, पात्र हितग्राही के अतिरिक्त किसी भी आय वर्ग के हितग्राही को विक्रय किया जा सकता है, परन्तु ऐसे हितग्राहियों को शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। अनुदान की पात्रता केवल निर्धारित आय वर्ग के हितग्राही को ही होगी।

भवनों को मांग अनुसार विक्रय किया जा सकेगा

ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय हेतु 03 बार विज्ञापन होने के पश्चात अविक्रित भवनों को एकल व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा एक से अधिक संपत्ति क्रय करने का प्रस्ताव दिया जाता है, तो एकल व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय अथवा निजी संस्था के नाम पर एक से अधिक भवनों को मांग अनुसार विक्रय किया जा सकेगा, परन्तु इन्हें शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। इस निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को इसका लाभ मिले।

सुविचार

सभी वीर अर्जुन नहीं होते कि हर युद्ध जीत ही जाएं कुछ लोगों के भाग्य में चक्रव्यूह भी आता है। - अज्ञात

बिहार में एनडीए की सुनामी

बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम विभिन्न एक्जिट पोल के पूर्वानुमानों के मुताबिक रहें। एक एक्जिट पोल ने एनडीए को दो सौ से ज्यादा सीटें मिलने की संभावना जताई थी जो सत्यता के सबसे निकट निकली। वाकई बिहार में एनडीए की सुनामी आ गई जिसने महागठबंधन के अरमानों पर न सिर्फ़ पानी फेरा बल्कि उन्हें कहीं मुंह दिखाने लायक भी नहीं छोड़ा। राष्ट्रीय जनता दल का प्रदर्शन इस कदर दयनीय रहा कि उसके नेता तेजस्वी यादव जो मुंगेरी लाल की तरह यह हसीन सपना देख रहे थे कि वे इस बार मुख्यमंत्री बनकर रहेंगे वे अब विपक्ष के नेता भी नहीं बन पाएंगे। राजद के सहयोगी दलों कांग्रेस, वीआईपी और वामपंथियों का सूपड़ा ही साफ हो गया। एनडीए ने 2010 की शानदार जीत से भी बड़ी जीत कर एक नया इतिहास रचा दिया। बिहार का यह जनादेश इस बात का प्रतीक है कि लोगों का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार पर ही कायम है और उन्हें इस बात पर भी भरोसा है कि डबल इंजन सरकार ही बिहार की प्रगति को रफ्तार दे सकती है। इस जनादेश को जंगलराज के खिलाफ बिहार के लोगों के आक्रोश के रुप में भी देखा जा सकता है। वे नौवीं फेल तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रुप में कतई नहीं देखना चाहते थे जिसने बिहार के हर परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का ऐसा झूठा वादा किया था जिस पर कोई नादान बच्चा भी यकीन न करें। बिहार के मतदाताओं ने एनडीए को एकतरफा ऐतिहासिक जीत दिलाकर महागठबंधन वालों को यह भी संदेश दे दिया है कि जनता अब परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति से ऊब चुकी है। अब वो दिन हवा हुए जब इन सरमायादारों का पसीना भी गुलाब हुआ करता था। अब तो जनता उसी को अपना रहनुमा बनाएगी जो जनहित के लिए अपना खून पसीना बहाने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। महागठबंधन की इतनी बुरी गत बनने की मुख्य वजह शायद यही रही कि उसने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की गलती कर दी। इस खतरे को राहुल गांधी भांप गए थे इसलिए वे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करना चाहते थे लेकिन तेजस्वी यादव ने दबाव बनाकर खुद को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करा लिया और यहीं से महागठबंधन की करारी हार की उल्टी गिनती शुरू हो गई थी। बहरहाल महागठबंधन को इस जनादेश का सम्मान करना चाहिए और विनम्रता पूर्वक जनता के निर्णय को शिरोधार्य करना चाहिए। खासतौर पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को भी चाहिए कि वे बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों को लेकर वोट चोरी का राग अलापना बंद करें। बिहार के चुनाव परिणामों को लेकर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस तरह का बयान दिया है उससे स्पष्ट है कि वे बिहार में कांग्रेस के शर्मनाक प्रदर्शन को पचा नहीं पा रहे हैं और चुनाव आयोग पर वोट चोरी कराने का आरोप लगा रहे हैं। इसी तरह कांग्रेस नेता राशिद अलवी ने भी बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर चुनाव आयोग पर निशान साधा है इन नेताओं को इस तरह की बयानबाजी से परहेज करना चाहिए।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ दुष्ट अगर कभी तुम्हारे पीछे पड़ भी जाए तो भयभीत मत होना। अत्यधिक करीब रहने वाला दुष्ट विचार का व्यक्ति तुम्हारे इस आत्म कल्याण के मार्ग में बाधा देने की कोशिश करे तो तुम बहुत ज्यादा प्रयत्न मत करना। वहाँ प्रकृति, परमात्मा सदैव तुम्हारे लिए खड़े रहेंगे। यहीं पर गोविंद काम आयेंगे।

❖ अध्यात्म के पथ पर चलना कठिन हो सकता है लेकिन जिस पथ पर चल रहे हो उस पर अध्यात्म को लेकर चलना कठिन नहीं हो सकता।

❖ देश काल पात्र के अनुसार जब जो चीज आवश्यक हो वही करनी चाहिए और वो भी सदगुरु के कृपा के अनुरूप, उनकी वाणी के अनुरूप ।

❖ सर्वस्व की राह पर एक-एक अनुभप तुम्हें जीव से शिव की ओर ले जाएंगे।

❖ जिसने सिक्के के एक पहलू को जाना और दूसरे को नहीं जाना वह काहे का ज्ञानी ! वह काहे को बुद्ध !

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1808 महमूद द्वितीय (1808-1839) मुस्तफा चतुर्थ (1807-1808) को तुर्क साम्राज्य के सुल्तान के रूप में चुना गया। 1859 ग्रीस में पहला ज़प्पा ओलंपिक शुरू किया गया। 1859 व्यवसायी इवेंजेलोस ज़प्पा द्वारा प्रायोजित, ओलंपिक खेलों का पहला आधुनिक खेल एथेंस, ग्रीस में हुआ। 1902 वियतनाम के हनोई शहर में हनोई प्रदर्शनी की स्थापना हुई। 1943 होलोकॉस्ट-हेनरिक हिमलर ने आदेश दिया कि रोमियों को 'यहूदियों के समान स्तर पर रखा गया था और उन्हें एकाग्रता शिविर में रखा गया था'। 1948 लुई स्टीफन सेंट लॉरेंट कनाडा के 12 वें प्रधानमंत्री बने। 1955 पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1956 मध्य पूर्व तकनीकी विश्वविद्यालय तुर्की के अंकारा में स्थापित किया गया। 1971 इंटेल ने दुनिया की पहली माइक्रोप्रोसेसर इंटेल 4004 रिलीज़ किया। 1971 इंटेल ने दुनिया का पहला सिंगल चिप माइक्रोप्रोसेसर 'इंटेल 4004' लॉन्च किया। 1971 विश्व की पहली व्यावसायिक पूर्ण केंद्रीय प्रसंस्करण इकाई (सीपीयू) एक चिप पर सिंगल-चिप माइक्रोप्रोसेसर 4004 का इंटेल द्वारा अनावरण किया गया है। 1973 जर्मनी में एक रेस्तरां के मालिक की बेटी का अपहरण कर लिया गया था, लेकिन उसे रिहा करने के लिए एक मिलियन डॉलर से अधिक की फिरौती देने के बाद वापस नहीं लौटा। 1978 मक्का से इंडोनेशिया ले जा रहा एक विमान श्रीलंका में हादसे का शिकार हो गया। जिसमें 183 लोगों की मौत हुई।

शिवप्रकाश
राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री (भाजपा)

ब्रिटिश हुकूमत द्वारा अपने जल, जंगल, ज़मीन, जनजाति पहचान एवं स्वतंत्रता पर संकट देखकर उसके रक्षण के लिए शोषणवादी अंग्रेजी सत्ता के विरोध में ÷उलगुलान÷ आंदोलन करने वाले धरती आबा की उपाधि से विभूषित भगवान बिरसा मुंडा की यह 150 वी जयंती का वर्ष है ।उनका जन्म 15नवम्बर 1875 को अलिहातू ग्राम जनपद राँचीमें हुआ था। अंग्रेजों के खिलाफ़सशस्त्र विद्रोह करने के कारण वह गिरफ्तार हुए एवं जेल में ही 9जून 1900 को उनका बलिदान हो गया । उनकीसंघर्षमय स्मृति को चिरस्थायी रूप देने एवं उनसे युवा पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त कर सके, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 15 नवंबर को ÷जनजातीय गौरव दिवस÷ घोषित कियाहै 7 भगवान बिरसा मुंडा ने दुर्व्यसनों से रहित जीवन , अंधविश्वास से मुक्ति एवं अपनी भूमि के प्रति स्वाभिमान का भाव जनजाति समाज को सिखाया।उन्होंने शोषण के प्रति आवाज उठाते हुए बेगारी प्रथा का विरोध किया। ब्रिटिश सत्ता को लगान न देने का आह्वान कर उन्होंने उलगुलान आंदोलनकों प्रारंभ किया। उनका नारा था ÷अबुआ राज़ एते जाना, महारानी राज टुंडू जीना।÷(हमारा शासन शुरू हो, रानी का शासन समाप्त हो ।)

बिरसा मुंडा जयंती- जनजाति गौरव दिवस

जनजाति गौरव दिवस केवल भगवान बिरसा मुंडा ही नहीं, आदिवासी समाज में जन्मे उन असंख्य महापुरुषों को समर्पित है, जिन्होंने भारतीय संस्कृति के उत्थान एवं देश की स्वतंत्रता के लिए अपना संपूर्ण जीवन उत्सर्ग किया। नागालैंड की महारानी गाइडन्यू जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ़ विद्रोहकिया एवं स्वधर्म के स्वाभिमान के लिए हरक्का आंदोलन चलाकर नागा समाज में मतांतरण का विरोध किया । राजस्थान में जन्मे गोविंद गुरु भील समाज में अध्यात्म, समाज सुधार एवं शोषण के खिलाफ़ आंदोलन के प्रतीक बन गये । रानी दुर्गावती, तिलका माजी, अल्लूरी सीताराम राजू,कोरम भील, टाट्या भील, सिद्धू - कानू मुर्मू आदि जनजाति समाज के महानायकों के बिना भारत का इतिहास अधूरा है । उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक फैले जनजातीय समाज ने स्वतंत्रता के आंदोलन,धर्म-संस्कृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाई है । संपूर्ण भारतवर्ष इन सभी महापुरुषों का सदैव ऋणी रहेगा । वर्तमान में भी मैरीकॉम मुक्केबाजी में, कोमालिका बारी धनुर्विद्या एवं दिलीप तिर्की हॉकी जैसे अनेकजनजातीय नौजवान अनेक विधाओं के माध्यम से देश का नाम उज्ज्वल कर रहे है।

साम्राज्यवादी यूरोपीय ताकतें जब दुनिया के देशों में साम्राज्य विस्तार की आकांक्षालेकर गयी तब उन्होंने वहाँ के मूल निवासियों का भीषणतम नरसंहार किया । अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, न्यूजीलैंड आदिका इतिहास इन वीभत्स घटनाओं से भरा पड़ा है । इस नरसंहार में साम्राज्यवादी ताकतों के शासन को स्थायित्व देने के लिए चर्च- मिशनरी भी इस रक्तपात में शामिल हो गई । क्योंकि उन्होंने वहाँ के मूल निवासियों को समाप्त करने का प्रयास किया था।जिसके कारण मूलनिवासियों की संख्या उन देशों में निरंतर कम होती चली गई ।भारत मेंइस षड्यंत्र को समझने के लिए उदाहरण स्वरूप मिशनरियोंका संकल्प जिसकोईस्ट इंडिया कंपनी के वित्त मंत्री,बंगाल एवं मुंबई प्रेसिडेंसी में गवर्नर रहे रिचर्ड टेम्पल ने 1883 में लंदन में बेप्टिस्ट सोसाइटी के मध्य अपने भाषण में कहाथा



कि÷ब्रिटिश सत्ता कोस्थायी बनाए रखने के लिये संकल्पित मिशनरियों को अपने प्रयास का केंद्र आदिवासियों को बनाना चाहिए, यह आदिम जातिया अपने मन एवं अंतःकरण से सफेद कागज कीसतह प्रदान करती है जिसपर बड़ी आसानी से मिशनरी अपने चिह्न छोड़ सकती है ।÷ मूल निवासियों की संख्या वृद्धि एवं पहचान को बनाये रखने के लिए 1994 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने 9 अगस्त को ÷ विश्व मूल निवासी दिवस÷ घोषित किया।भारत में एक षड्यंत्र के अंतर्गत मूलनिवासी दिवस को आदिवासी दिवस नाम दे दियागया । भारत में रहने वाला जनजातीय समाजएवम् अन्य सभी यहीं के मूल निवासी ही हैं। भारत में आदिवासियों पर कभी कोई अत्याचार नहीं हुए वरन वह तो भारतीय संस्कृति के संवाहक रहे हैं।इस कारण भारत में विश्व मूल निवासी दिवस की प्रासंगिकता नहीं लगती है ।

जनजाति समाज में मतांतरण एवं अलगाव का भाव उत्पन्न करने के लिए नए- नए आंदोलन खड़े करने का प्रयास हो रहा है । 1994 कीसी.वी. सी.आई. पुणे की सभा में सचिव प्रतिवेदन में बताया गया कि चर्च दलित मुक्ति आंदोलन, आदिवासी मुक्ति आंदोलनएवं पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषयों पर मिशनरी सहयोग कर रहे हैं ।भारत में विभेद पैदा करने के लिए यह आंदोलन दलित, आदिवासी,महिला, जल, जंगल, जमीन, जानवर एवं पर्यावरणसंरक्षण के नाम परअलग ङ्क अलग समूहों के द्वारा संचालित हो रहे है । हम राम नहीं रावण के वंशज हैं, हमारे देवता महिषासुर है, हमारा धर्म अलग है, यह आंदोलन इसी षड़यंत्र का परिणाम है । परिवर्तन केवल इतना हुआ कि इसमें अर्बन माओवाद एवं ऐसे ही विचारों से पोषित स्वैच्छिक एवं मानवाधिकारवादी जैसे समूह भी इस षड्यंत्रमें जुड़ गए है। जो वैश्विक संजाल बनाने में भी सफ्ल हो रहे हैं । शोषण से मुक्ति के नाम परनक्सलवाद ने भी हजारों युवकों को हिंसा के मार्ग पर धकेलकर आदिवासी समाज का विकास ही अवरुद्ध किया है ।

प्रकृति के प्रति अनन्य श्रद्धा रखने वाला जनजाति समाज विराट सनातन संस्कृति का ही अभिन्न अंग है । प्रकृति एवं अपनी भूमि के प्रति उसमें आगाध श्रद्धा है । सनातन संस्कृति में भी प्रकृति (जल, जंगल, जमीन) को पवित्र माना गया है। समस्त नदियों में माँ गंगा के दर्शन, तुलसी , वट, पीपलआदि की पूजा, शुभ कार्य करते समय भूमि का पूजन सनातन में भी प्रकृति की उपासनाही है । समस्त जानवर, समस्त वर्ण सभीउपास्य है । उदाहरणार्थ ङ्क वृक्ष पूजा, शिव की सवारी बैल, बिना नंदी शिव दर्शन नहीं, गणेशजी का मस्तक हाथी, सर्प शिव का हार, राम कृष्ण का वर्ण नील, तिरुपति व्यंकटेश स्वामी कृष्ण वर्ण, माँ काली का रंग काला यह सभी ही सर्व समावेश के लक्षण हैं । सम्पूर्ण देश को जोड़ने वालेभगवान राम का माँ कौशल्या के माध्यम से छत्तीसगढ़ से संबंध, भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी रुक्मणी का मणिपुर एवं अरुणाचल से संबंध, द्रौपदी के पाँच पांडवपति से जोड़कर जौनसार जनजाति में प्रचलित बहुपति प्रथा, थारू जनजाति में पूज्य पवित्र हल्दीघाटी मिट्टी एवं धार के महाराजा भोज से बुक्सा जनजाति से संबंध को कैसे विस्मरण कराया जा सकता है ।

बिहार में सत्य और सकारात्मकता की जीत

नीरज मंजित

बिहार में इस बार अपरिमित असत्य, घोर नकारात्मकता और अहर्निश अहंकार की बहुत बड़ी पराजय हुई है और महागठबंधन को बिहार के इतिहास की सबसे बड़ी हार झेलना पड़ी है। बिहार की जनता ने सत्य, सकारात्मकता और सच्चे वादे करके काम करने वाली सरकार के पक्ष में भारी जनादेश दिया है। एनडीए की इस अभूतपूर्व जीत में युवाओं, महिलाओं, दलित, पिछड़े, अगड़े सहित जनता के हर तबके के वोट शामिल हैं। खास तौर पर युवाओं ने नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार के वादों पर पूरी तरह से भरोसा जताया है। तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को यकीन था कि इस दफा युवा और महिलाएं महागठबंधन को वोट देंगी। तेजस्वी यादव ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं और महिलाओं के लिए लार्जर दैन लाइफसे भी बड़े वादे किए थे।

इधर राहुल गांधी भाजपा और चुनाव आयोग पर वोट चोरी का इल्ज़ाम चस्पां करके जेन-जी को सड़क पर उतरने का आव्हान कर रहे थे। मगर बिहार के जेन-जी ने साफ़और बहुत ही ऊँची आवाज़ में राहुल और कांग्रेस को बता दिया है कि वोट चोरी के असत्य आरोपों को वे पूरी तरह नकारते हैं। सच कहा जाए तो यह पूरे देश के युवाओं--हर उम्र के युवाओं--की आवाज़ है। राहुल गांधी और कांग्रेस यदि इस आवाज़ को सुनकर सबक ले सकें और अपनी रणनीतियों को सकारात्मकता की ओर मोड़ सकें, तो यह कांग्रेस के लिए भी अच्छी बात होगी और देश के लिए भी।

बिहार के बारे में अक़्सर एक मुहावरे जा ज़िक्र किया जाता है कि बिहार लोकतंत्र की जननी है और यहाँ की जनता पूरे देश को रास्ता दिखाती है। इस चुनाव में भी बिहार की जनता ने देश को रास्ता दिखाया है। बिहार की जनता ने मोदी और नीतीश को विशाल जनादेश देकर नितांत स्पष्ट रूप से बताया है कि वह परिवारवाद, जाति के समीकरणों, झूठे वादों और वोट चोरी जैसे नकारात्मक मुद्दों के ख़िलाफ़ खड़ी है।

बिहार की जनता अब पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहती। उसने नीतीश कुमार के 20 वर्षों के कार्यकाल में बिहार को बदलते देखा है। बिहार की जनता अब तरक़्क़ी के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहती है। उसे प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश के रोडमैप पर पूरा यकीन है। इसीलिए बिहार ने इस बार एंटी इनकम्बेंसी अर्थात सत्ता विरोधी फैक्टर जैसे कई मुहावरों को ध्वस्त कर दिया है।

राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके समर्थित इकोसिस्टम ने बिहार के चुनाव को पूरी तरह वोट चोरी के बहुत बड़े असत्य नैरेटिव पर टिका कर नकारात्मक प्रचार की सारी हदें लांघ दी थीं। जहाँ तक अहंकार की बात है, क्या वह राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम की अहर्निश पहचान नहीं बन गया है? क्या राहुल गांधी बिहार के चुनाव को एक प्रयोग के तौर पर लड़ रहे थे? यदि ऐसा है तो वे बिहार में बुरी तरह विफ्ल हुए हैं।

बिहार में एसआईआर का अंध विरोध और वोट चोरी का असत्य नैरेटिव पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। जबकि उन्हें इस असत्य कहानी की कामयाबी पर इतना यकीन था कि वे आख़िरी क्षणों तक बिहार में महागठबंधन के सीनियर पार्टनर तेजस्वी यादव और राजद की उपेक्षा करते रहे।

बिहार के नतीजों ने यह भी बताया है कि राहुल और उनके बुद्धिमान सहयोगियों को बिहार की ज़मीनी हक़ीक़त का ज़रा भी अंदाज़ा नहीं था। उन्हें और उनके इकोसिस्टम को ऐसा लग रहा था कि वोट चोरी का आरोप बिहार में एक बड़े मुद्दे के रूप में उभर कर आएगा और वे बिहार की जनता के बड़े तबके को अपनी तरफ़ खींचने में सफ्ल हो जाएँगे। संभवतः उन्हें यह भी लग रहा था कि बिहार में कांग्रेस अपनी बदहाली से निकलकर तेजस्वी यादव के बराबर खड़ी हो सकती है।

इसीलिए राहुल और कांग्रेस आख़िर तक राजद से सौदेबाज़ी करते रहे। जब कांग्रेस को ऐसा लगा कि वोट चोरी का उनका सबसे बड़ा मुद्दा बुरी तरह धराशायी हो चुका है और सारे सूत्र उनके हाथ से निकल चुके हैं, तब जाकर राहुल और कांग्रेस अपने अहंकार के वृत्त से निकले और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया।

लगता है राहुल और कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र की भारी पराजय से कोई सबक नहीं सीखा है। बल्कि इसके ठीक उलट महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों के एक साल बाद परिणामों को वोट चोरी के असत्य आरोपों से जोड़कर अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग और भाजपा पर फोड़ने की नाकाम कोशिश की है। हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव बांग्लादेश में हिंदुओं पर अनवरत अत्याचार की खबरों के बीच लड़े गए थे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ÷बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो सेफरहोगे÷ का मुहावरा लेकर मैदान में उतरे थे। इसके अलावा विकास और दूसरे सकारात्मक मुद्दे तो थे ही।

इधर महाराष्ट्र में मौलानाओं के बेजा बयानों ने इंडी गठबंधन को पीछे धकेलकर वोटों का ध्रुवीकरण कर दिया था। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना, कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी के त्रिगुट महाविकास अघाड़ी की सरकार में जो भ्रष्टाचार और बेलगाम तंत्र देखा गया, उसने भी इंडी गठबंधन को काफी नुक़सान पहुँचाया था।

क्या हरियाणा में कांग्रेस ने नकारात्मक साजिशों के जरिए चुनाव जीतने की कोशिश नहीं की थी? क्या हरियाणा में कांग्रेस और राहुल गांधी अति आत्मविश्वास और अहंकार का शिकार नहीं हो गए थे? क्या हरियाणा में कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई हार की जिम्मेदार नहीं थी? इन सभी सवालों का जवाब है--हाँ। ये सारे फैक्टर कांग्रेस के चुनाव अभियान में साफतौर पर नज़र आ रहे थे।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आँखों में बसा

आँखों में बसा लूँ तुम्हें या ख्वाबों में ही रहने दूँ ऐ- इश्क़..! तू सपना है..। दिल में छुपा लूँ तुम्हें या जज़्बातों में बहा लूँ ऐ- इश्क़..! तू नदी सा है..। जुल्फ़ों में उलझा लूँ तुम्हें या हवाओं में उड़ने दूँ ऐ- इश्क़..! तू परिंदा सा है..। यादों में सजा लूँ तुम्हें या भूलने की कोशिश करूँ ऐ- इश्क़..! तू सवाल है..। होंठों पर बसा लूँ तुम्हें या अनकहे शब्दों में रहने दूँ ऐ- इश्क़..! तू गीत सा है..। क़लम से लिख लूँ तुम्हें या दिल में ही महसूस करूँ ऐ- इश्क़..! तू कला है..। **- उमा मेहता त्रिवेदी**

कैसे कह दूं ये

कैसे कह दूं ये दुनिया आलय है कहां तक ढूंढे वह रौनकें किसी खामोश खड़ी दयार में छूने की चाहत है मगर डर है जाने कौन सी ईंट पिघल जाए भरभरा कर गिर सकती है कहीं न नींव निकल आए डबडबाई सी आंखें हैं और रिश्तों का सच सामने है एक अकेला लड़ रहा कबसे हलाहल की घुंट पीए एक हाथ को खबर नहीं जब दूजा किस हाल में है रेखाएं शिकन की गहरी उस चिकने भाल पर है।

- सपना चन्द्रा

रिश्तों को बुखार हो गया... अहंकार शुमार

रिश्तों को बुखार हो गया... अहंकार शुमार हो गया। तुम हम, हम तुम, आगे पीछे... अमन-चैन बीमार हो गया। रिश्तों को बुखार हो गया... जादू सब बेकार हो गया... जादूगर लाचार हो गया। तपती धूप पड़ी सिर पर जब... छप्पर तिनका चार हो गया। रिश्तों को बुखार हो गया... अहंकार शुमार हो गया... **- राकेश मिश्रा**

हर रिश्ते में दो लोग होते हैं,

हर रिश्ते में दो लोग होते हैं, एक जो सुनता है और दूसरा जो समझता है. जब दोनों ही सिर्फ़ ÷कहने÷ लगें और कोई मानने को तैयार न हो, तो प्रेम भी तर्कों के बोझ तले दब जाता है. स्वीकार करने का साहस ही रिश्तों की सबसे बड़ी मरहम है. इसे बचाए रखना चाहिए। - **मिनाक्षी सिंह**

जिनके पास अपने हैं वो अपनों से

जिनके पास अपने हैं वो अपनों से झगड़ते हैं। जिनका कोई नहीं अपना वो अपनों को तरसते हैं। कल कमल न हम होंगे न गिला होगा। सिर्फ सिमटी हुई यादों का सिललिसा होगा। जो लम्हे हैं चलो हंसकर बिता लें। जाने कल जिंदगी का क्या फैसला होगा।। आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो....

- कमलकांत डोंगरे

कभी खुद को उतार कर देखो जिम्मेदारीयों

कभी खुद को उतार कर देखो जिम्मेदारीयों की खूटी से! कितने बेबस नजर आते हो, कह नही पाओगे अपनो को, खोने के एहसास से! हर कोई नही होता जिम्मेदार जिम्मेदारीयों के लिए? नसीब होता है उसे ,जो भरा हो भवनाओं से! **-अजयश्री**

मानव सिद्धांत, टेक्नोलॉजी, विज्ञान

मानव सिद्धांत, टेक्नोलॉजी, विज्ञान मन के मालिक होते हैं। सच्चाई, ईमानदारी दुनिया से अलग अलग भीड़ में कभी एक साथ नहीं चलते है। गौरी स्वयं ही परिश्रमी होते हैं। निस्वार्थ कार्य में पूर्ण विश्वास रखते हैं। अपने नियम पर खड़े रहते हैं। आपश्री बुजुर्ग एवं छोटे बच्चे सभी के साथ विनम्र स्वभाव गौरी पटले करते हैं।?? - **गौरी पटले**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा बुद्धि विवेक रहने के बाद भी हर काम मे अपनी ही चलाएंगे।

वृषः आज का दिन आपको प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य कुछ समय के लिये प्रतिकूल होगा।

मिथुनः आज के दिन का पूर्वार्ध शुभफलदायी रहेगा स्वभाव में मनमानी रहने के कारण परिजनों को परेशानी होगी।

कर्कः आज का दिन आपको मिश्रित फल प्रदान करेगा। आज कार्य व्यस्तता अधिक रहने से थकान एवं शारीरिक शिथिलता अनुभव होगी।

सिंहः आज के दिन आप का मन आवश्यकता से अधिक चंचल रहेगा। मित्र मंडली में लंबी-लंबी डींगें हांकने पर हंसी के पात्र बनेंगे।

कन्याः आज के दिन आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा की योजना फिलहाल स्थगित करें सेहत एवं धन व्यर्थ खराब होंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा। आज आप वाणी की मधुरता एवं युक्तियों के बल पर बड़े लोगो से सम्बन्ध बनाएंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए कार्य सफलता वाला रहेगा। घरेलू खर्चो के अतिरिक्त बड़े बुजुर्गो पर खर्च करना पड़ेगा।

धनुः आज के दिन आप की धार्मिक भावनाओं में वृद्धि होगी। पुण्य पर भी थोड़ा बहुत खर्च करेंगे सेहत आज ठीक-ठाक ही रहेगी।

मकरः आज के दिन प्रातः काल से ही सेहत में नरमी बनेगी। आज किसी भी प्रकार के जोखिम भरे कार्य से दूर ही रहना बेहतर है।

कुंभः व्यापारिक दृष्टिकोण से आज का दिन आपको शुभफलदायक रहेगा। सेहत को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे।

मीनः आज के दिन आप सार्वजनिक क्षेत्र पर बेहतर प्रदर्शन कर प्रशंसा के पात्र बनेंगे। जटिल कार्यो को भी अपने व्यवहार कुशलता से आसान बनाएंगे।

सूर्योदय : 06:50, सूर्यास्तः : 05:33,चन्द्रोदयः : 26:10, चन्द्रास्तः :14:06, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतुः : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : उत्तराफल्गुनी, योग : विष्कुम्भ, प्रथम करण : वणिज (12:07 तक), द्वितीय करण : विष्टि (24:49 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : कन्या (27:51 से), मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनिः मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) जूडो में शिडो शब्द का प्रयोग किसलिए किया जाता है?

2) इंग्लैंड का बॉन्ड स्ट्रीट किस लिए मशहूर है?

3) किसके द्वारा रचित नागानंद, एक संस्कृत नाटक है, जिसमें नागों को बचाने के लिए विद्याधर राजा जिमुतवाहन के आत्म-बलिदान की लोकप्रिय गाथा का वर्णन है?

4) सर चार्ल्स विल्किन्स किस अनुवाद के लिए प्रसिद्ध है?

5) मोहिनीअट्टम की जननी किसके जीवन पर आधारित एक डॉक्यू-फिक्शन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मामूली उल्लंघन (2) ज्वेलरी और टेलरिंग (3) हर्षवर्धन (4) भगवद् गीता (5) कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -228

मेयर इन काउंसिल की बैठक में विकास कार्य और पाइप लाइन विस्तार के प्रस्ताव मंजूर

■ निगम की एमआईसी ने पास किया डामरीकरण, पाइपलाइन विस्तार और स्टेडियम हस्तांतरण का प्रस्ताव

■ महापौर अलका बाघमार ने दिये सख्त निर्देश - सभी पानी टंकियों और फिल्टर प्लांट में सख्त सुरक्षा के उपाय करें

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता संपन्न हुई जिसमें 6 महत्वपूर्ण फैसले लिये गए। बैठक में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित सभी एमआईसी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में लोक कर्म विभाग और 15 वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 हॉस्पिटल वार्ड, बस स्टैंड क्षेत्र में डामरीकरण कार्य का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा डीएमएफ मद से निर्मित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट को उपयोग के लिये संबंधित विभाग को सौंपने के प्रस्ताव पर भी सहमति दी गई। एमआईसी ने इसे औपचारिक रूप से हस्तांतरित करने का निर्णय लिया। गुरुघासीदास वार्ड 44 में पेयजल शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कार्य स्थल में परिवर्तन कर नई पाइपलाइन विस्तार कार्य को स्वीकृति दी गई। 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत पाइपलाइन को बघेरा से गया नगर तक विस्तारित करने के प्रस्ताव को एमआईसी ने मंजूरी दी। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, लीलाधर पाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, विनीता वर्मा, आरके जैन, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थावनी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर के सख्त निर्देश : पेयजल सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दे

बैठक के दौरान महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल की मौजूदगी में शहर में पेयजल सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश देते हुए कहा कि पानी टंकियों की सुरक्षा के लिये प्रस्ताव तैयार किया जाए। महापौर ने शहर की सभी पानी टंकियों के लिए आधुनिक और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने कहा है। नल घर फिल्टर प्लांट में एक सप्ताह के भीतर सुरक्षा सुधार करते हुए परिसर के चारों ओर बाउंड्रीवाल, सभी कमरों में मजबूत दरवाजे और खिड़कियों पर जालियां लगाने के निर्देश दिये गए। परिसर की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया। महापौर ने कहा कि फिल्टर प्लांट या पानी टंकियों में किसी भी तरह की घटना-दुर्घटना की स्थिति में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जल सुरक्षा में चूक होने या किसी भी स्तर पर लापरवाही होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र ने किया सड़क सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन

■ ब्रह्माकुमारी संस्था की वर्षों पुरानी मांग पूरी

■ बघेरा लोक कलाकारों का केन्द्र है, इसे सहेजना और संवारना हम सब की जिम्मेदारी : यादव

दुर्ग/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने 77.52 लाख रुपये की लागत से ब्रह्माकुमारी आनंद सरोवर होते हुए बाईपास रोड तक 0.80 किलोमीटर लंबाई की सड़क के सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ राज्य कृषि उपज मंडी समिति के मद से स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर मंत्री यादव ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हुई है। इस सड़क के निर्माण से दुर्ग के शहरवासियों और ग्रामीणवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी, जिससे जनजीवन की गतिविधियों को गति मिलेगी। यादव ने कहा कि बघेरा लोक कलाकारों का केन्द्र है, इसे सहेजना और संवारना हम सबकी जिम्मेदारी है। राज्य सरकार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कर नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान कर रही है। आने वाले समय में दुर्ग शहर में कई विकास कार्यों की शुरुआत की जाएगी। कार्यक्रम में निगम सभापति श्याम शर्मा, पार्षद ललित ढीमर, कुमारी साहू, ब्रह्मकुमारी रूपाली दीदी और भारती दीदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

पाहरा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

भिलाई। बीएसपी के सीएसआर के अंतर्गत ग्राम पाहरा में गत दिवस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 71 लोगों की जांच कर दवाई का वितरण किया गया। इनमें 71 महिलाएं 23 पुरूष व 7 बच्चे शामिल थे। शिविर में सामान्य जांच के अतिरिक्त शुगर, बीपी की नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। शिविर में सीएसआर बीएसपी की ओर से डॉ प्रेरणा बघेल, फार्मासिस्ट एम जानवी, नर्सिंग स्टाफ रेणुका वर्मा, पायल पवार व जिला चिकित्सालय से सीएचओ स्मिता पैकरा व नर्सिंग स्टाफ और बुधेलाल ने सहयोग प्रदान किया।

किसानों को मिला मुआवजा

दुर्ग। पावरग्रिड रायपुर पुल-धमतरी ट्रांसमिशन लिमिटेड, कार्यालय गेडेसरा (तहसील धमधा, जिला दुर्ग) द्वारा 400 के.वी. डबल सर्किट रायपुर पुल-धमतरी ट्रांसमिशन लाइन निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) से प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना के तहत तहसील दुर्ग के अंतर्गत कुल 19 ग्राम-ननकट्टी, झेन्झरी, डांडेसरा, ढाबा, भेडसर, नगपुरा, गनियारी, रसमड़ा, थनौद, चंगोरी, कोनारी, कुथरेल, भानपुरी, पाउवारा, जंजगिरी, मातरोडीह, कातरो, मचान्दुर और घुघसीडीह के कुल 971 कृषकों की भूमि प्रभावित हुई है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के अनुसार प्रभावित कृषकों को क्षतिपूर्ति मुआवजा वितरण हेतु कुल चार करोड़ इकसठ लाख अठ्यासी हजार सत्रह रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अब तक 407 कृषकों को 2.51 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

हार्वर्ड बिजनेस स्कूल और रूंगटा यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पब्लिकेशन मुफ्त इस्तेमाल कर पाएंगे प्रदेश के एमबीए छात्र

भिलाई/नवप्रदेश। प्रदेश के मैनेजमेंट स्टूडेंट्स अब दुनिया की सर्वश्रेष्ठ हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ जुड़कर अपनी दक्षता बढ़ाएंगे। इसके लिए शुक्रवार को रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के बीच दो महत्वपूर्ण एमओयू किए गए। पहले एमओयू के तहत अब छत्तीसगढ़ के एमबीए और बीबीए छात्र हार्वर्ड द्वारा की गई केस स्टडी का इस्तेमाल कर पाएंगे। उन्हें हार्वर्ड केस स्टडी के रेफ्रेंस और इससे जुड़े तथ्यों के उपयोग करने की छूट होगी। पहले तक हार्वर्ड केस स्टडी और रिसर्च जर्नल्स रिस्ट्रिक्टेड होते थे, जिसे मोटी रकम चुकाकर एक्सेस की अनुमति मिलती थी। एचबीएस के साथ हुए इस प्रतिष्ठित एमओयू से छात्रों और फैकल्टी को कई वैश्विक लाभ मिलेंगे। छात्रों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बिजनेस केस स्टडीज, रिसर्च मॉडल्स और लीडरशिप ट्रेनिंग तक सीधी पहुंच मिल सकेगी। एचबीएस की टीम समय-समय पर ऑनलाइन और ऑफलाइन एक्सपर्ट सेशन, वर्कशॉप और लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम्स आयोजित करेगी। इससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय बिजनेस ट्रेंड्स, इनोवेशन, स्टार्टअप मैनेजमेंट और ग्लोबल मार्केट स्ट्रेटेजी की समझ मिलेगी।

मिल सकेगी शॉर्टटर्म ट्रेनिंग

दूसरा बड़ा लाभ फैकल्टी डेवलपमेंट का है। रूंगटा यूनिवर्सिटी की फैकल्टीज को हार्वर्ड के प्रोफेसरों के साथ को-लर्निंग प्रोग्राम्स और रिसर्च एक्सचेंज का अवसर मिलेगा, जिससे शिक्षण गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा। इसका सीधा फायदा स्टूडेंट्स को मिलेगा। फैकल्टी हार्वर्ड एक्सपर्ट्स से सीखेगी और फिर उसे स्टूडेंट्स तक आगे पहुंचाएगी। चयनित विद्यार्थियों को हार्वर्ड कैंपस में शॉर्टटर्म ट्रेनिंग या एक्सचेंज प्रोग्राम्स का मौका भी मिलेगा। दोनों एमओयू पर रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा और कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी के साथ हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टीन मेनंद ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान यांगपु यूनिवर्सिटी पार्टनर्स के सीईओ समीर करखानिस भी मौजूद रहे।

हार्वर्ड का सीधा एक्सेस मिलेगा

हार्वर्ड पब्लिकेशन के साथ हुए एमओयू का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है। समझौते के बाद रूंगटा यूनिवर्सिटी को हार्वर्ड द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्टडी मटेरियल, रिसर्च आर्टिकल्स, ई-बुक्स और केस स्टडी लाइब्रेरी तक एक्सेस मिलने जा रही है।

इससे छात्रों की रिसर्च क्षमता, विश्लेषण कौशल और अकादमिक लेखन में सुधार होगा। यूनिवर्सिटी अब अपने कोर्स कंटेंट में हार्वर्ड के नवीनतम अंतरराष्ट्रीय मानकों को शामिल कर पाएगी। छात्रों का सीखने का अनुभव अधिक प्रैक्टिकल, अपडेटेड और ग्लोबल लेवल का हो जाएगा। हार्वर्ड पब्लिकेशन यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर संयुक्त रिसर्च रिपोर्ट्स, जर्नल्स और स्किल-आधारित पब्लिकेशन भी विकसित कर सकता है।

यह प्रदेश के लिए ऐतिहासिक समझौता है, क्योंकि हार्वर्ड बिजनेस स्कूल अमरिका ने पहली बार टीयर-3 सिटी के शैक्षणिक संस्थान के साथ अनुबंध किया है। छत्तीसगढ़ के लिए रूंगटा यूनिवर्सिटी पहली संस्था है जो अपने एमबीए स्टूडेंट्स को हार्वर्ड का कोर्स पढ़ाने की सुविधा दे रही है। बीबीए के साथ बीकॉम और एमकॉम स्टूडेंट्स को भी इससे फायदा होगा।

भिलाई स्टील प्लांट में मजदूर की मौत, प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी में आग से झुलसे ठेका श्रमिक रंजीत सिंह की 15 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जांच में सुरक्षा इंतजामों में गंभीर कमी और प्रबंधन की लापरवाही आने के बाद भिलाई भट्ठी थाना में संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कैंप 1, प्रगति नगर निवासी रंजीत सिंह (38 साल) मेसर्स मारुति कंस्ट्रक्शन के तहत कंटिनुअस कास्टिंग शॉप, कास्टर-6 में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत था। 25 अप्रैल को दोपहर 3.15 बजे रंजीत इक्विपमेंट कूलिंग पाइपलाइन बदलने पाइप शिफ्टिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान कार्यस्थल पर मौजूद ज्वलनशील पदार्थ में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में रंजीत सिंह के साथ तीन अन्य श्रमिक राजू तांडी, रमेश मौर्य और अमित सिंह भी आ गए। सभी घायलों को तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जिसके बाद उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचने पर कार्यपालिक दंडाधिकारी ने सभी झुलसे श्रमिकों के कथन दर्ज किए। डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक रंजीत सिंह 100 प्रतिशत जल गए थे और उन्हें इनहेलेशन इंजरी भी हुई थी। अस्पताल प्रबंधन ने रात 12.05 बजे पुलिस को उनकी मौत की सूचना दी। दुर्ग पुलिस ने इस मामले में जांच के दौरान दंडाधिकारी के बयान, घायल श्रमिकों के कथन, अस्पताल की रिपोर्ट और घटनास्थल के तथ्यों की समीक्षा की। कार्यस्थल पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम न होने और ज्वलनशील पदार्थों के बीच काम करते समय श्रमिकों को उचित सुरक्षा सामग्री उपलब्ध न कराने के मामले में दोषी पाया गया। जांच अधिकारी के अनुसार, आगजनी के समय न तो सेफ्टी सुपरविजन पर्याप्त था और न ही यूनिट में फायर-सेफ्टी उपकरण प्रभावी रूप से उपलब्ध थे। सुरक्षा मानकों की उपेक्षा करते हुए ठेका श्रमिकों को जोखिमपूर्ण क्षेत्र में काम कराया जा रहा था।

उदय कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने जानी कानून की बारीकियां

कुम्हारी/नवप्रदेश। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, भिलाई-3 में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर एक विधिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उदय कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, कुम्हारी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को निशुल्क विधिक सहायता, मोटर यान अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो अधिनियम व अन्य प्रासंगिक कानूनों के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अधिकांश प्रश्नों के सही उत्तर देकर अपने विधिक ज्ञान का परिचय दिया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। क्विज प्रतियोगिता के बाद व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 के न्यायाधीश व सीनियर अधिवक्ताओं द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को विधिक प्रावधानों व निशुल्क विधिक सहायता के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजन को सफल बनाने में सीनियर अधिवक्ता गणेश शुक्ला, सुधीर त्रिपाठी, आरपी सिंह, मनमोहन सिंह व न्यायिक कर्मचारी विकास सोनी, अशोक पटेल, कैलाशपति पांडे, रवि रंगारी, पुरुषोत्तम का सक्रिय सहयोग रहा। उदय कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने भी कार्यक्रम आयोजन में सहयोग दिया।

बीएसपी के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन

भिलाई/नवप्रदेश। चेन्नई में 5 नवम्बर से 9 नवम्बर तक आयोजित 23 वीं एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के एथलीटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और संयंत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में बीएसपी से गंगेश्वर देवांगन एसएमएस 2, सुरेश पुसरिया कोक ओवन, प्रवीण कुमार चापले कोक ओवन भागवत राम नेताम एसपी 2 ज्ञान सिंह मेडिकल ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में गंगेश्वर देवांगन ने 60 आयु वर्ग की 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर देश व संयंत्र का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर क्रीड़ा, संस्कृति एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के उप महाप्रबंधक ओलंपियन राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, बीएसपी एथलेटिक क्लब के उपाध्यक्ष व सहायक महाप्रबंधक परविंदर और सेल एथलेटिक अकादमी के कोच अनिरुद्ध ने खिलाडि़यों को सम्मानित किया।

महिला ने ससुराल पक्ष पर लगाए दहेज प्रताड़ना के आरोप

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई निवासी लक्ष्मी पटेल (24 वर्ष) ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। लक्ष्मी का कहना है कि पति और ससुर हमेशा ताना मारकर मारपीट करते हैं। महिला की शिकायत पर महिला थाना ने पुलिस केस दर्ज कर लिया है। लक्ष्मी ने पुलिस को बताया कि शादी के दूसरे दिन से ही पति और ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। उसे पेट्रोल डालकर जलने की धमकी दी जाती है। लक्ष्मी का विवाह 21 अप्रैल 2022 को सामाजिक रीति-रिवाज से बलराम पटेल से हुआ था। लक्ष्मी के पिता ने 50 हजार रुपए कैश, बाईक, घरेलू सामान और सोना-चांदी के आभूषण दिए थे। लक्ष्मी ने बताया कि ससुराल पहुंचते ही पति बलराम पटेल और ससुर कुंभकरण पटेल ने उसे नीचा दिखाना शुरू कर दिया। 30 मार्च 2024 को रात करीब 11-12 बजे पति और ससुर एक बैग लेकर आए। लक्ष्मी ने बताया कि अप्रैल 2025 में एसपी कार्यालय और बाद में महिला थाना में आवेदन दिया था। 24 अक्टूबर, 31 अक्टूबर और 7 नवंबर को काउंसलिंग हुई, जिसमें पति ने माफी मांगकर साथ रखने का आश्वासन दिया, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी वह उसे लेने नहीं आया। पति-ससुर ने लड़ाई-झगड़े और मारपीट के दौरान उसके सारे कीमती आभूषण छीन लिए। महिला थाना भिलाई नगर ने पति और ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत पर मंत्री गजेन्द्र ने दी शुभकामनाएं

दुर्ग/नवप्रदेश। बिहार विस चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा को प्रचंड जीत मिलने पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने केंद्रीय नेतृत्व, विजयी प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और उनके नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास को समर्पित है। मंत्री यादव को बिहार चुनाव में छपरा और बनियापुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था। दोनों विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी की विजय हुई है। बिहार चुनाव के दौरान केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने लगातार 15 दिनों तक सघन जनसंपर्क किया और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। यादव समाज से आने के कारण पार्टी ने बिहार में गजेंद्र को बड़ी जिम्मेदारी दी थी। चुनाव में छपरा और बनियापुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के साथ साथ सारण और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाई। दीपावली के दूसरे दिन से ही गांव-गांव में सघन जनसंपर्क किया। सभी विधानसभा क्षेत्र में समाज, व्यापारिक संगठन, समूह की बैठक लेकर संवाद किया और भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को बताकर बिहार में विकास की गति और आगे बढ़ाने भाजपा पर भरोसा जताने अपील की। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि बिहार चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत हुई है। छपरा विधानसभा की प्रत्याशी छोटी कुमारी और बनियापुर विधानसभा के प्रत्याशी केदारनाथ सिंह को जनता ने अपार जनसमर्थन दिया।

विधायक ललित ने रिसाली-नगपुरा में मनाया जश्न

भिलाई/नवप्रदेश। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ नगपुरा चौक में आतिशबाज़ी करते हुए मिठाई बांटकर जश्न मनाया। चंद्राकर को भाजपा नेतृत्व ने बिहार विधानसभा चुनाव में पूर्णिया संभाग अंतर्गत आने वाले पांच जिले पूर्णिया, मधेपुरा, कटिहार, अररिया और किशनगंज में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री गिरेश साहू, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू नगपुरा सरपंच सरोज रिगरी दमोदा सरपंच गायत्री साहू खुरसुल सरपंच सुनीता लहरी रसमड़ा सरपंच मोतीम निषाद बेलौदी सरपंच जामवंतिन देशमुख ढाबा सरपंच कमलनारायण साहू अंजोरा सरपंच प्रेमिन साहू वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता संतोष धीवर ओम प्रकाश ब्यास सुमिरन साहू पूर्व सरपंच भूपेन्द्र रिगरी, पूर्व सरपंच सुखदेव देवांगन नरेन्द्र निषाद सोसाइटी अध्यक्ष मुकेश मंडाले ओंकार देवांगन भीष्म साहू पवन महतेल कुंज बिहारी चंद्राकर गावेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक चंद्राकर ने बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर रिसाली जोहार चौक में कार्यकर्ताओं के साथ आतिशबाज़ी करते हुए मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। इस दौरान रिसाली मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, समाजसेवी सोनू राम सिंह पार्षद मनीष यादव धर्मेन्द्र भगत उपस्थित थे।

अखण्ड भारत की नींव रखने में सरदार पटेल की अद्वितीय दूरदृष्टि का अमूल्य योगदान: सांसद बघेल

सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर सांसद यूनिटी मार्च (एकता पदयात्रा) का भव्य आयोजन किया गया। पदयात्रा का शुभारंभ दोपहर 12 बजे कैंप मंडल स्थित तीन दर्शन मंदिर में सरदार पटेल के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद पदयात्रा नेहरू चौक, सुभाष चौक, शहीद चौक होते हुए जलेबी चौक पहुंची। यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, नंदनी रोड, केनाल रोड, सोनिया गांधी नगर, जीई रोड, वैशाली नगर, सुपेला, कोहका, जेवरा सिरसा, पावर हाउस, खुर्सीपार, आहिवारा, डबरा पारा, भिलाई-3, चरौदा व मुरमुंदा सहित विभिन्न क्षेत्रों से निरंतर आगे बढ़ती रही। मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा, फूलमालाओं, फल और चॉकलेट वितरण कर रैली का स्वागत किया। पार्षद पीयूष मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने पदयात्रा का स्वागत किया। पदयात्रा में जनप्रतिनिधि, शंकराचार्य कॉलेज, रुंगटा कॉलेज व एमजे कालेज के विद्यार्थी व युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। पदयात्रा में शामिल लोगों ने एकता, अखंडता और आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में आयोजित आठ किलोमीटर की पदयात्रा में बुजुर्गों से लेकर युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज भारत जिस शक्ति और एकता के साथ आगे बढ़ रहा है, उसके पीछे सरदार पटेल की अद्वितीय दूरदृष्टि का अमूल्य योगदान है। उन्होंने अखंड भारत की नींव रखी। हम सब एकजुट रहें, तो भारत को विश्व शिखर तक पहुँचने से कोई नहीं रोक सकता। पदयात्रा में जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक रिकेश सेन, डोमनलाल कोर्सेवाडा, जिपं अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, बिजेंद्र सिंह, मनीष अग्रवाल, स्वीटी कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यूनिटी मार्च के समापन अवसर पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। सभी मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख लोगों में प्रेमलाल साहू, योगेंद्र सिंह, विनोद सिंह, महेश वर्मा, संजय दानी, वीरेंद्र साहू, शंकर लाल देवांगन, नटवर ताम्रकार, भोजराज सिन्हा, दया सिंह, शैलेंद्र सिंह, आनंद ताम्रकार, गोपाल कृष्ण वर्मा, मदन सेन, मनोज तिवारी, रश्मि सिंह, भारती साहू, उपासना साहू, चंद्रकांता माण्डले, अमित मिश्रा, अनुपमा शुक्ला, गीता वर्मा, पूर्णिमा ठाकुर, रेखराम वर्मा, अशोक गुप्ता, रूपराम साहू, विजय शुक्ला, वरुण यादव, धर्मेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह राजपूत, प्रशांत गुप्ता, गोल्डी सोनी उपस्थित थे।

कर्मचारी नगर विद्युत उपकेंद्र की क्षमता बढ़ी, उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत जवाहर नगर जोन के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) कर्मचारी नगर की क्षमता में वृद्धि की है। उपकेंद्र में 65.99 लाख रुपये की लागत से 3.15 एमवीए का एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिसे सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। ट्रांसफार्मर लगने से उपकेंद्र की कुल क्षमता 10 एमवीए से बढ़कर 13.15 एमवीए हो गई है।

दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि पूर्व में सबस्टेशन में स्थापित 5 एमवीए के दोनों ट्रांसफार्मर अक्सर ओवरलोड हो जाते थे, जिसके कारण लो वोल्टेज और लोड शेडिंग जैसी समस्या का सामना करना पड़ता था।

अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से आईएचएसडीपी कॉलोनी, जयंती नगर, साईं नगर, सिकोला भाटा, सिकोला बस्ती, मुखर्जी नगर, प्रेम नगर, विजय नगर, मोहन नगर, करहीडीह व रांका के लगभग 4000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। यह कार्य पूरा होने पर खंडेलवाल ने अधीक्षण अभियंता शहर वृत्त जे. जगन्नाथ प्रसाद, कार्यपालन अभियंता एसके रॉय व आरके दानी सहित सहायक अभियंताओं मोनिका नायर, रुचि सैलेट, राजेन्द्र गिरी गोस्वामी, ढालेश्वर साहू, महेन्द्र कुमार साहू व उनकी पूरी टीम को बधाई दी है।

धान खरीदी कार्य अति आवश्यक सेवा : जिले में एस्मा लागू, लापरवाही करने पर होगी कार्रवाई

■ **समय पर उपस्थित न होने पर अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ होगी बर्खास्तगी की कार्रवाई**

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को अति आवश्यक सेवाओं में लेने हेतु बालोद जिले में एस्मा लगाने का आदेश जारी किया गया है। ताकि, बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य बिना किसी अवरोध के सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु जिले के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। समय पर अपने कार्य में उपस्थित न होने पर उनके विरूद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जिले के समस्त ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी को पत्र जारी कर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु सौंपे गए दायित्व के निर्वहन के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने पत्र जारी कर कहा है कि खरीफ वर्ष 2025-26 में सुचारु रुप से धान खरीदी किये जाने हेतु 14 नवंबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सुबह 11 बजे प्रशिक्षण आयोजित किया गया था, जिसमें ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी अनुपस्थित रहे। समर्थन मूल्य में धान

खरीदी का कार्य राज्य शासन द्वारा आवश्यक सेवा में शामिल किया गया है। उन्होंने सभी ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि धान उपार्जन कार्य में सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन अनिवार्य रूप से करें। आज 14 नवंबर को जनपद कार्यालय में शाम 6 बजे दोबारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। नियत समय व स्थान में प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लेकर सौपे गये दायित्त्वों का पालन सुनिश्चित करें। ऐसा न करने पर एस्मा के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से प्रदेश के सभी धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य विधिवत् प्रारंभ हो जाएगा। मुख्य सचिव विकासशील ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों के साथ-साथ सहकारी संस्थाओं के उप पंजीयक, जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अन्य अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक लेकर 15 नवंबर से शुरू हो रहे धान खरीदी के कार्य की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर आपरेटरों की नियुक्ति

वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारियों व कम्प्यूटर आपरेटरों को प्रशिक्षण प्रदान कर सभी धान खरीदी केन्द्रों में प्रत्येक कार्य दिवसों में सुबह 8 बजे से अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव विकासशील ने सभी जिला कलेक्टरों को शनिवार 15 नवंबर से अनिवार्य रूप से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अपने कार्य में उपस्थित न होने वाले समिति प्रबंधकों व कम्प्यूटर आपरेटरों के विरूद्ध अनिवार्य रूप से बर्खास्तगी की कार्रवाई करने कहा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, संयुक्त कलेक्टर मधु हर्ष, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरके राठिया, जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

समिति प्रबंधकों और आपरेटरों के हड़ताल में जाने पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है। मुख्य सचिव ने वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को अति आवश्यक सेवाओं में शामिल करते हुए एस्मा लगाने की जानकारी दी। लापरवाही बरतने या धान खरीदी के कार्य में समय पर उपस्थित न होने वाले अधिकारी-कर्मचारी की बर्खास्तगी की जाएगी।

■ ▌**न्यूज गैलरी**

तीन समिति प्रबंधकों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त

राजनांदगांव। लोकहित के व्यापक कार्य में बाधा डालने के कारण राजनांदगांव विकासखंड के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बोरतलाब के समिति प्रबंधक ईश्वर श्रीवास व कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गठुला के समिति प्रबंधक किशुन देवांगन और डोंगरगढ़ विकासखंड के कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित के समिति पनियाजोब के समिति प्रबंधक भीखम चंद जैन की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

समिति प्रबंधकों को जनहित के कार्य प्रभावित होने के कारण तत्काल कार्यालय में उपस्थित होने निर्देशित किया गया था, लेकिन सूचना के पश्चात भी कार्यालय में उपस्थिति नहीं दी गई। यह कृत्य अनुशासनहीनता की परिधि में आने के पर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने कारण बताओ सूचना पत्र देते हुए अंतिम अवसर प्रदान किया गया। कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब प्रेषित किया गया। जवाब समाधानकारक नहीं होने से बोर्ड द्वारा अमान्य किया गया। समिति प्रबंधकों की अनुपस्थिति के कारण समिति में धान उपार्जन की तैयारी प्रभावित हुई है, जो व्यापक लोकहित के विपरीत है। साथ ही किसानों को रबी ऋण वितरण, खाद-बीज वितरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित हुए है, जो गंभीर दुराचरण की श्रेणी में आता है। इस गंभीर कृत्य के लिए बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय के परिप्रेक्ष्य में सेवा नियम के तहत लोकहित के व्यापक कार्य में बाधा डालने के कारण समिति प्रबंधकों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

कांचरी मे संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

खैरागढ़। संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत ग्रम कांचरी मे आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व जिपं सदस्य घम्मन साहू ने प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। दो दिवसीय संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले रेस प्रतियोगिता में छह से अधिक स्कूलो के प्राथमिक व पूर्व मा शाला के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम में घम्मन साहू सहित जिपं सभापति दिनेश वर्मा, दयाराम वर्मा, महेन्द्र वर्मा, उमेश वर्मा मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में मोरेश्वर वर्मा, हेमंत वर्मा, नोहरू जंघेल, चंद्रकांति देवेन्द्र यादव, अनीता जंघेल, रीणा जंघेल, सुनीता गायकवाड़ गोपाल राजपूत सहित शिक्षण, छात्र पालक उपस्थित रहे।

बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत, सांसद ने दी बधाई

■ **सांसद संतोष पांडेय के प्रभार क्षेत्र में सभी सीटों पर एनडीए को मिली बड़ी जीत**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को ऐतिहासिक व शानदार जीत मिलने पर सांसद संतोष पांडे ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। बिहार चुनाव में भाजपा संगठन द्वारा सांसद संतोष पांडेय को पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र का दायित्व दिया गया था, जहाँ उन्होंने लगातार दौरा किया। आम जनता से मिलने के साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ मैराथन बैठकें की और एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। पीएम मोदी की नीतियों, उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाया।

सांसद संतोष पांडेय के कुशल रणनीति और मार्गदर्शन में 6 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की है। सांसद संतोष पांडेय लगातार बिहार विधानसभा चुनाव में सक्रियता कर्मठता के साथ जुटे रहे, जिसके चलते, हरसिद्धि, गोविंदगंज, केसरिया, कल्याणपुर, पिपरा और मोतिहारी में एनडीए ने जीत दर्ज की। सांसद संतोष पांडेय के बेहतर चुनाव संचालन और रणनीति के चलते चार विधानसभा क्षेत्र में भाजपा, एक विधान सभा क्षेत्र गोविंदगंज में एलजेपी, एक विधान सभा क्षेत्र केसरिया में जेडीयू को सफलता मिली।

एनडीए की जीत बिहार की प्रगति के लिए जनता की प्रतिबद्धता का प्रतीक : भावना

पंडरिया/नवप्रदेश। बिहार में हुए चुनाव में भाजपा और एनडीए गठबंधन को मिली ऐतिहासिक जीत पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की जनता ने एक बार फिर अपने जनादेश से सिद्ध कर दिया है कि वह विकास, स्थिरता और सर्वसमावेशी प्रगति के मार्ग पर अटूट विश्वास रखती है। यह परिणाम सिर्फ चुनावी जीत नहीं, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, उनकी गारंटी, और उभरते हुए नये बिहार के भविष्य में जन-जन का अटूट विश्वास है।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार पुनः बिहार के विकास, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने सहित प्रदेश में विकास व अधोसंरचना निर्माण को गति देने के लिए सुशासन की सरकार को चुना है। विपक्षी पार्टियों ने कई भ्रम फैलाए। चुनाव जीतने प्रधानमंत्री की माताजी का अपमान किया। कई झूठे वादे लेकर जनता के बीच गए, लेकिन जनता ने विपक्ष के चुनावी वादों को नकार दिया।

बिहार की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। पीएम मोदी ने बिहार के लिए विशेष पैकेज दिया जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है।

जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस आज

बालोद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन बालोद द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के जयंती के अवसर पर शनिवार 15 नवंबर को जिला मुख्यालय बालोद के जय स्तंभ चैक स्थित नगर पालिका परिसर सी मार्ट में दोपहर 12 बजे जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अनिला भेडिया, विधायक कुंवर सिंह निषाद, विधायक संगीता सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिपं उपाध्यक्ष तोमन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, नपा पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव व राज्य एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया सहित जनजातीय समाज के प्रमुखों के अलावा जिले के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहेंगे।

अच्छी वेशभूषा के लिए 15 और परेड ड्रिल के लिए 2 पुलिस जवान पुरस्कृत

■ **पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने जनरल परेड की सलामी ली**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने परेड की सलामी ली। सलामी के बाद जनरल परेड के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के वेशभूषा का निरीक्षण किया। इस दौरान अच्छी वेशभूषा धारण करने वाले 15 जवानों और अच्छी परेड ड्रील करने वाले 2 जवानों को उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कृत किया। मार्च पास्ट के बाद पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने रक्षित केन्द्र के विभिन्न शाखाओं जैसे एमटी, आरमोरी, क्वार्टगार्ड, रोजनामचा, स्टोर शाखा आदि का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र में 22 कर्मचारियों की गुजारिश सुनी और उनकी समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। जनरल परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर सहित थाना व रक्षित केन्द्र के 126 अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित थे।

पारपंरिक खेल के आयोजन से उभरती हैं स्थानीय प्रतिभाएं - शताक्षी

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के धनगांव में मारुति कबड्डी क्लब के तत्वाधान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शताक्षी सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम में राजा आर्यव्रत सिंह भी उपस्थित थे। जिपं सदस्य शताक्षी सिंह के ग्राम पहुँचने पर आयोजन समिति सहित ग्रामीणो ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शताक्षी ने गांव में कबड्डी के सफल आयोजन के लिये आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर पारपंरिक खेल के आयोजन से स्थानीय प्रतिभाएं सामने आती है। इन प्रतिभाओं का समर्थन और आगे बढ़ाने के लिए ऐसे खेलों का आयोजन जरूरी है। उन्होने जिपं की ओर से ग्राम विकास के कार्यो को प्राथमिकता के साथ कराने के लिए आश्वस्त किया। राजा आर्यव्रत सिंह ने कहा कि क्षेत्र उनका परिवार और घर है। हर कार्य, कार्यक्रम में उनकी सहभागिता होगी। कार्यक्रम में रामकुमार वर्मा, जनपद सदस्य निर्मला वर्मा, कृष्णकुमार वर्मा, रेवा वर्मा, नित्यशरण सिंह, अनिल सेन राजेन्द्र वर्मा, सतीश वर्मा, गौकरण वर्मा सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

पोहा उद्योग को मिली बड़ी राहत

धान पर अब केवल 1 प्रतिशत मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क से पूर्ण छूट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने पोहा उद्योग से जुड़े व्यापारियों और प्रसंस्करण इकाइयों को बड़ी राहत दी है। पोहा निर्माण हेतु उपयोग में लाए जाने वाले धान पर केवल 1 प्रतिशत मंडी शुल्क लिया जाएगा। कृषक कल्याण शुल्क से पूर्ण छूट प्रदान की गई है। यह निर्णय कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग की अधिसूचना 6 नवंबर से प्रभावशील हो गई है। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत संशोधन करते हुए पूर्व में लागू 1.5 प्रतिशत मंडी शुल्क को घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के प्रबंध संचालक ने आदेश जारी कर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर व जगदलपुर के संभागीय कार्यालयों को निर्देशित किया है कि अधीनस्थ मंडी समितियों को अधिसूचना से अवगत कराया जाए। इस निर्णय से न केवल प्रसंस्करण उद्योग को राहत मिलेगी।

व्यापारियों ने किया फैसले का स्वागत

कैट जिलाध्यक्ष राजू डागा ने कहा कि इस निर्णय का कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) व पोहा मिल उत्पादक संघ ने स्वागत किया है। पोहा उद्योग लंबे समय से मंडी शुल्क में कमी की मांग कर रहा था। राज्य सरकार का यह निर्णय व्यापारियों के हित में ऐतिहासिक कदम है। कैट के वरिष्ठ सदस्य संजय तेजवानी ने कहा कि इससे उद्योग को वित्तीय राहत मिलेगी, लागत घटेगी और छोटे उत्पादक फिर से प्रतिस्पर्धा में टिक सकेंगे। पोहा उत्पादक विष्णु प्रसाद लोहिया ने कहा कि पोहा उद्योग से जुड़े व्यापारी और किसान दोनों को लाभ होगा। यह निर्णय 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को भी मजबूती देगा। भावेश अग्रवाल, सोहन देवांगन, राजेंद्र जैन, अशोक पांडे व राजेश जैन व अन्य जिला कैट पदाधिकारीगण ने कहा है कि मंडी टैक्स में छूट से किसानों को उनकी उपज का उचित दाम प्राप्त होगा।

कांग्रेस का अनोखा विरोध.. **प्लांट में ठेकेदारों की पार्टी का खुलासा होने के बाद भी निगम ने नहीं की कार्रवाई**

प्रतिबंधित क्षेत्र रानी ज्योतकुंवर देवी वाटर प्लांट में बर्थ-डे पार्टी करने मांगी अनुमति

राजनादगांव/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा घोषित प्रतिबंधित एरिया में ठेकेदारों की पार्टी के विरोध में कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने अनोखे तरीके से विरोध जताया। निखिल की अगुवाई में कांग्रेसी अपने-अपने आवेदन लेकर जिला कार्यालय पहुंचे। आवेदन के माध्यम से प्रतिबंधित क्षेत्र में पार्टी करने, बच्चों का बर्थ डे मनाने, दिवाली मिलन का कार्यक्रम कराने की अनुमति मांगी गई।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में जब ठेकदारों की पार्टी आयोजित हो सकती है तो उन्हें भी दीपावली मिलन, जन्मदिन, तेरहवीं जैसे कार्यक्रमों की अनुमति दी जाए। जिस अधिकारी ने आयोजन की अनुमति दी है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिये। पार्टी के आयोजकों पर एफआईआर दर्ज की जानी चाहिये।

कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा है कि जल शुद्धिकरण का प्लांट संवेदनशील एरिया है। यहीं से पूरे शहर को पानी सप्लाई होती है। बाहर प्रतिबंधित क्षेत्र का सूचना बोर्ड लगा है। इसके बावजूद वहां बड़ी संख्या में ठेकेदारों की पार्टी आयोजित होना शर्मनाक है। निखिल ने कहा कि क्या महापौर मधुसूदन यादव ने आयुक्त को कह कर पार्टी का आयोजन कराया था। या किसी प्रकार की लिखित अनुमति प्रशासन द्वारा दी गई थी। अगर नहीं दी गई थी तो फिर ठेकेदारों की इस पार्टी के आयोजनकर्ता पर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है।

निखिल ने कहा कि हम भी जिला प्रशासन से जन्मदिन, दीपावली मिलन, पुन्नी मेला मिलन, तेरहवीं कार्यक्रम और अन्य कार्यक्रमों की अनुमति मांगने आए हैं। अगर प्रशासन हमें अनुमति नहीं देगा तो उन ठेकेदारों को किसने अनुमति दी? कांग्रेस नेता सूरज शर्मा ने कहा कि सरकार के नेता और अधिकारियों की सांठगांठ से निगम के ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं। कमीशन का खेल खुलेआम चल रहा है। महापौर मधुसूदन यादव और आयुक्त अतुल विश्वकर्मा कमीशन के चक्कर में ठेकेदारों को शह दे रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विस क्षेत्र के प्रतिबंधित वाटर प्लांट में पार्टी होने के बावजूद विस अध्यक्ष ने इसे संज्ञान में नहीं लिया जबकि वाटर प्लांट का एरिया शहर के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। आज आवेदन लेकर पहुंचने वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व पार्षद गणेश पवार पूर्व पार्षद शरद पटेल केशव पटेल रीना पटेल ललिता साहू पायल प्यारे सरपंच गंभीर साहू हर्ष साहू दीनू साहू युगल साहू हर्ष खोबरागड़े चंद्रशेखर मालेकर ठाकुर राम साहू सौरभ तिवारी परमानन्द वर्मा मोहित कोचरे, युवराज साहू दीपक सोनकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल थे।

राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छग के 16 में से 15 बच्चों ने जीते मेडल

बालोद/नवप्रदेश। पंजाब के अमृतसर में आयोजित राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के 16 बच्चों में से 15 बच्चों ने मेडल जीतकर प्रदेश और अपने जिलों का नाम रोशन किया।

बालोद जिले के प्रतिभाशाली बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज तीनों श्रेणियों में मेडल जीते। बालोद शहर के आयुष जसूजा ने सिल्वर मेडल जीत कर जिले और राज्य का गौरव बढ़ाया। भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी के कोच गोपाल यादव के मार्गदर्शन व कठिन परिश्रम से यह सफलता हासिल की।

अनिल मुस्कान जसूजा के सुपुत्र व संतोष जसूजा के भतीजे आयुष ने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल कर बालोद और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

आयुष के बालोद लौटने पर भाजपा कार्यकर्ताओं, सिंधु समाज, स्थानीय नागरिकों और खेलप्रेमियों ने सभी विजेता खिलाडियों का गर्मजोशी से स्वागत, अभिनंदन किया। नागरिकों ने होनहार खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बालोद जिले से अंजलि साहू, चिकलेश्वरी आमदो, भामन सिन्हा ने गोल्ड मेडल, मनीष देशमुख, आयुष जसूजा ने सिल्वर मेडल और संयम यादव, मयंक साहू ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर अमित चोपड़ा, कमल पनपालिया, नरेंद्र सोनवानी, राकेश बाफना, पंकज आहूजा, अखिलेश तिवारी, लक्ष्मी साहू, पिंटू जात्रे, हरि शंकर वर्मा, उमाशंकर साहू, अजय यादव, हरीश चेनानी, मोहन जसूजा, श्याम माधवानी, मोहन सेवलानी, अजय कार्डा, मनोज जसूजा, विक्रम लालवानी, सुभाष माधवनी, सोहन आहूजा, कमल बजाज, नरेंद्र बजाज, नरेश बजाज, जय माधवानी, कृष्णा बजाज, जतिन सेवलानी, गौतम आडवाणी, लवली आहूजा, सच्चिदानंद जसूजा व अन्य नागरिकगण मौजूद थे।

पेज 1 का शेष

बिहार में एनडीए की...

चुनाव लड़ा था। अन्य सहयोगी पार्टियों एलजेपी को 29 सीटें, हम और आरएलएम को 6-6 सीटें दी गई थीं। बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बनाया मैं कहता हूं कि आपकी आशा मेरा संकल्प है। आपकी आकांक्षा मेरी प्रेरणा है। अब का बिहार विकसित होगा। भाजपा की ताकत उसका कार्यकर्ता है। भाजपा का कार्यकर्ता कुछ ठान लेता है तो कुछ भी असंभव नहीं रह जाता है। आज की विजय ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को केरल, तमिलनाडु, असम, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल में भी नई ऊर्जा से भर दिया है। यहां गंगा जी, बिहार से बहते हुए ही बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बना दिया है। मैं बंगाल के भाई-बहनों से कहता हूं कि भाजपा आपके साथ मिलकर बंगाल से जंगलराज को उखाड़ फेंकेगी।

कांग्रेस का एक और विभाजन हो सकता है,कांग्रेस अब मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस, यानी एमएमसी बन गई है। यही एमएमसी है और इसका पूरा एजेंडा इसी पर चलता है। इसके भीतर एक अलग धड़ा पैदा हो रहा है, जो नेगेटिव पॉलिटिक्स से अलग हो रहा है। यह धड़ा नामदारों के खिलाफ है, और उनके प्रति घोर निराशा पनप रही है। आगे चलकर कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन हो सकता है। इसके सहयोगी दल भी अब समझने लगे हैं कि कांग्रेस अपनी निगेटिव राजनीति में सबको एक साथ डुबो रही है।

बिहार में निवेश और रोजगार की तेजी होगीः आने वाले 5 साल बिहार तेज गति से आगे बढ़ेगा। यहां नए उद्योग लगेंगे। यहां के नौजवानों को यहीं रोजगार मिले, इसके लिए काम होगा। निवेश ज्यादा नौकरियां लाएगा। यहां पर्यटन का विकास होगा। यहां का सामर्थ्य दुनिया को दिखेगा। आस्था के स्थानों, तीर्थस्थानों का कायाकल्प होगा।

203 सीटों के परिणाम ...

पार्टी मार्क्सवादी- लेनिनवादी (भाकपा- माले) के दो प्रत्याशी जीत दर्ज कर चुके हैं।मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का एक उम्मीदवार जीत दर्ज कर चुका है।

इसके अलावा ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पांच उम्मीदवार जीत दर्ज कर चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एक उम्मीदवार मतगणना में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे चल रहे हैं।

सही समय पर लिया गया ...

आयोग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

अब वापस नहीं आएगी कट्टा सरकारः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, बिहार के चुनाव में जब मैं जंगलराज की बात करता था, कट्टा सरकार की बात करता था तो राजद के लोग विरोध नहीं करते थे लेकिन कांग्रेस को बहुत चुभता था। लेकिन आज मैं फिर कहता हूं कि अब वापस नहीं आएगी कट्टा सरकार ।

मोदी और नीतीश के ...

जिसने भारत को लोकतंत्र की जननी होने का गौरव दिया है। आज उसी धरती ने लोकतंत्र पर हमला करने वाली ताकतों को धूल चटाई है। बिहार ने फिर दिखाया है, झूठ हारता है - जनविश्वास जीतता है। बिहार ने डंके की चोट पर कह दिया है, जमानत पर चल रहे लोगों का जनता साथ नहीं देगी।

सीमांचल की जनता का धन्यवाद- असदुद्दीन ओवैसी

एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन औवेसी ने कहा, मैं सीमांचल की जनता का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे पांच विधायकों को जिताया। हम आज भी सीमांचल के इंसाफ की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह बिहार की जनता का फैसला है और हमें इसे इज्जत की निगाहों से स्वीकार करना है।

बिहार के युवाओं ने किया एसआईआर का जबरदस्त समर्थनः पीएम

भाजपा मुख्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, बिहार के चुनाव ने एक और बात सिद्ध की है। अब देश का मतदाता, खासतौर पर हमारा युवा मतदाता, मतदाता सूची के शुद्धिकरण को बहुत गंभीरता से लेता है। बिहार के युवा ने भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण (एसआईआर) का जबरदस्त तरीके से समर्थन किया है। अब हर दल का दायित्व बनता है कि वे पोलिंग बूथ पर अपनी-अपनी पार्टियों को सक्रिय करें और मतदाता सूची के शुद्धिकरण के काम में उत्साह के साथ जुड़ें और शत प्रतिशत योगदान दें, ताकि बाकी जगहों पर भी मतदाता सूची का पूरी तरह शुद्धिकरण हो सके।

छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ....

हुआ था। चुनाव में 59.05 प्र. वोट पाकर पहले नंबर पर भाजपा रही थी।

समर्थन मूल्य पर...

जा रही हैं। कलेक्टर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी अपने-अपने जिलों में दौरा कर धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था का मुआयना कर रहे हैं।राज्य में इस साल किसानों से धान खरीदने के लिए 2739 उपार्जन केंद्रों बनाए गए हैं। सभी केन्द्रों में धान खरीदी के साथ-साथ क्रय धान के उठाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।

धान खरीदी के लिए ...

निर्णय लिया गया। यह निर्णय शासकीय कार्य में सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य ''मिनिमम गवर्मेंट मैक्सिमम गवर्नेंस'' का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

राज्य प्रवर्तित दीनदयाल आवास योजना : मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य प्रवर्तित दीनदयाल आवास योजना, अटल आवास योजना, अटल विहार योजना एवं नवा रायपुर मुख्यमंत्री आवास योजना हेतु पूर्व में जारी नियम एवं शर्तों में पात्रता हेतु निम्नलिखित अतिरिक्त प्रावधानों का समावेश कर विक्रय की अनुमति प्रदान की गई।

धमधा भाजपा मंडल ने बिहार विधानसभा में एनडीए की जीत पर मनाया जश्न

धमधा/नवप्रदेश। एक बार फिर बिहार की जनता ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी पर विश्वास जताते हुए ह्ष्ठ को प्रचंड जीत दिलाई है।

एनडीए को विजयी बनाकर बिहार के विकास और विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम को रफ़्तार देने के लिए *भाजपा धमधा मंडल* के द्वारा बिहार की जनता को हार्दिक बधाई एवं आभार व्यक्त किया ।

इस शुभ अवसर पर आज धमधा भाजपा मंडल के सभी कार्यकर्ताओ ने पटाखे फोड़ एवं मिठाई खिलाकर बधाई दिया। ईस अवसर पर धमधा भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट, मंडल मंत्री मनोज साहू, जितेंद्र देवांगन, पार्षद चन्द्रिका प्रसाद, डोमार सोनकर, नरेस साहू, तुलसी पटेल, मोहन पटेल, जितेंद्र साहू, दिलीप गुप्ता, शिला शर्मा, गांधारी कहार, स्वरूप नारायण ताम्रकार, अरुण राजपूत सहित सभी पदाधिकारिगण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

बेमौसम बारिश से खेतों में दलदल और नमी ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

■ मजदूर की किल्लत, चेन हार्वेस्टर बना सहारा

महासमुंद/नवप्रदेश। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगा। किसान अपनी फसल को संजोने में लगे हैं। मौसम खुलते ही अब किसान युद्धस्तर पर अपनी फसल समेटने में जुटे हैं। हालांकि, बारिश के कारण खेतों में दलदल और नमी बनी हुई है। जो किसानों के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है, जिससे व्हील हार्वेस्टर जवाब देने लगे हैं और अब चैन हार्वेस्टर की मांग में अचानक तेजी

आ गई है। बता दें कि दीपावली के पहले से ही अर्ली वैरायटी का धान हरूना व महामाया (मोटा धान) की कटाई पूरी हो चुकी है। किसानों ने समर्थन मूल्य पर बेचने की पूरी तैयारी कर ली है। जिले में मौसम की अनिश्चितता के बाद अब आसमान साफ होने से धान कटाई के काम ने जोर पकड़ लिया है। पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश और बदली ने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी, जिससे कटाई का काम प्रभावित हुआ था। लेकिन, दीपावली के तुरंत बाद और मौसम खुलने के बाद से ही जिले में अपनी फसल काटने में किसान जुट गए हैं। मौसम खुलने से किसानों ने राहत की सांस ली है, लेकिन समस्या अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। बारिश की वजह से खेतों में नमी बहुत ज्यादा है और कई निचले इलाके दलदली हो गए हैं।

12.45 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य

पिछले साल 11 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। इस साल 12 लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के 182 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से इस साल 1 लाख 65 हजार 288 किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे। लेकिन सहकारी समितियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते 15 नवंबर से धान खरीदी को लेकर संशय नजर आ रहा है। हालांकि इससे निपटने के लिए शासन ने राजस्व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी। पर बताया जा रहा है कि उन्होंने धान खरीदी से अपना पल्ला झाड़ लिया है।

कटाई हो रही महंगी

किसानों का कहना है खराब मौसम से खेतों में नमी अधिक है। ऐसे में धान की कटाई में अड़चनें आ रही है। इन्हें काटने के लिए हार्वेस्टर का इस्तेमाल करना जरूरी हो गया है। अधिक दलदल वाले खेतों में चेन हार्वेस्टर ही काम आ रहा है। किसानों ने बताया कि हाथ से धान काटने वाले मजदूरों की कमी है।

ट्रैक्टर की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश।। ट्रैक्टर की टक्कर से काशीपाली पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं उनकी पत्नी घायल हो गई । मामला सरायपाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार पोटापारा निवासी रामप्रसाद साव (53) 11 नवंबर को पत्नी गोरी बाई को बाइक क्रमांक सीजी 06 जीसी 4920 में पीछे बिठाकर दशकर्म में शामिल होने ग्राम पोटापारा से बूटीपाली जा रहा था। ग्राम काशीपाली पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक बिना नंबर आयशर ट्रैक्टर ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पीछे बैठी गोरी बाई को घायल अवस्था में इलाज के लिए सीएचसी सरायपाली ले जाया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

विश्व मधुमेह दिवस एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा विश्व मधुमेह दिवस एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन एवं प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष श्रीमती रेखा कश्यप के नेतृत्व में संपन्न किया गया। बी.एस.सी. एव बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा वेस्ट पदार्थों व क्ले द्वारा विभिन्न जीवों का आकर्षक मॉडल तैयार कर प्रदर्शित किया, इस प्रदर्शन पर प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के द्वारा छात्र-छात्राओं की सराहना की गई। विश्व मधुमेह दिवस होने के कारण निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मधुमेह रोग से दैनिक जीवन में बचाव के उपाय बताया गया। उक्त कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

अवैध शराब के मामले में तीन पर कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले की पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले तीन लोगों के खिलाफकार्रवाई की है। बसना और तेंदूकोना थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बसना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक क्र सीजी 06 जीसी 3926 में महुआ शराब रखकर मोहका से गिधली की ओर परिवहन करने वाला है। सूचना के बाद पुलिस मोहका -गिधली मार्ग में मोड़ के पास पहुंची । जहां कुछ समय बाद बाइक में एक व्यक्ति गिधली की ओर आता दिखा। बाइक के पीछे बोरी बंधी थी ।

खलारी, करही, रिसगांव सहित ग्रामीण—बिजली, सड़क और पुल की सुविधा नहीं

78 वर्ष बाद भी विकास से वंचित फरसगांव

सोलर लाइटें रात करीब 10 बजे तक जलती हैं, उसके बाद पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है।

कुलदीप साहू

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। राज्य को ÷संपन्न और बीजेपी का सरकार बिजली वाला प्रदेश÷ कहा जाता है, लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। धमतरी जिले के आदिवासी विकासखंड नगरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सीतानदी अभ्यारण्य के जंगलों में बसे गांव – फरसगांव, खलारी, करही, रिसगांव सहित आसपास के अनेक ग्राम आज भी बिजली, सड़क और पुल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी वे 1947 जैसी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सौर ऊर्जा के माध्यम से रोशनी पहुंचाने की सरकारी योजना भी यहाँ अधूरी साबित हो रही है। ग्रामीण बताते हैं कि सोलर लाइटें रात करीब 10 बजे तक जलती हैं, उसके बाद पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। मौसम खराब होने के सूर्य नहीं निकलने के कारण व बैटरी मेंटेनेंस की कमी के कारण लाइटें कभी कभी अक्सर रात्रि सौर ऊर्जा जल्दी बंद हो जाती हैं साथ वहीं दिन को सुबह से शाम 6 बजे तक बंद रहे है

ग्रामीणों ने सवाल उठाया जब राज्य को बिजली सफ्लाई कहा जाता है, तो हमारे गांव अब तक अंधेरे में क्यों हैं? बरसात में कट जाता है संपर्क, कुछ जगहों पर लकड़ी के पुलों से बना है आवागमन इन गांवों में सड़क और पुल-पुलिया की स्थिति भी बेहद खराब है। बरसात के मौसम में कच्ची सड़कें कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं और सोढ़ूर नदी पर मजबूत पुल न होने के कारण गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है।

ग्रामीणों को किसी आपात स्थिति – खासकर प्रसव पीड़ित महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतें आती हैं।आपातकालीन सेवाएं 108 और 102 भी इन गांवों तक नहीं पहुंच पातीं, जिससे ग्रामीण मोटरसाइकिलों के सहारे मरीजों को अस्पताल ले जाने को मजबूर हैं। कई जगह ग्रामीणों ने लकड़ी के अस्थायी पुल बनाकर आवागमन की व्यवस्था की है।

सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित

प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना किसान सम्मान निधि, जैसी विभिन्न योजनाओं का लाभ गांव परिवारों तक पहुंचा है, लेकिन मूलभूत आवश्यकताएं – बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य आज भी अधूरी हैं। बरसात से पहले शासन की ओर से गांवों में चार माह का राशन अग्रिम वितरण कर दिया जाता है, जिससे कुछ राहत जरूर मिलती है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है।

शिक्षा और स्वास्थ्य प्रभावित

क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है। कई विद्यालयों तक पहुंचने के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को नदी-नालों को पार कर जोखिम उठाना पड़ता है। परिवहन सुविधा नहीं होने से बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित होती है। बिजली न होने से विद्यार्थी दीये या सौर लाइट की मंद रोशनी में पढ़ाई करते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की भी स्थिति चिंताजनक है। गांवों में स्वास्थ्य केंद्र दूर-दराज हैं और दवा आपूर्ति नियमित नहीं हो पा रही।

समाज मे रोटी-बेटी ही नहीं अब रचनात्मक कार्यक्रम के आलावा अत्यंत आवश्यक सेवा गरीबों की मदद करने में लगे है

धरसींवा/नवप्रदेश। छ ग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींवा राज राजप्रधान नीलमणी परगनिहा ज़ब से निर्वाचित हुए है, हट के कार्य करने मे तत्पर रहते है।

शानदार एक वर्ष पूर्ण कर अन्य राज की तुलना मे अनोखी कार्य करते आ रहें है।

समाज को रोटी - बेटी तक सिमित रखने की सोंच से ऊपर उठ कर कार्य करने मे लगे है।

सबसे पहले महिलाओं को स्व रोजगार के लिए नि:शुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण प्रारम्भ किया। महिला संगठन के द्वारा महिला प्रमुख उषा वर्मा के शानदार नेतृत्व मे तीज मिलन के बहाना विभिन्न खेल प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

अभी युवा संगठन द्वारा युवा प्रमुख नितिन चंद्रवंशी के नेतृत्व मे क्रिकेट प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।

अचानक कुर्मी समाज मे पत्रवाहक के रूप मे आजीवन सेवा देने वाले समाज सेवक मनीराम वर्मा गोढ़ी वाले का दुर्घटना के चलते देहावसान हो गया। चुकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने से दसगात्र कार्यक्रम के लिए कम समय मे एक छोटे से सन्देश मात्र से समाज के उदार शील दान दाताओं तथा राजप्रधान नीलमणी परगनिहा के द्वारा चावल सहित राशि सहयोग किया गया।

जिनकी भूरी भूरी प्रशंसा कुर्मी समाज के साथ अन्य समाज के लोग कर रहें है।

राजमंत्री धर्मेंद्र वर्मा ने बताया की भविष्य मे धरसींवा राज जमीनी स्तर पर रचनात्मक कार्य करने की योजना बनी हुई है। समय के साथ निश्चित रूप से पालन किया जायेगा।

आर्यिका 105 विमानश्री माताजी की समाधि स्थल पर नसिया में छतरी निर्माण हेतु हुआ शिलान्यास

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। परम पूज्य समाधि सम्राट आचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में पूज्य आर्यिका 105 विमानश्री माताजी की संलेखना पूर्वक समाधि संपन्न हुई थी। रायपुर रोड स्थित नसिया जी में अंतिम संस्कार की संपूर्ण क्रिया संपन्न हुई थी। उनकी स्मृति में नसिया जी में छतरी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसी कड़ी में 14 नवंबर 2025, शुक्रवार को प्रातः 8:00 बजे से शिलान्यास का कार्यक्रम पंडित ऋषभ चंद जी शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्ग के लोग उपस्थित रहे। विशुद्ध सागर जी के आगमन पूर्व होगा छतरी का निर्माण कार्य आचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज के पट्ट शिष्य आ 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का पंचकल्याणक महोत्सव के निमित्त नगर में आगमन होना है। उनके आगमन के पूर्व ही उक्त छतरी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उक्त जानकारी दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के सचिव आशीष चौधरी ने दी।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विधायक रोहित से की सौजन्य मुलाकात

राजिम/नवप्रदेश। राजिम तहसील स्तरीय साहू समाज के नवगठित पदाधिकारियों ने शुक्रवार सुबह विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू से उनके राजिम स्थित निवास पर औपचारिक सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विधायक ने सभी पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तथा शुभकामना संदेश देकर हार्दिक बधाई एवं शुभेच्छा दी। समाज के पदाधिकारियों ने विधायक को समाज की ओर से गुलदस्ता भी भेंट किया।

तीन वर्ष बाद हुआ तहसील स्तरीय चुनाव

साहू समाज की तहसील इकाई का चुनाव हर तीन वर्ष में सामाजिक स्तर पर पारदर्शी तरीके से आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी समाज के वरिष्ठजनों की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव में राजिम तहसील के विभिन्न गांवों व वार्डों से जुड़े सैकड़ों सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। निर्वाचन के बाद निम्नलिखित पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन हुआ:

अध्यक्ष: जगदीश राम साहू
उपाध्यक्ष युवा वीरेंद्र कुमार साहु महिला उपाध्यक्ष: धान बाई
साहू संगठन सचिव: उमेंद्र राम
साहू संगठन महिला सचिव: टेमेश्वरी साहू

नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगदीश राम साहू ने बताया कि समाज का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एकता तथा आर्थिक सशक्तिकरण पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा, हमारे समाज के युवा एवं महिलाएं आगे बढ़कर कार्य करेंगे। विधायक जी का मार्गदर्शन हमें नई ऊर्जा देगा।

विधायक ने की समाज सेवा की सराहना

मुलाकात के दौरान विधायक रोहित साहू ने साहू समाज की सामाजिक गतिविधियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, साहू समाज सदैव से सामाजिक समरसता, शिक्षा प्रोत्साहन एवं जरूरतमंदों की सहायता में अग्रणी रहा है। चाहे कोरोना काल में राशन वितरण हो या बाढ़ प्रभावितों की मदद, समाज ने हमेशा मानवता का परिचय दिया है। विधायक ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे 'एक समाज ङ्क एक आवाज' के सिद्धांत पर कार्य करें तथा तहसील के सभी गांवों में समाज की शाखाएं मजबूत करें।

नगरी विखं में आवास निर्माण के लिए लगातार हो रहा आवास उन्मुखीकरण कार्यशाला

सीईओ अपनी टीम केसाथ आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड में इन दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को नवीन आवास निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने और पुराने आवास को जल्द ही पूर्ण करने हेतु प्रेरित करने के लिए विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगातार आवास उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 नवंबर, शुक्रवार को ग्राम पंचायत बटनहर्रा एवं सिहावा में आवास उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर अविनाश मिश्रा के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पुराने आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा नवीन स्वीकृत आवासों पर कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।जिसमे सीईओ ने लंबित आवास पूर्ण करने हेतु लाभार्थियों को प्रेरित किया गया।

नवीन स्वीकृत आवासों पर तुरंत कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए।निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने हेतु तकनीकी एवं प्रशासनिक सुझाव दिया गया। निर्माण सामग्री की उपलब्धता एवं मानक प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिसमे संकुल संगठन बेलरगाँव में बैठक

इसी क्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ह्ररूरू) अंतर्गत संकुल संगठन बेलरगाँव में बैठक आयोजित की गई, जिसमें- सेंटरिंग प्लेट व निर्माण सामग्री के समुचित उपयोग एवं उपलब्धता पर चर्चा।महिलाओं को आजीविका गतिविधियों में अग्रसर करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

तहसील पेशनर्स समाज नगरी में नये पेंशनर्स का आगमन एवं स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा -छ.ग. पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में 03:11:25 से जीवित प्रमाण पत्र भरा जा रहा इसी बीच शासकीय सेवा से निवृत नये नये सदस्यों ने पेंशनर्स समाज मे सदस्यता ग्रहण किया बिन्दा बाई मरकाम (परिवार पेंशनर्स) नगरी, अशोक कुमार देवदास शिक्षा विभाग फरसियांसे सेवा निवृत हुए हमारे समाज तहसील के अध्यक्ष श्री आर एल देव ने चन्दन बंदन व श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत की ए एल बनपेला, बी एस सुरेशा, जोन प्रभारी एल एस गजपाल, पी एल सिन्हा, जी सी साहू ,पी आर चन्द्रवंशी, एस पी ग्वाले,एस के नाग, महिला प्रभारी अल्का गजपाल बी एस सार्वा शकुन कश्यप सभी पेंशनर्स भाई -बहनों ने शुभकामनाऐ दी ।

विद्युत तार के नीचे धान की मिंजाई न करे किसान

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में प्राय: सभी स्थानों पर अब धान की फसल पक चुकी है और मिंजाई शुरू हो चुकी है। किसान धान की मिंजाई थ्रेसर मशीन के माध्यम से करते हैं। इस दौरान खेत खलिहानों से गुजरने वाली विद्युत लाइन पर दुर्घटना की कुछ खबरों ने पॉवर कंपनी प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट किया है। दुर्घटना के कारणों और निदान के संबंध में पॉवर कंपनी द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। कुरुद संभाग के कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे ने किसानों से सावधानी बरतने की अपील की है। धान की मिंजाई थ्रेसर मशीनों से की जाती है। इस दौरान खेत-खलिहानों से गुजरने वाली एलटी लाइन, 11 केवी तथा 33 केवी लाइन में जाकर मिंजाई के दौरान उड़ने वाला पैरा या भूसा लाइन में जाकर चिपक जाता है। सुबह ओस के कारण पैरा या भूसा में नमी आती है तब लाइन के तार आपस में सम्पर्क में आते हैं। इससें निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

नितलेश साहू का राष्ट्रीय साहसिक शिविर, मनाली हेतु चयन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। मनाली में 10 नवंबर 25 से 19 नवंबर 25 तक आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर 2025ङ्क26 में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों के प्रतिभागी दल में कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय नवापारा के स्वयंसेवक नितलेश साहू का चयन हुआ है। यह चयन महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय साहसिक शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवकों में शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व कौशल, अनुशासन, तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस शिविर में प्रतिभागी हिमालयी प्राकृतिक परिस्थितियों में विभिन्न साहसिक गतिविधियों, प्रशिक्षण सत्रों तथा टीम-वर्क आधारित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्राचार्य मधुरानी शुक्ला, राष्ट्रीय सेवा योजना ग्रामीण संगठक आर. के. रजक, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एस. आर. वड्डे तथा महाविद्यालय परिवार ने नितलेश साहू को चयन पर बधाई देते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

मिठाइयां बांटी... सिहावा चौक में जनसैलाब, गगनभेदी नारों के बीच महापौर जगदीश रामू रोहरा का हुआ जोरदार स्वागत

बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक विजय पर धमतरी में जश्न की लहर

धमतरी/नवप्रदेश। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक जीत का उत्सव शुक्रवार को धमतरी के सिहावा चौक में जोर-शोर से मनाया गया। पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और भारत माता तथा एनडीए नेतृत्व के समर्थन में लगाए गए गगनभेदी नारों से वातावरण पूरी तरह उत्साह से भर उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा जी के नेतृत्व में मिली विशाल जीत के अभिनंदन से हुई। मंच पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जीत को देश के विकास, सुशासन तथा जनविश्वास की विजय बताते हुए प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय नेतृत्व को हार्दिक बधाई दी।

महापौर का भव्य स्वागत

इस उत्सव का मुख्य आकर्षण रहे धमतरी के प्रथम नागरिक, भाजपा प्रदेश के पूर्व महामंत्री एवं नगर निगम धमतरी के महापौर जगदीश रामू रोहरा जी। बिहार चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने पर कार्यकर्ताओं ने उनका विजय-तिलक कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

महापौर रोहरा ने कहा कि—

इस जीत के पीछे जनता का विश्वास और भाजपा कार्यकर्ताओं की समर्पित मेहनत है। बिहार की यह विजय पूरे देश में विकास और स्थिरता के प्रति जनता की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जनता का उत्साह चरम पर

जश्न के दौरान सिहावा चौक में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

जवानों, किसानों और व्यापारी वर्ग ने भी बड़ी संख्या में आकर जीत पर अपनी खुशी

धमतरी में उत्सव की गूंज

ऐतिहासिक जीत के बाद शहरभर में खुशी की लहर देखी गई। विभिन्न चौराहों पर लोगों ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं और मिठाइयाँ बांटीं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह जीत सरकार की नीतियों और विकास कार्यों पर जनता के भरोसे का प्रमाण है।

संस्कारों की सरिता में विज्ञान का संगम : 'संस्कार 3.0' वार्षिकोत्सव में खिला नवाचार का नूतन प्रभात

भाटापारा/नवप्रदेश। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खमरिया-भाटापारा परिसर में तीन दिवसीय "विक्रम साराभाई साइंस एग्ज़ीबिशन-2025" के दौरान विज्ञान, संस्कृति और सृजनशीलता के अद्वितीय संगम से आलोकित रहा। इस वर्ष प्रदर्शनी का द्वैतीय थीम "परंपरा से प्रगति" एवं "संस्कार 3.0" रहा, जिसने भारतीय मूल्यबोध और आधुनिक वैज्ञानिक चेतना के समन्वय को साकार रूप प्रदान किया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस आस-पास के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से लगभग दो हजार विद्यार्थी एवं शिक्षक सम्मिलित हुए। प्रतिभागियों ने इसरो द्वारा प्रस्तुत विविध वैज्ञानिक तकनीकों एवं मॉडलों का अवलोकन कर ज्ञानवर्धन किया तथा भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। सांध्यकाल में विद्यालय प्रांगण में "संस्कार 3.0 - सांस्कृतिक संध्या" का आयोजन संपन्न हुआ, जिसने पूरे परिसर को उल्लास, संगीत और सृजन की मधुर लहरों से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीपक सोनी कलेक्टर, बलौदा बाजार-भाटापारा तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. पी.के. पाण्डेय (कुलपति, एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर) एवं रवि कुमार वर्मा (सीनियर साइंटिस्ट, इसरो) की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच पर विद्यालय प्रबंधक अश्वनी शर्मा, संदीप गोयल, स्टेट साइंस कोऑर्डिनेटर एम.एन. सिंह, प्रधानाचार्य योगेश पोपट तथा कौशिक मुनि त्रिपाठी (प्रधानाचार्य, आत्मानंद विद्यालय) सहित अनेक प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं प्रधानाचार्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत विधि-विधान से हुआ प्रधानाचार्य योगेश पोपट द्वारा विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन भी साझा किया गया तत्पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत, संगीत, वादन एवं नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकगण श्रीकांत दुबे, विवेक कुमार मिश्रा एवं रवि कुमार वर्मा अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधनों में विद्यालय परिवार की अनुशासित, संयोजित एवं सृजनशील कार्यशैली की सराहना की तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

खल्लारी में आवास उन्मुखीकरण पर कार्यशाला पुराने और नवीन आवास निर्माण की समीक्षा

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले नगरी विकास खण्ड प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन एवं आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य सेदिन, गुरुवार को धमतरी जिले के नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर पर घने जंगलों के बीच स्थित ग्राम पंचायत खल्लारी में आवास उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे खल्लारी सहित आश्रित 05 ग्रामों के लगभग 150 ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी रोहित बोरझा द्वारा की गई। सीईओ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पुराने आवासों की प्रगति की समीक्षा की तथा नवीन आवासों के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने लाभार्थियों को योजना के सभी नियमों एवं चरणों की जानकारी देते हुए कहा कि पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करें।

कार्यशाला के पश्चात प्रगतिरत आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक शाला चमेंदा का अवलोकन भी किया तथा विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण एवं संसाधनों का जायजा लिया। इस अवसर पर ADEO मिश्रीलाल गौर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा आयुष झा, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक, ग्राम पटेल तथा स्थानीय ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आवास योजना के प्रति जागरूक कर उन्हें समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण हेतु प्रेरित करना रहा।

न्यूज गैलरी

डी एम सी धमतरी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण

नगरी/नवप्रदेश। पीएम श्री शास.शृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में डी एम सी धमतरी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण.पी एम श्री शास. शृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी मे डी एम सी श्री अनुराग त्रिवेदी समग्र शिक्षा जिला धमतरी द्वारा बोर्ड परीक्षा मे उत्कृष्ट परिणाम लाने के उद्देश्य से आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कक्षा 5 वी, 8वी ,10 वीं, 12 वी,के विद्यार्थियों से विषय आधारित प्रश्न पूछकर बच्चों के ज्ञान का परीक्षण किया गया. सुलेख के लिए प्रेरित किया गया. साथ ही शिक्षको को बेहतर परिणाम लाने विशेष प्रयास एवं अतिरिक्त कक्षा लेकर अध्यापन कार्य करने का निर्देश दिया गया. साथ में डी पी एम यू कुन्ती पाण्डेय, ए पी सी, लता साहू, संस्था के प्राचार्य एस. के. प्रजापति, लोचन साहू,(संकुल समन्वयक), आर. एल. सोनी व्याख्याता सहित समस्त शालेय स्टाफ उपस्थित थे।

विद्युत तार के नीचे धान की मिंजाई न करे किसान

धमतरी। जिले में प्रायः सभी स्थानों पर अब धान की फसल पक चुकी है और मिंजाई शुरू हो चुकी है। किसान धान की मिंजाई थ्रेसर मशीन के माध्यम से करते हैं। इस दौरान खेत खलिहानों से गुजरने वाली विद्युत लाइन पर दुर्घटना की कुछ खबरों ने पॉवर कंपनी प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट किया है। दुर्घटना के कारणों और निदान के संबंध में पॉवर कंपनी द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। कुरुद संभाग के कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे ने किसानों से सावधानी बरतने की अपील की है। धान की मिंजाई थ्रेसर मशीनों से की जाती है। इस दौरान खेत-खलिहानों से गुजरने वाली एलटी लाइन, 11 केवी तथा 33 केवी लाइन में जाकर मिंजाई के दौरान उड़ने वाला पैरा या भूसा लाइन में जाकर चिपक जाता है। सुबह ओस के कारण पैरा या भूसा में नमी आती है तब लाइन के तार आपस में सम्पर्क में आते हैं। इससें निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए। रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार किसानों द्वारा धान की मिंजाई के बाद पैरा या भूसा का ढेर बिजली लाइन के नीचे रखने से भी पैरा या भूसा में आग लगने की संभावना लगातार बनी रहती है।

पराली न जलाएं अपनी मिट्टी और सेहत बचाएं

किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश/राजनांदगांव जिले के 80 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। राजनांदगांव जिले में 1.83 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की खेती की जाती है जिसमें से धान का रकबा लगभग 1.73 लाख हेक्टेयर है। खरीफमें धान की कटाई के बाद काफी संख्या में कृषक पैरा को खेत में ही जलाकर रबी फसलों के लिए खेत की तैयारी कर बुआई करते है। हर वर्ष धान की फसल कटाई के बाद खेतों में बची पराली को जलाना एक आम प्रथा बन गई है। यह प्रक्रिया न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य और आने वाली फसलों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है।

पराली जलाने से होने वाले नुकसान - पराली जलाने से मिट्टी की गुणवत्ता घटती है। इससे मिट्टी के पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और सल्फर नष्ट हो जाते हैं। पराली जलने से धुआँ और धूल से साँस की बीमारियाँ, आँखों में जलन और हृदय रोग बढ़ाता हैं। हवा में प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ जाता है, जिससे शहरों और गाँवों में धुआं छा जाता है। पराली जलाना दंडनीय अपराध है। इसके लिए जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

किसानों के लिए बेहतर विकल्प -किसान पराली को खेत में मिलाने के लिए रोटावेटर, हैप्पी सीडर या सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम जैसी मशीनों का उपयोग कर सकते हैं। पराली को कम्पोस्टिंग या बायो- डीकंपोजर के माध्यम से इसे जैविक खाद में बदल सकते हैं। पराली का उपयोग पशु के लिए चारा तथा बिछावन के रूप में उपयोग कर सकते हैं। कृषि विभाग ने स्वच्छ खेत, स्वस्थ किसान - यही हमारी पहचान का संदेश देते हुए कहा कि किसान पराली जलाने बचें और आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल तरीकों को अपनाएँ। यह न केवल मिट्टी की सेहत सुधारेगा बल्कि परिवार और समाज के स्वास्थ्य की रक्षा भी करेगा।

अग्रवाल समाज के लिए विशेष शिविर 15 नवंबर को

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश/अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में समाज के सदस्यों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (॥स्त्रक्ष) और लर्निंग लाइसेंस हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य समाज के वाहनधारकों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक प्रक्रिया उपलब्ध कराना है, ताकि सभी सदस्य शासन के निर्देशानुसार ॥स्त्रक्ष प्लेट लगवा सकें एवं लर्निंग लाइसेंस आसानी से बनवा सकें।

शिविर का विवरण-

दिनांकः 15 नवंबर 2025, शनिवार स्थानः अग्रसेन भवन, पुराना बस स्टैंड के पीछे, काली माई मंदिर के पास समयः सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

HSRP हेतु आवश्यक दस्तावेज (एक पेज में फोटो कॉपी): आधार कार्ड, आरसी बुक (वाहन पंजीयन कार्ड), मोबाइल नंबर। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क, दोपहिया वाहन ङ्क ?483.80, चारपहिया वाहन ङ्क ?774, ट्रक/बस ङ्क ?823।

शिविर में लर्निंग लाइसेंस भी बनेगा- लर्निंग लाइसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेजः आधार कार्ड, लाईव फोटो (शिविर में ही लिया जाएगा), शुल्कः टु व्हीलर ङ्क ?420, 2+4 व्हीलर ङ्क ?570। लर्निंग लाइसेंस के लिए शिविर में स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया व सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने समाज के सभी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस शिविर का अधिकाधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा अनिवार्य हाई सिक्योरिटी प्लेट वाहन सुरक्षा को बढ़ाने तथा पहचान प्रणाली को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कदम है।

साइबर जोन कंप्यूटर एकेडमी में हुआ कंप्यूटर वितरण

भाटापारा/नवप्रदेश। साइबर जोन कंप्यूटर एकेडमीके द्वारा विद्यार्थियों को निशुल्क कंप्यूटर वितरण का आयोजन अग्रसेन भवन भाटापारा में रखा गया ।साइबर जोन कंप्यूटर सेंटर के संचालक मनोज बर्मन ने बताया कि 11 नवंबर* को कुल 41 विद्यार्थियों को वितरण किया गया है जिन्होंने सत्र 2024-25 में अपना साइबर जोन कंप्यूटर एकेडमी मे प्रशिक्षण पूर्ण किया था एवं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मयूर क्लब स्कूल के प्राचार्य नंदलाल बाजपेई , रामसागर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी यदु , देवीरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एच. के साहू दतरेगी सशासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य टुपेन्द्र शर्मा रोहरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य लखन लाल साहू भाजपा सिमगा मंडल महामंत्री योगेश राहुल साहू , तक्षशिला स्कूल संचालक घनश्याम पाटील , सुनील बर्मन ,दीपक साहू , खिबीराम साहू , गजेंद्र वर्मा अश्वनी , ओमकार सोनवानी के हाथों से विद्यार्थियों को कंप्यूटर वितरण किया गया।

15 वित्त आयोग की राशि नही मिलने से पंचायतों के विकास कार्य ठप्प

■ पंचायत प्रतिनिधियों पर उठने लगे सवाल

भाटापारा/नवप्रदेश। भारत में पंचायत व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतें गांवों के विकास की जिम्मेदारी संभालती है ।

शासन की योजनाओं को लागू करने और गांवों तक पहुँचाने में ये पंचायतें अहम भूमिका निभाती है। लेकिन गत पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद से अभी तक जिले के ग्राम पंचायतों को मिलने 15 वे वित्त आयोग की राशि नही मिलने से पंचायत स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ गया है तथा पंचायतों के लोग निर्वाचित सरपंच पर सवाल उठा रहे है। निर्वाचित सरपंचों का कहना है कि गांवों की समस्याओं का समाधान को लेकर उनके पंचायत में फंड ही नही है। जिसके वजह से सभी विकास कार्य रुक गए है।पंचायतों का अपना कर राजस्व बहुत कम होता है, जबकि उन्हें केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान पर अधिक निर्भर रहना पड़ता है।

ऐसे में मूलभूत व वित्त आयोग की राशि नही मिलने के कारण ग्राम विकास की रफ्तार थम जाने से योजनाओं का लाभ आमजन तक नही पहुँच पा रहा है। जिससे आम जनता निराश और परेशान है और जब पूछते है कि गांव में बुनियादी व्यवस्थाएं दुरुस्त क्यो नही हो पा रहा तो हमारे पास कोई जवाब नही होता। सरपंचगण का मानना है कि ग्रामीणों की जो अपेक्षा उनसे थी, वह पूरा नही हो पा रही है। जब तक गांव मजबूत नही.होंगे, तब तक जिला और राज्य को मजबूत नही किया जा सकता, इसलिए अविलंब 15 वे वित्त की राशि जारी करने पर सरकार और प्रशासन को निर्णय लेना चाहिए, ताकि पंचायतों में ठप्प पड़े विकास कार्यों को गति - मिल सके। ग्राम पंचायत क्षेत्रों कि सड़कों की मरम्मत, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पेयजल व्यवस्था सहित कई योजनाएं अधर में है। ग्रामीण भी अपने मुखिया व पंचों पर सवाल खड़े कर रहे है एवं उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों को चुनने के बावजूद मूलभूत सुविधाओ के लिए वंचित होना पड़ रहा है।

वर्जन

15वे वित्त की राशि मे विलम्ब होने से ग्राम पंचायत मे अनेक विकास मूलक कार्य रुके पडे है जिसके लिये शासन स्तर पर सभी पंचायतों को 15 वित्त का राशि जल्द उपलब्ध कराने जाने हेतु शासन से पुनः मांग करेंगे।

- संकेत अग्रवाल
सरपंच संघ अध्यक्ष

ठंड की दस्तक से गरम कपड़ों की दुकान में आई ग्राहकी

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर और आसपास पिछले लगभग तीन दिनों से मौसम में एकाएक आए बदलवा के बाद अंचल में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है जिसके चलते जन समान्य पर मौसम का व्यापक असर पड़ा है। लोग अब ठंड के कारण सुबह देरी से जाग रहे हैं वहीं लोगों की दिनचर्या पर भी इसका असर पड़ा है। एक ओर जहां बढ़ती ठंड के बाद शहर में विभिन्न कपड़ा बाजार तथा गर्म कपड़ों के दुकानों में ग्राहकी का अंबार लगना शुरू हो गया है।

वहीं होटल चाय कैंटिन व ढाबों में भी लोग भारी तादाद में गरम चाय, कॉफी, दुध लेने पहुंच रहे हैं। शहर के गर्म कपड़ों के बाजार में लुधियाना, पंजाब के गरम कपड़े धड़ल्ले से बिक रहे हैं खासकर जेंट्स स्वेटर, लेडिस स्वेटर, लेडिस जैकेट, जैट्स जैकेट, बच्चों का जैकेट तथा हुडी बड़ी तादात में लोग खरीद रहे हैं वहीं बाजार में शॉल, पार्टी वियर, हेयर वुलन स्वेटर, टोपा, मोजा,कंबल, चादर, मफ्लर, कंटोप सहित अन्य आयटमों की बंपर बिक्री होने से कपड़ा बाजार एक बार फिर दीपावली के बाद ठंड के कारण गरम हो गया है व लोग दूर-दूर से गरम कपड़ा खरीदने भाटापारा मार्केट पहुंच रहे हैं। कपड़ा बाजार में विभिन्न प्रकार के गरम कपड़ा खरीदने लोग पुटपुरा, टेमरी, भटभेरा, सेमराडीह, खपराडीह, मोटियारीडीह, नवागांव, कुरा, संबलपुर, मारो, सरगांव, दगौरी, निपनिया, भटचौरा, आमगांव, सरकीपार, बूचिपार, डोंगरिया, केसदा, कोयदा, बरदा, कोनारी, लच्छनपुर, रामपुर सहित अन्य गांव के लोग भारी तादाद में पहुंच रहे है जिसके कारण बढ़ती ठंड के बीच ग्राहकी का बाजार गरम रहा। बाजार में दुकानदारों के पास टोपा मोजा की भी भारी बिक्री हुई।

तरेंगा निवासी दिव्यांग मनोज को मिला कृत्रिम अंग

मनोज ने जताया जिला प्रशासन का आभार

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला संपर्क केंद्र की सराहनीय पहल से ग्राम तरेंगा, निवासी मनोज आडिल (पिता स्व. आजूराम आडिल) को कृत्रिम अंग प्रदान किया गया। श्री आडिल लंबे समय से कृत्रिम अंग के अभाव में दैनिक कार्यों में कठिनाई का सामना कर रहे थे। उन्होंने अपनी समस्या संयुक्त जिला कार्यालय स्थित संपर्क केंद्र के मोबाइल नंबर ओर दर्ज कराई। उनकी समस्या संपर्क केंद्र में प्राप्त होते ही, संपर्क केंद्र द्वारा तत्परता से समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित किया गया। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्री आडिल को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराया। कृत्रिम अंग प्राप्त होने के बाद मनोज आडिल ने खुशी और संतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी, जिला प्रशासन एवं संपर्क केंद्र के प्रति हृदय से आभार जताया। संपर्क केंद्र की यह मानवीय एवं संवेदनशील पहल न केवल जरूरतमंदों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को समय पर पहुँचाने का उदाहरण है, बल्कि प्रशासन की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है। जिले के नागरिक अपनी समस्या के शिकायत और समाधान हेतु संयुक्त जिला कार्यालय के संपर्क केंद्र के मोबाइल नंबर 92018-99925 पर संपर्क कर सकते है।

अधिकारियों की उदासीनता...

खुलेआम पॉलीथिन व डिस्पोजेबल सामग्री का उपयोग और बिक्री जारी

क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे का अंबार, शराब दुकान के आसपास 2 किमी तक फैली गंदगी

नगरी/नवप्रदेश। नगर के डमका-डीही वार्ड क्रमांक 1 में संचालित शराब दुकान के आसपास प्लास्टिक कचरे का अत्यधिक फैलाव गंभीर चिंता का विषय बन गया है। दुकान से करीब 2 किलोमीटर के दायरे में जंगल, खेत-खलिहान और रास्तों पर बड़ी मात्रा में पॉलीथिन, डिस्पोजेबल ग्लास, पानी की बोतलें तथा अन्य प्लास्टिक कचरा दिख रहा है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय जैवविविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद क्षेत्र में खुलेआम पॉलीथिन व डिस्पोजेबल सामग्री का उपयोग और बिक्री जारी है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

जंगलों में फैले प्लास्टिक कचरे से प्राकृतिक संसाधन भी प्रभावित हो रहे हैं। डमका-डीही के समीप सराई (साल) पेड़ों से गिरने वाला बोड़ा (बीज) साथ छोटे छोटे औषधि पौधों भारी मात्रा में निकलना रहे थे, लेकिन प्लास्टिक कचरे की भरमार के कारण बीज ढंक जाते हैं, जिससे प्राकृतिक पुनरुत्पादन पर असर पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने कहा कि नगर को पॉलीथिन मुक्त बनाने की आवश्यकता अब अत्यंत जरूरी हो गई है। कई बार लोगों ने स्वयं प्रयास भी किए, लेकिन बिना प्रशासनिक सहयोग या सख्त कार्रवाई के इन प्रयासों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए। उनका कहना है कि केवल नगर पंचायत नगरी की सीमित कार्यवाही पर्याप्त नहीं है—शासन और प्रशासन दोनों को मिलकर ठोस दिशा-निर्देश और सख्त अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

नगर वासियों ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित निरीक्षण कर प्लास्टिक उपयोग और अवैध निपटान पर रोक लगाने ठोस कदम उठाए जाएँ। उनका मानना है कि यदि सख्ती से नियम लागू किए जाएँ, तो धीरे-धीरे लोग पॉलीथिन और डिस्पोजेबल वस्तुओं के उपयोग को कम करने लगेंगे।

विशेषज्ञों के अनुसार, प्लास्टिक और डिस्पोजेबल वस्तुओं का अनियंत्रित उपयोग न केवल नगर की स्वच्छता को प्रभावित करता है, बल्कि मिट्टी, भूजल और वायु प्रदूषण के जरिए मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। लंबे समय तक प्लास्टिक का संपर्क कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों के खतरे को बढ़ाता है। नागरिकों ने स्वयं भी प्लास्टिक मुक्त विकल्प अपनाने और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। उनका कहना है कि पर्यावरण सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है।

पाटूरु एग्री बायोटेक प्रा. लि. का धान बीज दुर्गा 120 बना किसानों की पहली पसंद

सेमरा। पाटूरु एग्री बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा

नगरी - ग्राम सेमरा (नगरी) के साहू सदन में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के लगभग 65 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर श्री चंद्रहास देवांगन ने किसानों को कंपनी के उत्कृष्ट उत्पाद दुर्गा 120 धान बीज की विशेषताओं, उत्पादन क्षमता एवं इसकी बढ़ती लोकप्रियता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ÷दुर्गा 120 अपनी उच्च उत्पादकता, रोग प्रतिरोधक क्षमता और बेहतर गुणवत्ता के कारण आज किसानों की पहली पसंद बन चुका है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले किसानों बलिराम साहू, तिलकराम साहू एवं नंदा देवांगन का सम्मान शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

न्यूज गैलरी

शुभम को नीट की ऑनलाइन कोचिंग के लिए आर्थिक मदद

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा जिले के प्रतिभावान सामाजिक विद्यार्थियों के शुल्क व उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग के लिए संचालित पे बेक सोसायटी के माध्यम से बेमचा निवासी शुभम टंडन को नीट की ऑनलाइन कोचिंग के लिए दस हजार रुपए की आर्थिक सहयोग किया गया है। शुभम के परिवार उन्हें कोचिंग कराने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। वे शुरू से ही पढ़ाई में तेज है। दसवीं में 90 प्रतिशत व बारहवीं में 81 प्रतिशत प्राप्त कर इस वर्ष नीट की परीक्षा में अच्छे अंक लाया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव, विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, रेखराज बघेल जिला सचिव, गणेश टंडन ब्लॉक सचिव व शिक्षा प्रकोष्ठ से राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष, देवेंद्र मिर्चे सचिव, फणेंद्र बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष, रवि मिरी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती में शामिल होंगे गुरु खुशवंत साहेब

महासमुंद/नवप्रदेश। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे। कार्यक्रम के अनुसार मुख्य आयोजन जिला पंचायत महासमुंद सभागार में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। दोपहर 3.15 बजे से 4 बजे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी, उनके संघर्षों तथा जनजातीय समाज के उत्थान में उनके अमूल्य योगदान पर केंद्रित विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा, जिसमें जनजातीय समाज के उत्कृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों को सम्मानित किया जाएगा।

ट्रैक्टर की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। ट्रैक्टर की टक्कर से काशीपाली पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं उनकी पत्नी घायल हो गई। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार पोटापारा निवासी रामप्रसाद साव (53) 11 नवंबर को पत्नी गोरी बाई को बाइक क्रमांक सीजी 06 जीसी 4920 में पीछे बिठाकर दशकर्म में शामिल होने ग्राम पोटापारा से बूटीपाली जा रहा था। ग्राम काशीपाली पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक बिना नंबर आयशर ट्रैक्टर ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पीछे बैठी गोरी बाई को घायल अवस्था में इलाज के लिए सीएचसी सरायपाली ले जाया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

अवैध भंडारण पर बड़ी कार्रवाई: पिथौरा में 270 कट्टा धान जब्त

■ फर्मों पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई

पिथौरा/नवप्रदेश। आगामी धान खरीदी सीजन के मद्देनज़र, जिला प्रशासन महासमुंद ने अवैध धान परिवहन, भंडारण और विक्रय पर कड़ा रुख अपनाते हुए लगातार सख्त कार्रवाई जारी रखी है। कलेक्टर विनय लंगेह के स्पष्ट निर्देशों पर अमल करते हुए, मंडी सचिव शैलेंद्र नायक के नेतृत्व में गठित निरीक्षण दल ने आज पिथौरा क्षेत्र में दो प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया और कुल 270 कट्टा (बैग) अवैध रूप से भंडारित धान जब्त किया।

यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान अपनी उपज केवल विधिवत पंजीकृत खरीदी केंद्रों पर ही बेचें और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

निरीक्षण एवं जप्ती का विवरण

निरीक्षण दल में उपनिरीक्षक शिव कुमार कनौजे, संजय कुमार सोनी, शोएब खान और भोजराम नायक शामिल थे। दल ने पिथौरा और लहरौद पड़ाव स्थित दो अलग-अलग व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया, जहाँ बिना किसी वैध दस्तावेज़ या अनुमति के बड़ी मात्रा में धान का संग्रहण पाया गया। निरीक्षण के दौरान एक संस्थान मे 200 कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया, जिसे तत्काल मौके पर ही जब्त कर लिया गया। लहरौद पड़ाव के एक संस्थान मे इस फर्म से 70 कट्टा धान अवैध भंडारण के आरोप में जब्त किया गया। इस प्रकार, दोनों प्रतिष्ठानों से कुल 270 कट्टा धान जप्त किया गया है।

सचिव शैलेन्द्र नायक ने क़हा मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई

सभी जप्त धान को नियमानुसार सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया है। दोनों ही फर्मों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के तहत विधिवत कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों पर कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

■ 15 नवंबर को मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ,रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा ने गरियाबंद के भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष नेहरू निषाद, गरियाबंद भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा, आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष ऋतुराज शाह, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा, मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा , प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 नवंबर को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस और इस वर्ष धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के विशेष अवसर पर आयोजित किए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह पखवाड़ा 1 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक पूरे देश के साथ-साथ प्रदेश में भी मनाया जा रहा है, जिसके तहत राज्य के सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं।

शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय बना गौरव का प्रतीक : प्रेसवार्ता के दौरान सतीश लाटिया ने विशेष रूप से 1 नवंबर, 2025 को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवा रायपुर में लोकार्पित शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का जिक्र किया।

उन्होंने कहा, यह संग्रहालय न केवल प्रदेश का, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ा रहा है। यह जनजातियों के गौरव और सम्मान को सर्वोच्च शिखर तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि 12 नवंबर को प्रधानमंत्री कार्यालय (कार्यालय) और देश के ख्याति प्राप्त प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी इस संग्रहालय का भ्रमण किया, जो इसके महत्व को दर्शाता है।

प्रदेश उपाध्यक्ष लाटिया ने बताया कि 15 नवंबर को जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ पूरे पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनजातीय संस्कृति, नायकों और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है।

पखवाड़े के दौरान होने वाले प्रमुख कार्यक्रम

जिला स्तरीय आयोजन सभी जिलों में 15 नवंबर को प्रभारी मंत्रियों के मुख्य आतिथ्य में मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि और प्रभारी सचिव शामिल होंगे। लोक कला महोत्सव शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव और उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय आयोजन 19 - 20 नवंबर को अंबिकापुर, सरगुजा में होगा। छात्रावासों में कार्यक्रम सभी जनजातीय आश्रमों और आवासीय विद्यालयों में 15 नवंबर को प्रार्थना के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय का वाचन किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारों और जनजातीय समुदाय के प्रमुखों का सम्मान किया जाएगा।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस आयोजित

धमधा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई धमधा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन धमधा महाविद्यालय किया गया।इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा जी, प्राचार्य महोदया, धमधा नगर अध्यक्ष, नगर मंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह अवसर धमधा नगर के लिए ऐतिहासिक रहा, क्योंकि प्रदेश मंत्री पहली बार धमधा नगर के कार्यक्रम में पधारे और विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद जी एवं भगवान बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन संघर्ष, उनके सामाजिक योगदान, तथा जनजाति समाज के उत्थान हेतु किए गए उनके ऐतिहासिक आंदोलन अविस्मरणीय है एवं हम सभी के लिए प्रेरणाश्रोत है, भगवान बिरसा मुंडा जी ने देश के जनजाति समाज को आत्मसम्मान और स्वतंत्रता की भावना से जोड़ा। आज विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

गीता जयंती पर सांसद पांडे को सर्व ब्राह्मण समाज का आमंत्रण

डोंगरगांव/नवप्रदेश। आगामी 30 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाले गीता जयंती महोत्सव के संदर्भ में सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राजनांदगांव के लोकप्रिय सांसद एवं समाज के अग्रणी मार्गदर्शक संतोष पांडे से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए समाज के आतिथ्य को स्वीकार करने का आग्रह किया।

भेंट के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश महामंत्री मौलेश तिवारी (अधिवक्ता, राजनांदगांव), महिला मंच की प्रदेश सचिव एवं नगर पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री एवं समाज महिला मंच की जिला अध्यक्ष श्रीमती कनक दुबे, संभाग महामंत्री श्रीमती वंदना तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रूपेन्द्र दुबे, मीडिया प्रभारी रूपेश जोशी सहित समाज के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।प्रतिनिधिमंडल ने सांसद श्री पांडे को बताया कि गीता जयंती समाज की आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है।

हर महीने 1500 रुपए का बिजली बिल हुआ शून्य

■ 1.08 लाख की सब्सिडी से मिला लाभ

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अब ग्रामीण इलाकों में भी उजियारा फैला रही है। इस योजना से डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम खुज्जी के सरपंच अजय कुमार पंसारी का घर अब पूरी तरह सौर ऊर्जा से जगमगा रहा है।

अजय पंसारी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवॉट का रूफ्टॉप सोलर पैनल लगवाया है। इससे अब उनका हर माह का 1200 से 1500 रुपए तक का बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सौर ऊर्जा से घर की जरूरतें पूरी हो रही हैं और अतिरिक्त बिजली राज्य शासन को देकर आय भी संभव है। पहले हर महीने हजार-पंद्रह सौ रुपए तक बिजली बिल आता था, अब यह बिल शून्य हो गया है। सौर ऊर्जा से न सिर्फ बचत हो रही है बल्कि पर्यावरण की भी रक्षा हो रही है।

अजय कुमार पंसारी, सरपंच ग्राम खुज्जी

सरपंच अजय ने बताया कि योजना के अंतर्गत कुल 2 लाख रुपए की लागत से सोलर प्लांट लगाया गया है, जिसमें केंद्र सरकार से 78 हजार रुपए और राज्य सरकार से 30 हजार रुपए, इस प्रकार कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है। शेष राशि के लिए उन्हें बैंक से सरल किस्तों में वित्तीय सहायता मिली है। अजय पंसारी अब अपने अनुभव से प्रेरित होकर ग्रामवासियों को भी योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

डीएवी स्कूल खम्हरिया में बाल दिवस एवं मेला उत्साहपूर्ण संपन्न

सरसींवा(सारंगढ़-बिलाईगढ़) /नवप्रदेश। क्षेत्र के समस्त स्कूलों में आज बाल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इसी क्रम में डीएवी स्कूल गोपालपुर तथा मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में भी बाल दिवस और स्वास्थ्य मेला का संयुक्त आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और सीखने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

गोपालपुर स्थित डीएवी स्कूल में सुबह से ही बाल दिवस की रौनक दिखने लगी। बच्चों ने विभिन्न शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दूसरी ओर मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और बच्चों को आशीर्वचन देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। FLN मेला बना आकर्षण का केंद्र- शासन के निर्देशानुसार स्कूलों में मेला आयोजित किया गया, जिसमें सभी कक्षाओं के बच्चों ने अपने-अपने पाठ्यक्रम और रुचि के अनुसार प्रोजेक्ट तैयार किए। मेले में बच्चों ने दिन-रात कैसे होता है, ज्वालामुखी का निर्माण, श्वसन तंत्र, सोलर प्लांट कैसे काम करता है जैसे शैक्षणिक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें अभिभावकों और शिक्षकों ने खूब सराहा। बच्चों ने लगाया फूड स्टॉल- स्वास्थ्य मेले में बच्चों ने अलग-अलग पकवान बनाकर फूड स्टॉल भी लगाए। गोलगप्पा, समोसा, मोमोज और अन्य व्यंजन बच्चों ने स्वयं तैयार किए और बेचे। इस गतिविधि से बच्चों में उद्यमशीलता, टीमवर्क और प्रैक्टिकल लर्निंग की झलक देखने को मिली।

शिशुपाल पर्वत में 2 साल पहले मिली थी लाश, 4 के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना क्षेत्र के शिशुपाल पर्वत में दो साल पूर्व मिली एक लाश के मामले में पुलिस ने जांच के बाद 4 लोगों के खिलाफ बलौदा थाने में हत्या का अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 25 जुलाई 2023 को काशी पठार झरना के नीचे पत्थरों के बीच एक शव फंसे होने की सूचना पर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। मृतक का सिर कुचल गया था और पहचान में नहीं आ रहा था। मामले की जांच के दौरान चौकी भंवरपुर में गुम इंसान के तहत बूटीपाली निवासी ओमकेश्वर सिदार (22) के रूप में पहचान की। मृतक के छोटे भाई अमित सिदार ने परिजनों को बताया कि उन्हें पीपरभावना निवासी अजय साहू ने एक फोन रिकार्डिंग भेजा है, जिसमें ओमकेश्वर सिदार शिशुपाल पर्वत में मनहरण साहू अनिल पटेल, संजय साहू, हेमकुमार साहू के साथ पिकनिक मनाने के लिये गया था, जहां उसे उन लोगों ने मार दिया है कह रहे हैं।

बिहार विस चुनाव में एनडीए की बंपर जीत पर जश्न

■ भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल

गरियाबंद/नवप्रदेश। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के बाद पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। चुनाव परिणाम सामने आते ही गरियाबंद के तिरंगा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ जुट गई। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी कर विजय का जश्न मनाया।

तिरंगा चौक में वातावरण पूरी तरह उत्साह, जोश और राष्ट्रवादी नारों से गूंज उठा। भाजपा समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को जनता के भरोसे और समर्थन का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस चुनाव ने फिर सिद्ध कर दिया कि जनता विकास और स्थिर सरकार चाहती है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर, विजय नारे लगाकर अपनी खुशी व्यक्त की।

जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन के पक्ष में अपना स्पष्ट और ऐतिहासिक जनादेश दिया है। एनडीए की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के अनुभव का परिणाम है। दोनों नेताओं ने मिलकर जनता के सामने एक मजबूत, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का विकल्प रखा, जिसे बिहार की जनता ने खुले दिल से स्वीकार किया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एव पदाधिकारियों ने कहा कि यह जनादेश सिर्फ राजनीतिक जीत नहीं है, बल्कि सुशासन, विकास और आत्मनिर्भर बिहार के संकल्प की जीत है।

वृध्दाश्रम में मिले तीन मानसिक रोगी

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आशियाना वृद्धाश्रम में मनोसामाजिक परामर्श शिविर आयोजित किया गया। यहां 21 वृद्धजनों को मनोसामाजिक परामर्श दिया गया, जिसमें 3 मानसिक रोग मिले, उन्हें स्पर्श क्लिनिक अस्पताल पहुंच ने के लिए सलाह दी गई। विशेष रूप से ठंड के मौसम में देखभाल के साथ तनाव कम करने के लिए मनोरंजन का सहारा लेन योगा, ध्यान करने कहा गया। शिविर में मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल स्पर्श क्लीनिक से पहुंचे रामगोपाल खुंटे, खोमन लाल साहू सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, आश्रम स्टाफका योगदान रहा।

अच्छी पहल ... करके देखबो सीख के रहीबो के ध्येय वाक्य के साथ बच्चों में दिखा उत्साह

खट्टी स्कूल में किया गया एफ एल. एन. मेले का आयोजन

■ बड़ी संख्या में पालकों ने निभाई भागीदारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। करके देखबो सीख के रहीबो के ध्येय वाक्य के साथ आज शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में एफएल.एन.मेला का आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया साथ ही बड़ी संख्या में पालकों एवं ग्रामीणों ने उपस्थित हो मेले की सार्थकता को साबित किया। इस मेले का आयोजन प्राथमिक शाला खट्टी में प्रधान पाठक गीता चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं सहायक शिक्षक गिरीश शर्मा संयोजन में किया गया। आज पूरे राज्य की समस्त प्राथमिक शालाओं में बालवाड़ी को सम्मिलित करते हुए एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में भी करके देखबो सीख के रहीबो के ध्येय वाक्य के साथ आज यह आयोजन किया गया. प्राथमिक शालाओं में बालवाड़ी सहित प्राथमिक शाला शिक्षकों का ऑनलाइन उन्मुखीकरण इसके लिए आयोजित किया गया तथा विद्यालय में व्यापक तैयारियाँ की गई थी, मेले में गणित, भाषा, अंग्रेजी तथा बालवाड़ी की सभी अवधारणाओं के स्टॉल लगाए गए तथा सभी अवधारणा स्टॉल शिक्षकों द्वारा निर्मित किया गया, अवधारणा स्टॉल का संचालन प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों द्वारा किया गया,

स्टॉल संचालन करने वाले बच्चों को 3-4 दिन पूर्व अभ्यास कराया गया ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अवधारणा प्रस्तुत कर सकें। मेले के दौरान शिक्षको द्वारा केवल सहयोग, निगरानी एवं देखरेख किया गया तथा संचालन पूरी तरह बच्चों द्वारा किया गया, गतिविधि के दौरान यदि किसी बच्चे को सहयोग की आवश्यकता हुई तो उसी स्टॉल के संचालनकर्ता बच्चे ही सहायता प्रदान कर रहे थे, स्टॉल संचालक बच्चे द्वारा अन्य बच्चों को निर्देश दिया जाता रहा ,अन्य बच्चों ने स्टॉल पर दिए गए निर्देश पढ़कर गतिविधियों में भाग लिया. इस मेले उद्देश्य बच्चों द्वारा स्वयं सीखना और करना है। बच्चों को प्रत्येक स्टॉल पर जाकर गतिविधि में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया. आज शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में आयोजित एफ .एल .एन . मेले का अवलोकन पंच श्रीमती ललेस्वरी बाई , पूर्व पंच एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शैल सिंह, पूर्व पंच चैन सिंह ध्रुव, पालकों एवं संकुल समन्वयक दल प्रसाद साहू, पूर्व माध्यमिक शाला खट्टी के प्रधान पाठक चैन सिंह यादव द्वारा किया गया।

सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद में भक्ति एवं अध्यात्म का विराट उत्सव होने जा रहा है। नगर के गांधी मैदान में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परम पूज्य दीदी पंडित पलक नरेश दुबे जी अपने मुखारबिंद से भगवान शिव की अद्भुत महिमा, भक्ति और जीवन दर्शन का रसपान कराएंगी। आयोजन समिति ने सभी शिवभक्त श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि इस पावन कथा में सम्मिलित होकर भगवान शिव की कृपा एवं पुण्य लाभ प्राप्त करें। शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ दिनांक 22 नवंबर से होने जा रहा है, गांधी मैदान में आयोजित कथा का समय दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक होगा। समापन तिथि 29 नवंबर को पार्थिव शिवलिंग पूजन,भव्य रुद्राभिषेक साथ ही भंडारा आयोजित किया जायेगा।

संक्षिप्त खबरें

तान नदी पर दायीं तट का कटाव रोकने 4.23 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कोरबा जिले के विकासखण्ड- पोंडी-उपरोड़ा के अंतर्गत लेपरा से पोंडी उपरोड़ा तक तान नदी के दायीं तट का कटाव रोकने के लिए बैंक प्रोटेक्शन कार्य हेतु 4 करोड़ 23 लाख 35 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना का कार्य पूर्ण कराने के लिए जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता, मिनिमाता (हसदेव) बांगो परियोजना, जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

बिहार सरकार की तर्ज पर राज्य कर्मचारियों, पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ते हेतु पृथक बजट प्रावधान हो : फेडरेशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को पत्र लिखकर बिहार सरकार की भांति छत्तीसगढ़ में भी राज्य कर्मचारियों, पेंशनरों एवं अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों के लिए महंगाई भत्ते (डी.ए./डी.आर.) हेतु पृथक बजट प्रावधान करने की मांग की है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बिहार सरकार केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत महंगाई भत्ते को शीघ्र ही समान दर पर राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों को भी प्रदान करती है। इसके लिए बिहार सरकार अपने वार्षिक बजट में ÷स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद÷ के अंतर्गत पृथक बजट प्रावधान करती है। इसी क्रम में बिहार सरकार ने हाल ही में पत्रांक ब-15/बी.एस.जी.-221/2025-831/वि., दिनांक 10.11.2025 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु सभी विभागों से बजट तैयार कर वित्त विभाग को प्रेषित करने के निर्देश जारी किए हैं।फेडरेशन ने कहा कि यदि छत्तीसगढ़ में भी इसी प्रकार की व्यवस्था लागू की जाती है, तो राज्य के कर्मचारियों, पेंशनरों एवं अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों को समय पर महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा और इसकी स्वीकृति में अनावश्यक विलंब नहीं होगा। इससे कर्मचारियों को अपने वैध अधिकार के लिए आंदोलन या आग्रह करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।फेडरेशन ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि आगामी मुख्य बजट (वित्तीय वर्ष 2026-27) में बिहार सरकार की तर्ज पर महंगाई भत्ते हेतु पृथक बजट प्रावधान कर कर्मचारियों एवं पेंशनरों के हित में एक सराहनीय निर्णय लिया जाए।

साय सरकार ने 2 साल में रोजगार छीना : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। इस स्थानीय निकाय चुनाव में युवा भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार 2 साल में एक भी युवा को रोजगार नहीं दे पायी है, बल्कि युवाओं से रोजगार छीनने का ही काम किया है। कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी दर मात्र 0.60 प्रतिशत था। भाजपा सरकार बनने के बाद बेरोजगारों की संख्या में भारी वृद्धि हुआ है। 2 साल में अतिथि शिक्षक, विद्या मितान, क्रेडा के संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, विद्युत विभाग के कर्मचारी, वन विभाग के संविदा कर्मचारियों, गोठान महिला स्व सहायता समूह, रीवा के तहत रोजगार प्राप्त कर रहे लोगों को काम से बेदखल किया गया, ई-श्रेणी के लाइसेंस में काम कर रहे युवाओं से भी काम छिन गया है, पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप है कोई नई भर्ती पूरी नहीं हुई है, पूर्व से चल रही भर्ती में भी नियुक्तियां नहीं दी जा रही है, हर विभाग में काम करने वाले युवाओं से उनका हक अधिकार को छीना गया है। युवा स्थानीय निकाय में भाजपा सरकार से बदला लेंगे।

महापौर जोन 6 पहुंचीं

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था को राजधानी शहर के अनुरूप सुधारने अब नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने वार्ड पार्षदों से वार्डो का निरीक्षण करने की अपील की है. महापौर ने कहा है कि वे हर माह पार्षदों सहित सफाई को सुधारने वार्डों का निरीक्षण करने फील्ड पर उतरेंगी। महापौर ने पार्षदों को सफाई कार्य को सुधारने राजधानी शहर में लगातार सजग और जागरूक रहने का सुझाव जनहित में दिया है।आज महापौर श्रीमती मीनल चैबे नगर निगम जोन 6 कार्यालय पहुंचीं एवं नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन 6 अध्यक्ष श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, श्रीमती अंजली गोलछा जैन, श्रीमती जयश्री नायक, सर्वश्री रमेष सपहा, प्रमोद कुमार साहू, रवि सोनकर जोन 6 जोन कमिष्नर श्री हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता श्री दिनेष सिन्हा, सहायक अभियंता श्री आषीष श्रीवास्तव, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आदिव्य हजारी अन्य संबंधित जोन 6 अधिकारियों, रामकी कम्पनी के स्थानीय अधिकारी प्रतिनिधि की उपस्थिति में सफाई कार्य को लेकर समीक्षा कर सफाई व्यवस्था राजधानी के अनुरूप सुधारने वार्ड पार्षदों से चर्चा कर सुझाव लिए और अधिकारियों को अनेक निर्देश दिए।

नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत दूरस्थ अंचलों में पहुंची स्वास्थ्य सेवाएं

■ चिंतलनार-बुरकापाल के ग्रामीणों को मिली निःशुल्क इलाज व आयुष्मान कार्ड की सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की परिकल्पना के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं को जिले के सबसे दुर्गम कोनों तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को ÷नियद नेल्लानार योजना÷ के तहत पूरा किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर घने जंगलों के बीच बसे सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक के चिंतलनार और बुरकापाल जैसे पहुंचविहीन क्षेत्रों में तीन दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। घने जंगलों के बीच पेड़ की छांव में सजे इस शिविर में वह स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचीं, जिनसे यह

चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ मोर्चा संभाला

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अगुवाई में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी कोंटा डॉ. दीपेश चंद्राकर ने तीन दिन तक शिविर लगाकर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ मोर्चा संभाला। घने जंगलों के बीच, पेड़ की छांव में ही ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, उनका उपचार किया गया और आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वास्थ्य के साथ मिला आयुष्मान का भरोसा

इस शिविर का एक बड़ा लाभ यह रहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ प्रशासन की टीम ने मौके पर ही 162 ग्रामीणों के नवीन आयुष्मान कार्ड भी बनाए। कुछ ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया। ये कार्ड इन ग्रामीणों को भविष्य में गंभीर बीमारियों के लिए भी निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त करने में मदद करेंगे।इस पहल से उन ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है, जो अब तक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से दूर थे। ग्रामीणों ने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से उन्हें अपने स्वास्थ्य की जांच कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का एक सुनहरा अवसर मिला है।

कलिंगा विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव 'कलिंगा उत्सव -2025' का आयोजन

विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम ने सबका मन लुभाया

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अवसर पर 13 नवंबर 2025 को 'कलिंगा उत्सव-2025' में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गीत-संगीत, डांस और फैशन शो की मनमोहक प्रस्तुति से विद्यार्थियों ने सबका मन मोह लिया। विश्ववि?द्यालय के वार्षिक उत्सव 'कलिंगा उत्सव' के आयोजन में मुख्य अतिथि श्री गुरु खुशवंत साहेब, छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार और अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री थे।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों के स्वागत के उपरांत कलिंगा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने वार्षिकोत्सव कलिंगा उत्सव -2025-26 के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि -वार्षिकोत्सव का आयोजन

करना विश्वविद्यालय के लिए उपलब्धि का क्षण होता है। विद्यार्थियों के लिए यह खुशी का पल जीवन के यादगार अवसरों में एक होता है। कलिंगा विश्ववि?द्यालय अपने विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. संदीप अरोरा, उप-कुलाधिपति डॉ. सज्जन सिंह, कुलपति डॉ. आर. श्रीधर, महानिर्देशक डॉ. बायजू जॉन, कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी के साथ समस्त गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

श्री गुरु खुशवंत साहेब,छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार और अनुसूचित जाति विकास के माननीय मंत्री ने वि?द्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए आप सभी कड़ी मेहनत करें। पूर्ण आत्मविश्वास के साथ जीवन में आने वाली सभी मुश्किलों को परास्त करें और अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने वार्षिकोत्सव की बधाई देते हुए सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्य अतिथि के उद्बोधन के पश्चात कलिंगा विश्वविद्यालय के कलिंगा बैंड के विद्यार्थी दीपेन शाह, मो.कैफ, पुण्योतया, आशीर्वाद, अनुराग, आदित्य, अनुभव, अपूर्ब, यथार्थ, अपूर्व और प्रिंस ने शानदार गीत-संगीत प्रस्तुत करके सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया गया। इसी क्रम में कलिंगा विश्ववि?द्यालय की विद्यार्थी रीतु वर्मा, दिव्यांका और शुभश्री ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमामयी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। फिर देवाशीष,गुरुदीप,रीना,ब्लेसी और श्रुति ने शानदार छत्तीसगढ़ी नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को ताली बजाने मजबूर किया एवं खूब वाहवाही बटोरी।

भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर सभी जिलों में आज होगा जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

■ प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण और मुख्यमंत्री के संदेश का होगा वाचन

रायपुर/नवप्रदेश। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनायी जाएगी। इस अवसर पर जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण, सांसद एवं विधायकगण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण अधिकारिक यू-ट्यूब चैनल एवं डीडी न्यूज के माध्यम से होगा, जिसे देखने और सुनने की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल पर होगी। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश पत्र वाचन होगा तथा ÷पीएम जनमन÷, ÷आदि कर्मयोगी÷, ÷धरती आबा÷ जैसी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी।

राज्य शासन द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में बस्तर के जिला मुख्यालय जगदलपुर में जनजातीय गौरव दिवस का गरिमामय आयोजन होगा। इस मौके पर वनमंत्री श्री केदार कश्यप और विधायक श्री किरण सिंह देव विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। दुर्ग जिले में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, रायपुर में केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री तोखनलाल साहू और राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, बलरामपुर में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, बेमेतरा में खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल,मुख्य अतिथि होंगे।

राजभवन के अधिकारियों को स्थानांतरण पर दी गई बिदाई

रायपुर/नवप्रदेश। राजभवन से स्थानांतरित अधिकारियों को आज बिदाई दी गई।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने राज्यपाल के परिसहाय श्री निशांत कुमार और श्री सुनील शर्मा, पूर्व संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, पूर्व परिवहन अधिकारी श्री प्रेमकांत त्रिवेदी के स्थानांतरण पर उन्हें नये दायित्वों तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं तथा सफाई कर्मी श्री एस कसैय्या की सेवानिवृत्ति पर सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिसका पालन सभी को करना होता है। इसलिए एक स्थान पर लंबे समय तक रहने की मानसिकता से बाहर निकलना आवश्यक है। जहां भी कार्य करें अपना सर्वश्रेष्ठ दें। शासकीय दायित्वों के साथ अपने परिवार को भी समय दें।

कचरा इधर-उधर ना डालकर स्वच्छता कायम करने सहभागी बने : महापौर मीनल चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत जोन 9 क्षेत्र में कुषाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7, पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 50 क्षेत्र अंतर्गत विविध 5 नये विकास कार्यो के 51 लाख 50 हजार रू. की लागत से लोकार्पण की शानदार सौगात रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू और रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने नगर निगम नेता प्रतिपक्ष श्री आकाष तिवारी, एमआईसी सदस्य श्री खेमकुमार सेन, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद श्रीमती रेणु जयंत साहू, डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड क्रमांक 11 पार्षद श्री मोहन साहू, महात्मा गांधी वार्ड

क्रमांक 8 की पार्षद श्रीमती सावित्री धीवर, आदर्ष संकल्प सोसायटी के अध्यक्ष श्री सूरज यादव, सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजकुमार राठी, निगम अधीक्षण अभियंता श्री राजेष राठौर, जोन 9 जोन कमिष्नर श्री अंषुल शर्मा सीनियर बडी संख्या में संकल्प सोसायटी प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर के रहवासीगणो, गणमान्यजनो, महिलाओ, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवको, आमजनो, बच्चो की उपस्थिति में शानदार सौगात दी गई।

विधायक निधि से कुषाभाउ ठाकरे वार्ड में बीएसयूपी अम्बेडकर खालबाडा सेक्टर 3 सड्डू में 5 लाख में सामुदायिक भवन निर्माण वार्ड 7 में सड्डू साहूपारा के पास 10 लाख में सामुदायिक भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक एएचपी परियोजना 1015 अंतर्गत लाभांडी संकल्प होम्स फेस 2 में 232 नग आवासीय परिसर में 18 लाख 78 हजार में सामुदायिक भवन निर्माण, पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 51 फुण्डहर चंडी चैक में 10 लाख में शेड निर्माण, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड संकल्प सोसायटी लाभांडी में 7 लाख 72 हजार में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य करवाया गया है।

जनगणना के फील्ड कार्य के दौरान आंकडों के संग्रहण हेतु प्रथम बार मोबाइल एप का उपयोग

रायपुर/नवप्रदेश। जनगणना 2027 पूर्व परीक्षण (प्री टेस्ट) का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य के 3 जिलों यथा कबीरधाम जिले के कुकदूर तहसील के 26 एवं महासमुंद जिले के महासमुंद तहसील के 24 चयनित ग्रामों तथा रायपुर जिले के नगर पालिक निगम रायपुर के वार्ड क्रमांक 52 (डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड) में 10 नवंबर, 2025 से 30 नवंबर 2025 के दौरान संपादित किया जा रहा है। जनगणना के फील्ड कार्य के दौरान आंकड़ों के संग्रहण हेतु प्रथम बार मोबाइल एप का

उपयोग किया जा रहा है जिसकी टेस्टिंग भी पूर्व-परीक्षण के फील्ड कार्य के दौरान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के जनगणना निदेषक श्री कार्तिकेय गोयल और रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विष्वदीप ने आज रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 10 अंतर्गत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड अंतर्गत जनगणना 2027 पूर्व परीक्षण प्री टेस्ट के कार्य को फील्ड पर पहुंचकर प्रत्यक्ष देखा । आकडो के संग्रहण हेतु फील्ड कार्य के दौरान प्रथम बार मोबाईल एप का उपयोग किया जा रहा है जिसे जनगणना निदेषक और नगर निगम आयुक्त ने प्रत्यक्ष निरीक्षण कर प्रक्रिया अंतर्गत कार्य को देखा ।

जनगणना 2027 की प्रारम्भिक तैयारियों के क्रम में पूर्वाभ्यास के रूप में प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का पूर्व परीक्षण (प्री टेस्ट) परीक्षण (प्री टेस्ट) किया जाना है। इसका उद्देश्य जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नो, जनगणना प्रक्रिया की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण की प्रभावशीलता, लॉजिस्टिक्स, प्रिंटिंग प्रक्रिया, डाटा की गुणवता का आंकलन, फील्ड कार्य के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं की पहचान करना आदि का परीक्षण किया जाएगा।

बिजली बिल से जनता हलाकान, उस पर 7.10 प्रति. एफपीपीएस सरचार्ज अत्याचार

रायपुर/नवप्रदेश। बिजली बिल हाफ योजना शुरु करने एवं फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज घटाने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बिजली बिल हाफयोजना में 400 यूनिट तक छूट को शुरू किया जाए, फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज को पूर्व की तरह - 1.41 प्रतिशत रखा जाये और कोयला में जो केंद्र सरकार ने 400 रु प्रति टन सेस को खत्म किया है, उसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलना चाहिये। बिजली के प्रति यूनिट दर में कमी किया जाया ताकि प्रदेश की जनता को महंगी बिजली से राहत मिल सके।

भाजपा की सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट तक मिलने वाली छूट को खत्म किया है और फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज को-1.41 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.10 प्रतिशत किया है जिसके कारण आम जनता को भारी भरकम बिजली बिल से परेशानी हो रही है। भाजपा सरकार का यह जनविरोधी निर्णय है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य बनने के बाद से प्रदेश में बिजली के दाम सबसे ज्यादा वर्तमान समय में है। सरकार ने बिजली बिल हाफयोजना को बंद कर दिया जिससे लोगों के बिजली के बिल दुगुना, तिगुना से भी अधिक आ रहा है। महंगी बिजली के बाद भी सरकार, जनता को चौबीस घंटे बिजली नहीं उपलब्ध करवा पा रही। ग्रामीण क्षेत्र में आठ-नौ घंटे तक हो रही बिजली कटौती से जनता परेशान हो रही है। लोग बिजली कटौती के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है।

न्यूज गैलरी

फर्टिलाइजर की कालाबाजारी और जमाखोरी पर सरकार की बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली। देश में किसानों को फर्टिलाइजर की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चितत करने के लिए सरकार ने खरीफ और चल रहे रबी सीजन 2025-25 (अप्रैल से नवंबर) में एक अभियान चलाकर कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों पर कार्रवाई की है। सरकार ने बताया कि इस अभियान के दौरान देश में फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को मॉनिटर करने के लिए 3,17,054 निरीक्षण और छापे मारे गए। केमिकल और फर्टिलाइजर मंत्रालय के मुताबिक, इन ऑपरेशंस के तहत पूरे देश में कालाबाजारी के लिए 5,119 कारण-बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिसके चलते 3,645 लाइसेंसों को निलंबित किया गया है और 418 एफआईआर दर्ज की गई हैं। साथ ही, जमाखोरी के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत 667 कारण-बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें 202 लाइसेंस रद्द और निलंबित किए गए हैं और 37 एफआईआर दर्ज की गई हैं।मंत्रालय ने बताया कि डायवर्जन रोकने के लिए, अधिकारियों ने 2,991 कारण बताओ नोटिस जारी किए, 451 लाइसेंस रद्द/निलंबित किए और 92 एफआईआर दर्ज कीं। सभी प्रवर्तन कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत की गईं, जिससे सख्त अनुपालन और जवाबदेही सुनिश्चित हुई।उत्तर प्रदेश ने इस अभियान का नेतृत्व किया, जहां 28,273 निरीक्षण किए गए, कालाबाजारी के लिए 1,957 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, 2,730 लाइसेंस रद्द या निलंबित किए गए, साथ ही 157 एफआईआर भी दर्ज की गईं। बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और गुजरात उन अन्य राज्यों में शामिल थे, जिन्होंने मजबूत प्रवर्तन, बड़े पैमाने पर निरीक्षण दल तैनात करने, व्यापक निगरानी और तेज कानूनी कार्रवाई का प्रदर्शन किया।महाराष्ट्र के अभियान में 42,566 निरीक्षण और डायवर्जन संबंधी उल्लंघनों के लिए 1,000 से अधिक लाइसेंस रद्द किए गए।

नेचर पॉजिटिव इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है

अदाणी सीमेंट ग्लोबल टीएनएफडी फ्रेमवर्क को अपनाने वाली भारत की पहली सीमेंट कंपनी बनी

अहमदाबाद। अदाणी सीमेंट टास्कफोर्स ऑन नेचर रिलेटेड फाइनेंशियल डिस्क्लोजर्स (टीएनएफडी) फ्रेमवर्क को अपनाने वाली भारत की पहले सीमेंट कंपनी बन गई है। यह जानकारी कंपनी की ओर से शुक्रवार को दी गई। इसके साथ ही, अदाणी सीमेंट उन सात ग्लोबल सीमेंट कंपनियों में शामिल हो गया है, जिन्होंने टीएनएफडी फ्रेमवर्क को अपनाया है।अदाणी सीमेंट के अंतर्गत अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी दो ब्रांड आते हैं।

टीएनएफडी फ्रेमवर्क को ऐसी कंपनियां अपनाती हैं, जो नेचर पॉजिटिव बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन पर फोकस करती हैं। अदाणी सीमेंट वित्त वर्ष 26 से टीएनएफडी-संरेखित सिफारिशों को औपचारिक रूप से अपनाएगा, जिससे पर्यावरणीय प्रदर्शन में कंपनी की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।अदाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के सीईओ विनोद बहेटी ने कहा, टीएनएफडी फ्रेमवर्क को अपनाना अदाणी सीमेंट की नेचर पॉजिटिव ग्रोथ और क्लाइमेंट लीडरशीप की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें अपनी इंडस्ट्री में टीएनएफडी-संरेखित डिस्क्लोजर्स के लिए प्रतिबद्ध होने पर गर्व है, जो हमारे इस विश्वास को दर्शाता है कि जिम्मेदार व्यवसाय दीर्घकालिक सफलता की नींव है। इससे पहले अदाणी सीमेंट ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए दुनिया में पहली बार कमर्शियल स्तर पर कूलब्रूक की रोटोडायनामिक हीटर (आडीएच) टेक्नोलॉजी को स्थापित करने का ऐलान किया था।

बहेटी ने कहा, हम नेट जीरो की दिशा में प्रगति को गति दे रहे हैं एवं जैव विविधता को बढ़ा रहे हैं और अपने सभी परिचालनों को मजबूत कर रहे हैं। अदाणी समूह के एकीकृत इकोसिस्टम द्वारा समर्थित, इनोवेशन,

डिजिटलीकरण और रिन्यूएबल एनर्जी पर हमारा ध्यान हमें भारत के सतत विकास लक्ष्यों का समर्थन करते हुए सभी पक्षकारों के लिए बेहतर मूल्य प्रदान करने में सक्षम बनाता है।टीएनएफडी की सिफारिशों को अपनाकर, अदाणी सीमेंट प्रकृति से संबंधित जोखिमों और अवसरों की पहचान, आकलन, प्रबंधन और डिस्क्लोजर के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे सतत विनिर्माण में उसका नेतृत्व और मजबूत होगा।टीएनएफडी एक वैश्विक, विज्ञान-आधारित पहल है जिसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम वित्त पहल (यूएनईपी एफआई), संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) और ग्लोबल कैनोपी द्वारा की गई है। यह कंपनियों को रणनीतिक निर्णय लेने और कॉर्पोरेट रिपोर्टिंग में प्रकृति से संबंधित विचारों को एकीकृत करने में मार्गदर्शन प्रदान करता है।इसके अलावा, अदाणी सीमेंट ने पहले ही मजबूत ईएसजी मानकों को संस्थागत रूप दे दिया है, जिसमें बड़े पैमाने पर वनीकरण शामिल है जिसके तहत इसने 70 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं।इससे पहले बुधवार को अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) टीएनएफडी फ्रेमवर्क को अपनाने वाली भारत की पहली एकीकृत ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी बन गई, जिसने नेचर पॉजिटिव इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है।

कैबिनेट बैठक में बड़ा फैसला

शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम अब राज्य क्रिकेट संघ को लीज पर

रायपुर/नवप्रदेश। आज हुई कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में राज्य सरकार ने शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर अटल नगर को दीर्घकालीन अनुबंध के तहत छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को लीज पर देने का निर्णय लिया। इस फैसले का उद्देश्य स्टेडियम के पूर्ण संचालन, व्यवस्थित प्रबंधन और विकास कार्यों को गति देना है।

स्टेडियम के सीएससीए को हस्तांतरण से प्रदेश के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकी सुविधाएं और बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध होगा। साथ ही, इस निर्णय से छत्तीसगढ़ में आगामी वर्षों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के आयोजन को और अधिक बढ़ावा मिलेगा, जिससे रायपुर खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन सकेगा। कैबिनेट के इस निर्णय के लिए क्रिकेट प्रेमियों ने

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया ने कहा कि यह फैसला राज्य के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए ÷मील का पत्थर÷ साबित होगा और आने वाले समय में रायपुर में लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैच देखने को मिलेंगे।

नए साल से पहले आरबीआई देगा तोहफा, एक बार फिर ब्याज दरों में हो सकती है कटौती

नई दिल्ली। अर्थशास्त्रियों ने गुरुवार को कहा कि अक्टूबर में महंगाई दर में कमी के कारण केंद्रीय बैंक एक बार फिर से दिसंबर की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है।खुदरा महंगाई दर अक्टूबर में रिकॉर्ड 0.25 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है, जो कि सितंबर में 1.44 प्रतिशत थी। यह मौजूदा सीपीआई सीरीज में दर्ज की गई अब की सबसे कम महंगाई दर है। समग्र महंगाई में कमी आने की वजह खाद्य महंगाई के साथ-साथ मुख्य महंगाई दर में कमी आना है।क्रिसिल ने अपने नोट में कहा कि उम्मीद से अधिक खाद्य महंगाई दर में कमी आने, बाकी बचे वर्ष में खाद्य उत्पादों की आपूर्ति मजबूत रहने, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम होने और जीएसटी का फायदा आम लोगों तक पहुंचने के कारण हमारा अनुमान है कि खुदरा महंगाई दर इस वित्त वर्ष में औसत 2.5 प्रतिशत पर रह सकती है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

//निविदा आमंत्रण सूचना//

क्र. 24/न.पा.नि./जोन क्रमांक -7/लो.नि.वि./2025-26 दिनांक 13/11/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु फार्म-B में मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाखों में)	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	जोन क्र. 07 में कचरा संग्रहण हेतु संचालित मिनी टीपरो के मरम्मत हेतु।	09.90	04/12/2025
2	जोन क्र. 07 में संचालित जेसीबी के मरम्मत हेतु।	05.00	04/12/2025
3	जोन क्र. 07 में संचालित मिनी डम्पर/ट्रैक्टर/पानी टैंकरो के मरम्मत हेतु।	05.00	04/12/2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 07
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

सम्पत्तिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है

कार्यालय, कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास शाखा), जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

गुमशुदा बालक

1. बच्चे का नाम :- मोहम्मद शहबाज
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 04.10.2025
3. संस्था :- खुला आश्रय गृह (बालक) जिला-दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
4. रंग :- गेहुंआ
5. कद :- 05 फीट 05 इंच
6. वर्तमान आयु :- लगभग 16 वर्ष

बाल कल्याण समिति जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) के आदेश क्रमांक/1867/CWC/ आदेश/2025-26/दन्तेवाड़ा, दिनांक 31/10/2025 के माध्यम से खुला आश्रय गृह (बालक) जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.) में अस्थाई रूप से निवासरत उक्त बालक (मोहम्मद शहबाज) के संबंध में, बालक के परिजनों एवं तत् संबंधित पतासाजी हेतु दैनिक समाचार पत्रों में गुमशुदा संबंधित समाचार प्रकाशित किये जाने संबंधित निर्देश दिये गये हैं।

सर्व संबंधित को, जो उक्त गुमशुदा बालक का पहचान रखते हैं अथवा वैधानिक पालक/अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं, वो जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाज जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) अथवा खुला आश्रय गृह (बालक) अर्पण कल्याण समिति, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) में दर्ज करा सकते हैं।

बालक, मानसिक रूप से सामान्य नहीं है। बालक स्वयं अथवा परिजनों के विषय में कुछ अधिक जानकारी नहीं दे रहा है/ देने में सक्षम नहीं है।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

संपर्क नंबर- 9993787731, 9977280547

जी-252604783/2

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला- दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन और क्रेडिट गारंटी स्कीम पूरे इकोसिस्टम के लिए गेमचेंजर : फियो

नई दिल्ली। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) ने केंद्रीय कैबिनेट की ओर से एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईएमपी) को मंजूरी देने के मोदी सरकार के फैसले का स्वागत किया है और इसे गेमचेंजर बताया है। इस स्कीम का उद्देश्य देश की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, एमएसएमई, फर्स्ट-टाइम एक्सपोर्ट्स और अधिक लेबर उपयोग वाले सेक्टर्स को मजबूत करना है। इस स्कीम का ऐलान आम बजट 2025-26 में किया गया था।फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन भारत के व्यापार क्षेत्र के लिए एक व्यावहारिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

यह मिशन वित्तीय और गैर-वित्तीय हस्तक्षेपों को एक एकीकृत फ्रेमवर्क के अंतर्गत लाकर वैश्विक व्यापार गतिशीलता के लिए आवश्यक निरंतरता, लचीलापन और जवाबदेही प्रदान करता है। यह विशेष रूप से एमएसएमई को सशक्त बनाएगा, जिन्हें अकसर किफायती वित्त और अनुपालन सहायता तक पहुंच में कठिनाई होती है।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगों नहर संभाग क्रमांक 6, सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.)
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निविदा निरस्तीकरण आदेश

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग रायपुर के पृ.क. 4263700 / निविदा प्रकोष्ठ/2025/2693 (टीसी) नवा रायपुर, दिनांक 17.10.2025 के परिपालन में इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क. 02/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 15.09.2025 सिस्टम नं. 175436. (द्वितीय आमंत्रण) में प्रतिभागी निविदाकार निरंक होने के कारणवश एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है। (पूर्व प्रकाशन का जी नं. 252603534)

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक-6
जी-252604764/5 नंदेलीभांठा-सक्ती

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-146-25-26, दिनांकः 11.11.2025.
कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत थ्रू बैलास्ट रिन्यूअल (टी.बी.आर.) 73.121 किमी आदि जैसे ट्रैक कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्यः ₹ 4,25,73,489.28. अमानत राशिः ₹ 3,62,900.00. कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 24.11.2025 के 11.00 बजे से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 08.12.2025 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/
सीपीआर/10/452 द.पू.म.रे.,बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित एच.आई.जी. फ्लैट (कंचन अश्व परिसर) योजना के अंतर्गत फ्लैटों/भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एच.आई.जी. फ्लैट-ब्लाक-बी/102 प्रथम तल में श्री कृष्ण कुमार सिंह पिता श्री एस.एस. सिंह को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 26.02.2008 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय करने हेतु दिनांक 22.09.2025 को निष्पादित इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/ भवन 1. श्री अनिल कुमार लखवानी पिता स्व. टी.एम. लखवानी 2. श्रीमती मनीषा लखवानी पति श्री अनिल कुमार लखवानी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त फ्लैट/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Website-www.nagarnigamdhamtari.com,Email-commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No-07722-241599

-:: द्वितीय रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक/कार्य. अभि./स्व.भा.मि./द्वि.ई.ओ.आई./2025/5486 धमतरी, दिनांक 13/11/2025

नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्रांतर्गत स्वस्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रचार-प्रसार कार्य जैसे :- वाल पेटिंग एवं विभिन्न स्थलों में सौंदर्यीकरण/सजावट कार्य हेतु कुल राशि 08.00 लाख रुपये हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म से रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत आफर दर स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 27/11/2025 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

ई.ओ.आई. के साथ आयुक्त नगर पालिक निगम धमतरी के नाम से उल्लेखित राशि 8000.00 रुपये का एफ.डी.आर. जमा करना होगा। प्राप्त ई.ओ.आई. प्रस्ताव दिनांक 28/11/2025 को प्रातः 11.30 बजे खोली जायेगी।

कार्य से संबंधित विस्तृत शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त की जा सकती है। विभागीय संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, धमतरी

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID- rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22890 दिनांक 12.11.2025
वार्ड का नाम- 54- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR652N1021A जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती ARVIND GUPTA पिता/पति DURGA PRASAD GUPTA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती YASHODA SAHU पिता/पति RAMBAGAS SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

श्री विवेकानंद दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र. 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email rmczone3@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.25786 दिनांक 13.11.2025
वार्ड का नाम-33-शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 33 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR332E00122 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती ANIMA MUKHERJEE पिता/पति BEVA N.C. MUKHERJEE के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PRADEEP KUMAR SINGH पिता/पति PREM DAN SINGH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

श्रीमती प्रीति सिंह
जोन कमिश्नर
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho.no. 0771-2535780,90, Fax 077172227395, Email-dc_rmc@rediffmail.com

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/299/का.अ./फि.प्लांट/न.नि./25 रायपुर, दिनांक 13/11/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवी एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित समयावधि में सील बंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। सभी सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावेगी। निविदा खोलने के समय ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। विवरण निम्नानुसार है :-

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 26/11/2025 सायंकाल 5.00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को निविदा जारी करने की अंतिम तिथि - 28/11/2025 सायंकाल 2.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 01/12/2025 सायंकाल 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 04/12/2025 सायंकाल 4.00 बजे तक

क्र.	विवरण	प्राक्कलन राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	प्रपत्र का प्रकार
1	इंटेकवेल के अंतर्गत नीर एवं क्षीर पंप हाउस स्थित मोटर पंप के बाउल एसेम्बली का मरम्मत कार्य	9,34,228,00	9,500,00	750.00	03 माह	"B"

निविदा की शर्ते

1. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन तिथि / समय में फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम, रायपुर रावणभाठा से प्राप्त की जा सकती है।
2. अमानती राशि (FDR) आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।
3. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, न.पा.नि. रायपुर को होगा।
4. निविदाकारों को लिफाफा 'अ' में अमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/ PWD Registration/3 year tax return इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफा 'ब' में निविदा दर, डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र में अंको एवं शब्दों में स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए। निविदा दर में कांट-छांट नहीं होना चाहिए। दोनों लिफाफा को एक अलग से बड़े लिफाफा में भरकर सीलबंद कर जमा करना होगा।
5. निविदाकारो को लिफाफा 'अ' में आमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/ PWD Registration/3 year tax return इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि सही पाये जाने के उपरांत ही लिफाफा 'ब' खोला जायेगा।
6. इसके अलावा नगर पालिक निगम रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते है। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ डीडी के रूप में जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र **कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर रावणभाठा** को प्रेषित करना होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

कार्यपालन अभियंता
फिल्टर प्लांट
नगर पालिक निगम, रायपुर

शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ती लता पिता हेमकुमार निवासी-डोलेसरा रायगढ़ छत्तीसगढ़ का रहने वाली हूं। जो कि निम्नकथन शपथ पूर्वक करती हूं कि -

1. यह कि मेरी नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।
2. यह कि वर्ष 2024 में बी.एस.सी. नर्सिंग की परीक्षा कालेज आफ नर्सिंग अपोलो हास्पीटल बिलासपुर छ.ग. से उत्तीर्ण कर लिया गया है।
3. यह कि अपने बी.एस.सी. नर्सिंग का पंजीयन मेरे द्वारा करवा लिया गया है। जिसका पंजीयन क्रमांक- रजिस्ट्रेशन क्रमांक/ एलएक्सएक्सएक्सआईव्ही-28246 है।
4. यह कि मेरा पंजीयन/रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र कहीं गुम हो चुका है। जिसकी सूचना बाबत् महोदय के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 4 की बातें सत्य व सही है। अपना हस्ताक्षर कर दिया जा रहा है।

शपथकर्ती

ईश्तहार

मैसर्स स्वदेश मेटलिक्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम-केशदा, तहसील-सिमगा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के 20 मेगावाट आधारित कैप्टिव पावर प्लांट के ग्रिड कनेक्टिविटी हेतु विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र- जांगड़ा के स्विचयार्ड से ग्राम कोलिया से हदबंद से नेवाधा (केसदा) कुल लम्बाई लगभग 12.1 किलोमीटर मैसर्स स्वदेश मेटलिक्स प्रा.लि. तक) लाइन 16 नवंबर से चालू हो जाएगी/ या चालू माना जाये।

महेंद्र वर्मा
मोक कंस्ट्रक्शन
ग्राम कोहका (तिल्दा नेवरा) जे.बी.सिटी के सामने ए क्लास विद्युत ठेकेदार सीएसपीडीसीएल रजिस्टर्ड वेंडर

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, हवाई अड्डा टर्मिनल भवन
एसएफ कॉम्प्लेक्स, जगदलपुर-494001 (छत्तीसगढ़)

विज्ञापन संख्या: एसएफसी/एचआरडी/जेआरएफ/चयन/04/2025 **दिनांक: 10/10/2025**

निम्नलिखित फेलोशिप प्रारंभ में दो वर्ष की अवधि (नियमानुसार बढ़ाई जा सकती है) के लिए, 37,000/- रुपये की मासिक फेलोशिप पर उपलब्ध हैं (नियमानुसार एचआरए और चिकित्सा सुविधाएं स्वीकार्य होंगी)। नीचे उल्लिखित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं।

क्रम संख्या	फ़ेलोशिप का प्रकार	फ़ेलोशिप की संख्या	विषय / अनुशासन	शैक्षिक योग्यताएँ
01	जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ)	01	रसायन विज्ञान	सीएसआईआर-यूजीसी नेट/गेट के साथ प्रथम श्रेणी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम (एम.एससी.) में स्नातक उपाधि।
02	जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ)	01	केमिकल इंजीनियरिंग	नेट/गेट के साथ प्रथम श्रेणी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम बी.ई./बी.टेक.) में स्नातक उपाधि **या** स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम(एम.ई./एम.टेक.) में स्नातकोत्तर उपाधि।
03	जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ)	01	इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग	नेट/गेट के साथ प्रथम श्रेणी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम बी.ई./बी.टेक.) में स्नातक उपाधि **या** स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम (एम.ई./एम.टेक.) में स्नातकोत्तर उपाधि।

ऊपरी आयु सीमा: आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक जेआरएफ के लिए 28 वर्ष। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को भारत सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।
सभी प्रकार से भरा हुआ साफ-सुथरा टाइप किया हुआ/लिखित आवेदन, पूर्ण बायोडाटा के साथ **महाप्रबंधक, एसएफ कॉम्प्लेक्स, जगदलपुर 494001** के पते पर पहुँच जाना चाहिए।
(छत्तीसगढ़) में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर आवेदन करें। आवेदन के पहले पृष्ठ के ऊपरी कोने पर पासपोर्ट आकार का अपना नवीनतम फोटोग्राफ चिपकाएँ। कृपया आवेदन के साथ महाप्रबंधक, एसएफ कॉम्प्लेक्स, जगदलपुर के पक्ष में जारी रु. 10/- का रेखांकित भारतीय पोस्टल ऑर्डर भेजें। (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को इस भुगतान से छूट प्राप्त है)। सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए।
उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण पत्र/प्रशंसापत्र प्रस्तुत करना होगा। कृपया ध्यान दें कि फेलोशिप की पेशकश फेलो को डीआरडीओ में आमेलन का कोई अधिकार नहीं देती है।

आवेदन प्रपत्र

पासपोर्ट आकार का नवीनतम फ़ोटोग्राफ़ (3.5 सेमी × 4.5 सेमी) चिपकाएँ।

विज्ञापन संख्या एवं दिनांक
1. आवेदित पद:
2. नाम (पूरा):
3. पिता का नाम:
4. जन्म तिथि:
5. पत्राचार का पता:
6. स्थायी पता:
7. मोबाइल नंबर:
8. ईमेल आईडी:
9. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं:
10. शैक्षिक योग्यता (दसवीं कक्षा से आगे)

योग्यता	संस्थान/विश्वविद्यालय	उत्तीर्ण होने का वर्ष	विषय	अंक प्रतिशत

11. अनुभव (उसकी प्रति संलग्न करें)

पदस्थ	नियोक्ता का नाम	से	तक	कार्य की प्रकृति	वेतन

12. कोई अन्य जानकारी
मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि ऊपर दिए गए विवरण सही हैं।
दिनांक- हस्ताक्षर

ऊपर दी गई योग्यताएँ इन पदों के लिए न्यूनतम आवश्यक हैं। इन योग्यताओं वाले सभी आवेदकों को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया जा सकता है। यदि उनकी संख्या अधिक है, तो उपरोक्त विषय में लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है। केवल योग्यता के आधार पर सूचीबद्ध उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा और अन्य उम्मीदवार यह मान सकते हैं कि उन्हें योग्यता के आधार पर सूचीबद्ध नहीं किया गया है। अपूर्ण आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं। कृपया लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखते हुए विज्ञापन संख्या लिखें।

सीबीसी 10301/11/0117/2526

(मानव संसाधन प्रमुख)
महाप्रबंधक के लिए

एचआईवी रिपोर्ट की जानकारी अब केवल डॉक्टर रख सकेंगे, फाइल पर पहचान चिह्न भी नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। शासन ने अस्पताल में इलाज के दौरान एचआईवी मरीजों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए गाइडलाइन जारी की है। यह गाइडलाइन तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दी गई है। अब एचआईवी पॉजिटिव होने की जानकारी इलाज करने वाले डॉक्टर या नियंत्रण अधिकारी के पास ही रहेगी। यही नहीं फाइल, रजिस्टर, कंप्यूटर रिकार्ड लेवल पर अलग से कोई चिह्न नहीं बनाया जाएगा।

भारत सरकार के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) की 2018 में जारी अधिसूचना के अनुसार एचआईवी, एड्स से ग्रसित लोगों की चिकित्सीय, व्यक्तिगत एवं पहचान संबंधी सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जानी है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को गाइडलाइन जारी कर पालन करने को कहा है। सर्जरी या डिलीवरी के समय ऑपरेशन करने वाली टीम को सुरक्षा के बतौर नाम उजागर

किए बिना मरीज की जानकारी दी जा सकती है। यही नहीं, मरीज की स्थिति की जानकारी इलाज करने वाले डॉक्टर व जरूरी स्टाफ तक सीमित रहेगी। किसी भी परिस्थिति में मरीज की स्थिति को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित, चर्चा या प्रचारित नहीं किया जाएगा। एचआईवी-एड्स मरीजों से संबंधित दस्तावेज, रजिस्टर व रिपोर्ट सुरक्षित स्थान पर रखे जाएंगे। सिर्फ अधिकृत अधिकारी की अनुमति से ही उपलब्ध कराए जाएंगे।

गोपनीयता का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। संक्रमण से बचाव के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी यूनिवर्सल प्रकाशन का पालन करेंगे। रक्त, सुई, ब्लेड या किसी भी शारीरिक द्रव के संपर्क से बचाव के लिए डिस्पोजेबल दस्ताने, मॉस्क, एप्रन, सेफ्टी गॉगल्स आदि का इस्तेमाल किया जाए। इस्तेमाल के बाद सुइयों को निडिल डेस्ट्रोयर या शॉर्प कंटेनर में ही नष्ट किया जाए। सभी को सुई या ब्लेड का दोबारा उपयोग नहीं करने को कहा गया है। ताकि संभावित संक्रमण से बचा जा सके।

बायो मेडिकल वेस्ट नियम का पालन जरूरी

गाइडलाइन में यह भी कहा गया है कि अस्पतालों में सभी उपकरणों का उचित स्टरलाइजेशन किया जाए। साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम का पालन किया जाए। ब्लड ट्रांसफ्यूजन केवल स्क्रीन किए गए रक्त से किया जाएगा। ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम एवं ड्रेसिंग रूम में संक्रमण नियंत्रण के सभी प्रोटोकॉल लागू करें। यही नहीं इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी हर माह निरीक्षण कर जरूरी रिपोर्ट तैयार करें।

एचआईवी मदर, 2 लाख का मुआवजा

आंबेडकर अस्पताल में हाल ही में एक शिशु के बेड के सामने एचआईवी मदर का बोर्ड टांग दिया गया था। मीडिया में मामला आने के बाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अस्पताल को पीड़ित महिला को दो लाख का मुआवजा देने को कहा। कॉलेज प्रबंधन ने बिना देरी करते हुए अगले ही दिन महिला को दो लाख रुपए का चेक भी दे दिया।

काउंसिल ने किया पंजीयन निरस्त फार्मासिस्ट समुदाय हुआ नाराज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट फॉर्मेसी काउंसिल ने फार्मासिस्ट अभिषेक चंदा का पंजीयन हाल ही में निरस्त कर दिया है। इससे फार्मासिस्ट समुदाय में नाराज़गी है। एक हफ्ते से ज्यादा समय हो गया, पर जांच समिति के अध्यक्ष का कोई जवाब नहीं आया है। जानकारी के अनुसार पंजीयन निरस्त करने का निर्णय काउंसिल के उपाध्यक्ष राहुल तिवारी की देखरेख में गठित जांच समिति की अनुशंसा पर लिया गया है। समिति द्वारा की गई जांच प्रक्रिया पर कई गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं, क्योंकि अभिषेक चंदा के पास सभी वैध दस्तावेज और प्रमाण पत्र पूर्व में ही जमा थे। यही नहीं उन्हें विधिवत पंजीयन भी प्राप्त हो चुका था। फार्मासिस्ट समुदाय का मानना है कि यह निर्णय पारदर्शिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों के विपरीत है। जांच समिति ने बिना ठोस साक्ष्य और बिना उचित सुनवाई के यह कार्रवाई की। इससे एक निर्दोष फार्मासिस्ट का भविष्य संकट में पड़ गया है।संगठन ने मांग की है कि जांच समिति की संपूर्ण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

इस निर्णय की स्वतंत्र पुनः

जांच कराई जाए। जिन व्यक्तियों की भूमिका पर प्रश्नचिह्न हैं, उनमें काउंसिल उपाध्यक्ष राहुल तिवारी की भूमिका की भी जांच की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी फार्मासिस्ट के साथ अन्याय न हो। फार्मासिस्ट और संचालक नेशनल फार्मासिस्ट ऑर्गेनाइजेशन के योगेश साहू ने कहा कि यह मामला न केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे फार्मासिस्ट समुदाय की विश्वसनीयता और पेशेवर गरिमा से जुड़ा है।

अब मेडिकल स्टूडेंट और डॉक्टर करेंगे रक्तदान

रायपुर/नवप्रदेश। पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज संबद्ध आंबेडकर अस्पताल समेत सभी चिकित्सालय में अब डॉक्टर समेत स्टूडेंट्स नियमित रूप से ब्लड डोनेशन करेंगे। इससे जरूरतमंद मरीजों के लिए ब्लड की कमी नहीं होगी। कई बार गंभीर मरीजों को ब्लड मिलने में परेशानी होती है। नई पहल से ब्लड की कमी दूर होने की संभावना है। राजभवन के पत्र के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग नियमित शिविर लगा रहा है। अब मेडिकल एजुकेशन से जुड़े कॉलेजों के विद्यार्थी नियमित रक्तदान करेंगे। इससे ब्लड बैंक में रक्त की कमी दूर करने में मदद मिलेगी। सिकलसेल, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, ल्यूकेमिया, कैंसर के मरीज, सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व डिलीवरी के दौरान महिलाओं को ब्लड ट्रांसयूजन की जरूरत पड़ती है। ब्लड की कमी न हो, इसके लिए राजभवन ने पहले ही हेल्थ साइंस विवि को पत्र लिखा था। डीन व प्राचार्यों को लिखे पत्र में छात्र-छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने को कहा है। शिविर लगाकर ब्लड एकत्रित किए जाएंगे।

कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में बचाव भी

ब्लड से जुड़ी बीमारी व बोन मेरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ हिमेटोलॉजिस्ट डॉ. विकास गोयल व पीडियाट्रिशियन डॉ. आकाश लालवानी के अनुसार नियमित अंतराल में ब्लड डोनेशन करने से खून साफहोने के साथ शरीर को नए खून बनाने का मौका मिलता है। कई कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों से बचाव भी होता है। यह मानसिक सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। सिकलसेल, हीमोफीलिया के मरीजों को ब्लड की पूर्ति रक्तदान से होती है। यही नहीं नियमित रक्तदान करने से हार्ट अटैक की संभावना 88 फीसदी तक कम हो जाती है। हार्ट संबंधी बीमारी होने की संभावना भी 33 फीसदी घट जाती है। शरीर से ब्लड निकलने से 350 मिग्रा आयरन कम हो जाता है।

डॉक्टर के घर दो लाख की चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। आजाद चौक इलाके में एक डॉक्टर के घर चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक चौबे कॉलोनी निवासी डॉक्टर राघव अग्रवाल घर से बाहर थे। इस बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर में धावा बोला। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी को अज्ञात चोर ले भागे। चोर करीब 2 लाख का सामान ले भागे। इसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफकेस दर्ज कर विवेचना में लिया है।

श्रम विभाग का फरमान: फैक्ट्रियों में जोखिम भरे 20 किस्म के काम पर रोक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की फैक्ट्रियों-कारखानों में गर्भवती महिलाओं व अधेड़ उम्र के व्यक्तियों को जोखिम भरे कार्यों से मुक्ति मिलेगी। राज्य सरकार के श्रम विभाग ने कुछ कार्यों की लिस्ट जारी की है। इन कार्यों को करने के लिए फैक्ट्री प्रबंधन कर्मचारियों को बाध्य नहीं कर सकता। गर्भवती व नवजात बच्चों को स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साथ ही अल्पवय व्यक्ति जो फैक्ट्री में काम कर रहे हैं, उनके लिए लगभग 20 तरह के कामों पर रोक लगाई गई है। श्रम विभाग के उप-सचिव लोकेश कुमार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए आपत्ति व सुझाव के लिए अधिसूचना प्रकाशित होने के 45 दिन के भीतर की समय-सीमा तय की है। इस समय-सीमा में व्यक्ति अपना सुझाव दे सकते हैं।

गर्भवती महिलाएं मिट्टी के बर्तन वाले कार्य से पृथक: गर्भवती महिलाओं को मिट्टी के बर्तन निर्माण संबंधित कार्यों से अलग रखा जाएगा। इसके साथ ही मैगनीज या इसके यौगिकों के विनिर्माण में काम करने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही बेंजीन या बेंजीन निर्माण से संबंधित किसी भी कार्य से अलग रखा जाएगा। गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को स्लेट या पेंसिल निर्माण की फैक्ट्री में पत्थर काटने या खांचा बनाने के कार्यों में नियोजित नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही कैंसरकारी पदार्थों के निर्माण के लिए भी महिलाओं व अल्पवय व्यक्तियों पर काम करने के लिए दबाव नहीं बनाया जा सकेगा।

महिला उद्यमिता नीति लागू

राज्य सरकार ने 2023-2028 महिला उद्यमिता नीति लागू की है, जिसके अंतर्गत उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत बनाना है। नियम के अंतर्गत ऋृण सहायता के अंतर्गत विनिर्माण उद्योग के लिए 50 लाख, सेवा उद्योग के लिए 25 लाख व व्यवसाय उद्योग के लिए 10 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जानी है। ऐसे उद्यमियों को विद्युत शुल्क, जीएसटी दरें, स्टाप, मंडी शुल्क आदि में छूट प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

इन कार्यों पर प्रतिबंध

धातु की वस्तु पर इलेक्ट्रोलाइटिंग, प्लेटिंग या ऑक्सीकरण से संबंधित, विद्युत संचायकों का निर्माण, कांच निर्माण संबंधित कार्य, पेट्रोल-गैस का उत्पादन करने वाली किसी भी इमारत में काम करने या प्रवेश पर रोक।

बिहार चुनाव में बीजेपी को बढ़त, सीएम और मंत्रिमंडल ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न

रायपुर/नवप्रदेश। साय कैबिनेट की बैठक से पहले भी बधाइयों का दौर जारी रहा, डिप्टी सीएम अरुण साव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मिठाई खिलाकर जीत के रुझानों की बधाई दी। इसके बाद सीएम विष्णुदेव साय ने भी मंत्रियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। बिहार के नतीजों ने भाजपा खेमे में उत्साह कई गुना बढ़ा दिया है और पार्टी इसे जनता के समर्थन की बड़ी जीत के रूप में देख रही है।

फिर चला 'नितीश-मोदी मैजिक': 2020 के विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान की विद्रोही रणनीति ने नीतीश की जेडीयू को महज 43 सीटें दिलाई थीं। एनडीए ने कुल 125 सीटें हासिल कीं, लेकिन बहुमत के आंकड़े से महज 3 ज्यादा। विपक्ष ने इसे कमजोरी माना, लेकिन 2025 में चिराग एनडीए में लौटे और सीटों पर 22 की बढ़त बना ली। एक्जिट पोल्स ने एनडीए को 160 पार का अनुमान लगाया था, लेकिन रुझान 190+ दिखा रहे हैं। चुनाव आयोग के आधिकारिक ट्रेंड्स के मुताबिक, एनडीए ने सीमांचल, मगध और कोसी जैसे क्षेत्रों में साफझाड़ू लगाई। तेजस्वी यादव रघोपुर से तो आगे हैं, लेकिन आरजेडी कम सीटों पर सिमट गई।

जे आर नायडू विद्यालय के बच्चों ने किया एनआईटी रायपुर का भ्रमण

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर ने 13 नवम्बर 2025 को जे आर नायडू शास. उ. मा. विद्यालय,रविग्राम, रायपुर के विद्यार्थियों के भ्रमण का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन उन्नत भारत अभियान (क्ल) क्लब द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, क्षेत्रीय समन्वयक (उन्नत भारत अभियान क्लब) डॉ. सुधाकर पांडे रहे । इस दौरान डॉ एस पी महापात्रा, डॉ. गोवर्धन भट्ट, डॉ धर्मपाल, डॉ. टी. पी. साहू, डॉ दीपिका अग्रवाल, जे आर नायडू शास. उ. मा. विद्यालय रविग्राम रायपुर के शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

छत्तीसगढ़ में 'आदि संस्कृति' का सजीव प्रदर्शन

- वीर नारायण सिंह संग्रहालय में जनजातीय विरासत डिजिटल तकनीक के माध्यम से जीवंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली गाथा का सजीव प्रदर्शन शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में देखने को मिलता है – यह एक ऐसा अद्वितीय सांस्कृतिक केंद्र है, जो आधुनिक डिजिटल तकनीकों के माध्यम से भारत के जनजातीय इतिहास को जीवंत करता है।

यह संग्रहालय देशभर में स्थापित किए जा रहे 11 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों में से एक है, जिसे 1 नवम्बर 2025 को राष्ट्र को समर्पित किया गया। लगभग 9.75 एकड़ क्षेत्र में फैले और ?53.13 करोड़ की लागत से विकसित इस संग्रहालय में 650 से अधिक मूर्तियां, आधुनिक डिजिटल गैलरियाँ, होलोग्राम, 3डी प्रोजेक्शन तथा इंटरएक्टिव एआई-आधारित प्रदर्शनी प्रणाली स्थापित की गई हैं।

संग्रहालय में आगंतुकों को जनजातीय विद्रोहों की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक झलकियाँ देखने को मिलती हैं – जिनमें हल्बा विद्रोह, पारलकोट आंदोलन, भूमकाल क्रांति तथा रानी चो-रिस आंदोलन जैसी उल्लेखनीय घटनाएं शामिल हैं। संग्रहालय में 1857 के क्रांतिकारी वीर शहीद वीर नारायण सिंह को विशेष श्रद्धांजलि दी गई है, साथ ही झाड़ा सिरहा जैसे अल्पज्ञात वीरों की शौर्यगाथा भी प्रदर्शित की गई है, जिन्होंने 1825 के पारलकोट आंदोलन का नेतृत्व किया था। स्वतंत्रता आंदोलन से आगे बढ़ते हुए, संग्रहालय की 14 थीम आधारित गैलरियाँ जनजातीय जीवन की मूल आत्मा को प्रदर्शित करती हैं।

मरईगुड़ा वन में प्रशासन की त्वरित कार्रवाई ने टाल दी बड़ी घटना

- फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा, कुशल प्रशासनिक समन्वय की ग्रामीणों ने की सराहना

सुकमा/नवप्रदेश। कोंटा विकासखंड के मरईगुड़ा वन गांव में गुरुवार को शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भीषण आग ने तीन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों के बीच सिलेंडर फटने की आशंका से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, सुकमा जिला प्रशासन की तत्परता, संवेदनशीलता और कुशल समन्वय ने न केवल स्थिति को नियंत्रित किया, बल्कि एक बड़ी जान-माल की हानि को भी टाल दिया।

कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल हुई कार्रवाई

जैसे ही जिला प्रशासन को इस गंभीर घटना की सूचना मिली, कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने तत्काल अधिकारियों को सक्रिय होने का निर्देश दिया। एसडीएम श्री सुभाष शुक्ला के मार्गदर्शन में, आपदा प्रबंधन तंत्र ने तुरंत पड़ोसी राज्य तेलंगाना के भद्राचलम से फायर ब्रिगेड को मदद के लिए बुलाने का निर्णय लिया। यह त्वरित और सीमा-पार समन्वय ही आपदा को नियंत्रित करने में निर्णायक साबित हुआ।

तहसीलदार ने संभाला मोर्चा

मौके पर तहसीलदार कोंटा श्री गिरीश निंबालकर स्वयं पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य का नेतृत्व किया। फायर ब्रिगेड के समय पर पहुंचने और ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से आग की लपटों पर जल्द ही पूरी तरह काबू पा लिया गया।

तत्काल आर्थिक सहायता

प्रत्येक प्रभावित परिवार को जिला प्रशासन के द्वारा 10,000 की सहायता राशि प्रदान की गई। मौके पर ही खाद्यान्न और अन्य आवश्यक राहत सामग्री तुरंत वितरित की गई। प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित अस्थायी आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

आगे की कार्यवाही

प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मौके पर ही पंचनामा तैयार कर लिया गया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द पूर्ण और स्थायी राहत मिल सके।

2739 धान खरीदी केंद्रों में 25 लाख से अधिक पंजीकृत किसानों का धान खरीदा जाएगा

राज्य में धान खरीदी उत्सव की सभी तैयारी पूर्ण

- सहकारी बैंकों के माध्यम से त्वरित भुगतान की व्यवस्था
- मार्कफेड नोडल एजेंसी, 40 करोड़ से अधिक का भुगतान करना होगा किसानों को
- 15 और 16 नवंबर अवकाश होने के कारण 17 से शुरू होगी खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। छग में धान खरीदी उत्सव 15 नवंबर से शुरू हो रहा है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार 15 और 16 को अवकाश होने के कारण यह खरीदी 17 से शुरू होगी। शासन ने मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। राज्य में करीब 25 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है। समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिए मार्कफेड 40 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान करेगा। प्राथमिक सहकारी समितियों के प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर चले गये हैं। जिसके चलते धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना है।

अपेक्स बैंक, मार्कफेड एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में धान खरीदी उत्सव सबसे बड़ा उत्सव है जो कि 15 नवंबर से शुरू हो रहा है। राज्य सरकार के खाद्य विभाग द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए पैसा दिया जाता है वहीं सहकारिता विभाग के समितियों द्वारा धान खरीदी एवं परिवहन सहित अन्य कार्य किया जाता है जिले के कलेक्टर इसके मॉनिटरिंग करते हैं। कुल मिलाकर यह कार्य सबसे बड़ा कार्य है जिसमें सरकार का एक तिहाई बजट लग जाता है।

2739 धान उपार्जन खरीदी केंद्र बनाये गये

राज्य में 25 लाख किसानों का पंजीयन हो चुका है यह पंजीयन एग्रीटेक पोर्टल के माध्यम से किया गया है जो कि राजस्व विभाग द्वारा प्रमाणित किया जाता है। राज्य में मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है जिसमें समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने के लिए करीब 40 करोड़ से अधिक की राशि लोन ली है। मार्कफेड के द्वारा ही धान का भंडारण परिवहन किया जाता है। कलेक्टर के माध्यम से सभी टेंडर जारी किये गये है हमालों की भर्ती तथा अन्य कार्य कर लिये गये है। राइस मिलरों के पास धान भेजे जाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। खाद्य विभाग ने राइस मिलरों धान की मिलिंग करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें धान से चावल बनाने के बाद सेंटर पूल में इसे देना होता है जबकि स्टेट पूल मे शेष चावल जमा किया जाता है जिसमें से बचे चावल को गरीबों को दो रुपये किलो में बांटा जाता है। एफसीआई और राज्य सरकार चावल तथा धान को लेकर आमने सामने हो जाते है जिसके कारण पेंच लग जाता है।

सहकारी समितियों के कर्मचारी हड़ताल पर

अपेक्स बैंक के अनुसार धान खरीदी के बाद तत्काल भुगतान करने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। जिसके तहत बिलासपुर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर से धान का भुगतान किसानों को किया जाएगा। धान खरीदी के लिए किसानों का एंग्रीटेक पोर्टल होना अनिवार्य है। राज्य के केंद्रीय सहकारी बैंक के पदाधिकारी के अनुसार समिति प्रबंधकों को नोटिस दे दी गई है कि वे काम पर लौटे। रायपुर में सहकारी समिति के प्रबंधकों को धरना प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई है। जिसके चलते सहकारी समिति के कर्मचारी उग्र हो गये है। कर्मचारियों ने नियमितकरण करने शेष भुगतान एवं धान के सुखा पड़त के संबंध में जानकारी देने को कहा है। राज्य में इस समय विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में धान की आवक शुरू नहीं हो पा रही है इस वर्ष पानी काफी गिरा है जिसके कारण खेत गिले है। यहां पर हारवेस्टर नहीं उतर पा रहे है। किसान भी अपने हाथों से धान की कटाई नहीं कर पा रहे है। जल्द पकने वाली फसलें काटी जा रही है। धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रानिक तराजू एवं एक लाख गठान बोरों की व्यवस्था की जा रही है।

15 लाख गबन करने वाला मैनेजर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अपनी ही कंपनी के लाखों रुपए गबन करने वाले को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपी के खिलाफखमतराई थाने में केस दर्ज था। पुलिस के मुताबिक भूटानी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का उरकुरा गोवर्धन नगर में ब्रांच है। यहां मैनेजर के रूप में संदीप कुमार कश्यप कार्य करता था।

IPLUS Security System
CCTV CAMERA
SALES & SERVICE

हमारे यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।
हमारे यहॉ सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।
MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)
Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com